CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 21°C
न्यूनतम : 10°C

हल्द्वानी, शुक्रवार 20 फरवरी 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 176 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 2 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




कौशल विभाग से सीधी सरकारी नौकरी नहीं: कपिल देव अग्रवाल पेज 2



जिम्बाब्वे ने श्रीलंका को भी हराया, ग्रुप स्टेज के चारों मैच जीते खेल टाइम्स



एआई : जीवनसाथी या रचनात्मकता का शत्रु सम्पादकीय



ईरान पर इसी हफ्ते हमला करेगा अमेरिका! पेज 12

## दूसरा रोज़ा

### रोज़ा ईमान की कसावट



रोजा ईमान की कसावट है। रोजा सदाकत की तरावट और दुनियावी ख्वाहिशों पर रुकावट है। दिल अल्लाह के जिक्र की ख्वाहिश कर रहा है, तो रोजा इस ख्वाहिश को रवानी देता है और ईमान को नेकी की खाद और पाकीजगी का पानी देता है, लेकिन रोजा रखने पर दिल दुनिया की ख्वाहिश करता है, तो रोजा इस पर रुकावट पैदा करता है। मुकद्दस रमजान में अल्लाह का फरमान है, कुरआन पाक के मानने वालों रोजा तुम पर फर्ज है।

# चेन्नई में 15 अरब डॉलर के AI हब का ऐलान

## भारत में बदलाव की रफ्तार अद्भुत, एआई समिट में बोले गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने भारत की तेजी से बदलती तस्वीर पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि भारत लौटना हमेशा खास होता है, क्योंकि हर दौरे में उन्हें देश में हो रहे बदलाव की रफ्तार और भी तेज नजर आती है।

पिचाई ने कहा कि देशभर में टेक्नोलॉजी और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर परिवर्तन हो रहा है, जो भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दे रहा है। अपने छात्र जीवन की यादें साझा करते हुए उन्होंने बताया कि जब वे आईआईटी खड़गपुर में पढ़ाई के दौरान विशाखापत्तनम से होकर गुजरते थे, तब वह एक साधारण तटीय शहर था। आज वही शहर वैश्विक एआई हब के रूप में उभर रहा है। पिचाई ने घोषणा करते हुए कहा कि गूगल वहां 15 अरब डॉलर के निवेश के तहत एक फुल-स्टैक -शेष पृष्ठ दो पर

### अगले सात साल में 10 लाख करोड़ का निवेश करेंगे: मुकेश अंबानी



**नई दिल्ली।** एआई इंपैक्ट समिट में भारत के अरबपति उद्योगपति मुकेश अंबानी ने भी बड़े ऐलान किए। उन्होंने कहा कि एआई का सबसे अच्छा दौर आना अभी बाकी है। एआई कई क्षेत्रों में नए दौर की शुरुआत कर सकता है। उन्होंने कहा कि दुनिया इस बात पर बहस कर रही है कि क्या एआई के कारण ताकत कुछ लोगों के हाथों में सिमट जाएगी। या एआई सभी के लिए मौके और सबके लिए आसान अवसर का माध्यम बनेगा। उन्होंने मौजूदा दौर में कृत्रिम बुद्धिमता के असर को रेखांकित करते हुए कहा कि आज एआई को लेकर दुनिया दोराहे पर खड़ी है।

### इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में भाषण नहीं देंगे बिल गेट्स



**नई दिल्ली।** 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' में वैश्विक तकनीकी हस्तियों की भागीदारी के बीच माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने अपना निर्धारित मुख्य भाषण रद्द कर दिया है। गेट्स फाउंडेशन ने एक्स पर जानकारी दी है कि समिट में उनके स्थान पर फाउंडेशन के अफ्रीका और भारत कार्यालयों के अध्यक्ष अंकुर वोरा सम्मेलन में प्रतिनिधित्व करेंगे और संबोधन देंगे। यह निर्णय ऐसे समय में आया है जब हाल में जारी दस्तावेजों में दिवंगत अमेरिकी वित्तीय कारोबारी जेफ्री एपस्टीन से गेट्स के कथित जुड़े होने के संबंध में ईमेल संवाद उजागर हुआ है।

# डीपफेक रोकने के लिए एआई कंटेंट पर लेबल लगे: पीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के चौथे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एआई के सुरक्षित इस्तेमाल का नया फार्मूला दिया। पीएम ने कहा कि जैसे खाने के पैकेट पर न्यूट्रिशन लेबल होता है, वैसे ही डिजिटल कंटेंट पर भी ऑथेंटिसिटी लेबल होना चाहिए, ताकि फर्क पता चल सके।

समिट को गुरुवार को नरेंद्र मोदी और मुकेश अंबानी के अलावा गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई और ओपन एआई के सैम ऑल्टमैन जैसे लीडर्स ने संबोधित किया। 16 फरवरी से शुरू समिट 20 फरवरी तक चलेगी। इसमें आज 110 से ज्यादा देश, 20 से ज्यादा देशों के प्रमुख और करीब 100 सीईओ और फाउंडर्स शामिल हुए हैं।

- **एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में प्रधानमंत्री ने एआई के सुरक्षित इस्तेमाल का नया फॉर्मूला दिया**




# फ्री खाना मिलेगा, तो लोग काम क्यों करेंगे: सुप्रीम कोर्ट

## अदालत ने कहा: मुफ्त बिजली-पानी देने से काम करने की आदत खत्म हो जाएगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को फ्रीबीज कल्चर (मुफ्त की रेवड़ियां) पर कहा कि अगर सरकार लोगों को सुबह से शाम तक फ्री खाना, गैस और बिजली देती रहेगी, तो लोग काम क्यों करेंगे। ऐसे तो काम करने की आदत खत्म हो जाएगी। सरकार को रोजगार देने पर फोकस करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को कड़ी फटकार लगाई है।

दरअसल, राज्य सरकार ने कुछ समुदायों के लिए बिजली टैरिफ में सब्सिडी स्कीम की घोषणा की थी। कोर्ट ने कहा कि गरीबों की मदद करना समझ में आता है, लेकिन बिना फर्क किए सबको मुफ्त सुविधा देना सही नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड की याचिका पर सुनवाई करते हुए की। इसमें कंज्यूमर्स की फाइनेंशियल हालत की परवाह किए बिना सभी को फ्री बिजली देने का प्रस्ताव था। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि देश के ज्यादातर राज्य राजस्व घाटे में हैं और फिर भी वे विकास को नजरअंदाज करते हुए मुफ्त की घोषणाएं कर रहे हैं। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि आपको लोगों के लिए रोजगार के रास्ते बनाने चाहिए, ताकि वे कमा सकें और अपनी इज्जत और आत्म सम्मान बनाए रख सकें। जब उन्हें एक ही जगह से सब कुछ मुफ्त मिल जाएगा, तो लोग काम क्यों करेंगे। क्या हम ऐसा ही देश बनाना चाहते हैं? अचानक चुनाव के आसपास स्कीम क्यों अनाउंस की जाती हैं? अब समय आ गया है कि सभी पॉलिटिकल पार्टियां, नेता फिर से सोचें। अगर हम इस तरह से उदारता दिखाते रहे, तो हम देश के डेवलपमेंट में रुकावट डालेंगे। एक बैलेंस होना चाहिए। ऐसा कब तक चलेगा। हम भारत में कैसी संस्कृति विकसित कर रहे हैं, यह समझ में आता है कि कल्याणकारी योजना के तहत आप उन लोगों को राहत दें, जो बिजली का बिल नहीं चुका सकते। जो लोग भुगतान करने में सक्षम हैं और जो नहीं हैं, उनके बीच कोई फर्क किए बिना मुफ्त सुविधा देना क्या तुष्टीकरण की नीति नहीं है। सुप्रीम कोर्ट तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉरपोरेशन की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। कंपनी ने 2024 के विद्युत संशोधन नियमों के नियम 23 को चुनौती दी है। इसमें उपभोक्ताओं की आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना सभी को मुफ्त बिजली देने का प्रस्ताव है। राज्य सरकार घरेलू उपभोक्ताओं को हर दो-महीने में लगभग 100 यूनिट तक मुफ्त बिजली देती है, बिना किसी शर्त के यानी उपभोक्ता चाहे कितना भी खर्च करे, पहली 100 यूनिट के लिए बिल नहीं देना होता। कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार और अन्य पक्षों को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने यह भी पूछा कि बिजली दरों की घोषणा के बाद तमिलनाडु की कंपनी ने अचानक मुफ्त बिजली देने का फैसला क्यों किया।

**फ्रीबीज कल्चर को लेकर शीर्ष अदालत ने कहा लोगों को रोजगार दें सरकारें**



### पांच मई से सीएए मामले में अंतिम सुनवाई होगी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) 2019 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली 200 से ज्यादा याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई 5 मई से शुरू होगी।

बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ताओं को अपनी दलील रखने के लिए डेढ़ दिन और केंद्र सरकार को एक दिन का समय दिया जाएगा। अदालत ने बताया कि सुनवाई 12 मई तक पूरी कर ली जाएगी इनमें इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) की याचिका भी शामिल है।

- **याचिकाकर्ताओं को अपनी दलील रखने के लिए डेढ़ दिन और केंद्र सरकार को एक दिन का समय मिलेगा**

# उत्तराखंड हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**उच्च न्यायालय को त्वरित खाली कराया गया** | **जांच पड़ताल में कुछ भी नहीं मिला संदिग्ध**



**नैनीताल।** उत्तराखंड के विभिन्न अदालतों में आरडीएक्स रखे होने के धमकी भरे मेल पिछले तीन-चार दिन से लगातार मिल रहे हैं। गुरुवार को इसी तरह का एक मेल उत्तराखंड हाईकोर्ट भी पहुंचा, जिसमें कोर्ट परिसर को खाली करने अल्टीमेटम दिया गया था, साथ ही दोपहर के समय विस्फोट किए जाने की धमकी दी गई। इस धमकी के कारण गुरुवार को पूर्वान्ह में कोर्ट का कामकाज रोकना पड़ा।

बता दें कि गुरुवार की पूर्वान्ह में इस मेल की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधिकारी-कर्मचारी समेत बम निरोधक दस्ते समेत डॉग स्क्वाड आदि के साथ मौके पर पहुंचे, जिसके बाद कोर्ट रूम खाली कराए गए और हाईकोर्ट के सभी प्रमुख गेटों पर पुलिस बल तैनात कर हाईकोर्ट में प्रवेश कर रहे लोगों की गहन तलाशी ली गई। इस दौरान हाईकोर्ट के अधिवक्ता बार सभागार के बाहर व मंदिर के सामने प्रांगण में जमा रहे। डॉग स्क्वाड व बम निरोधक दस्ते ने सभी कोर्ट सहित रजिस्ट्री ऑफिस व अन्य अनुभागों का गहन छानबीन की लेकिन छानबीन में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। वहीं, हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल ने इस धमकी के बाद हाईकोर्ट परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने पैवेलियन होटल से गेट नंबर 7 तक सड़क किनारे लंबे समय से खड़े वाहनों को हटाने को कहा, ताकि आपातकालीन स्थिति में सड़क में आवागमन सामान्य हो, उनके साथ हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश चंद्र सिंह रावत, महासचिव सौरभ अधिकारी तथा हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार सहित अन्य अधिवक्ता भी शामिल थे। हाईकोर्ट में बलास्ट किये जाने का धमकी भरा ई-मेल प्राप्त होने के बाद हाईकोर्ट में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है।

### आईजी दिखीं एक्टिव मोड में

**नैनीताल।** आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने बताया कि हाईकोर्ट में धमकी भरा ई-मेल प्राप्त होने के बाद बम निरोधक दस्ते व डॉग स्क्वाड द्वारा की गई गहन छानबीन ने कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

हाईकोर्ट में स्थानीय पुलिस के साथ ही एसटीएस तथा पीएसी तैनात की गई है। अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के धमकी भरे मेल पिछले कई दिनों से नैनीताल जिले के अलावा अल्मोड़ा, बागेश्वर तथा पिथौरागढ़, चंपावत, उत्तरकाशी, देहरादून व हरिद्वार में भी आए हैं। बताया कि सभी ईमेल पर विधित कार्यवाही चल रही है और एसटीएफ की टीम आईपी एड्रेस ट्रेस करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित किए हुए है, जिसमें अब तक मिले तथ्यों में ये मेल विदेशों से भी आई हैं, जिनका गहनता से परीक्षण किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली सहित 22 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर की घोषणा

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गुरुवार को देशभर में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की घोषणा कर दी है। चुनाव आयोग के सचिव पवन दीवान ने उत्तराखंड, दिल्ली समेत 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) को लेटर लिखकर एसआईआर से जुड़ी तैयारी का काम जल्द से जल्द पूरा करने के लिए कहा है। चुनाव आयोग ने लेटर में बताया कि दिल्ली, कर्नाटक सहित शेष 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों मेंएसआईआर प्रक्रिया अप्रैल से शुरू होने की उम्मीद है। लेटर में आगे कहा गया है कि चुनाव आयोग ने पिछले साल 24 जून को आदेश दिया था कि पूरे देश मे एसआईआर किया जाएगा।

### कुलदीप सेंगर और सीबीआई समेत सभी दोषियों को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्नाव हिरासत में मौत मामले में कुलदीप सिंह सेंगर और सीबीआई समेत सभी दोषियों को नोटिस जारी किया है। उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता ने कुलदीप सिंह सेंगर समेत दोषियों की सजा बढ़ाने की मांग करते हुए अर्जी दाखिल की थी। दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्नाव हिरासत में मौत मामले में एक सख्त कदम उठाया है। कोर्ट ने इस मामले में कुलदीप सिंह सेंगर और सीबीआई सहित सभी दोषियों को नोटिस जारी किया है।

# कांग्रेस का दावा: राहुल गांधी को मिली गोली मारने की धमकी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- **पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने करणी सेना के कार्यकर्ता का वीडियो शेयर किया**
- **आरोपी कोटा राजस्थान से पकड़ा गया**

**नई दिल्ली।** करणी सेना के एक कार्यकर्ता ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी दी है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने गुरुवार को यह दावा किया। उन्होंने धमकी वाला वीडियो भी सोशल मीडिया एक्स पर शेयर किया है।

पवन खेड़ा ने लिखा कि पूरा आरएसएस-भाजपा तंत्र एक गोडसे फैक्ट्री है। तथाकथित करणी सेना द्वारा राहुल गांधी और '25 सांसदों' के खिलाफ दी गई धमकी कोई अलग-थलग पड़ी घटना नहीं है। यह एक सुनियोजित और कपटपूर्ण साजिश का हिस्सा है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि कट्टरपंथ ऐसे ही काम करता है। वे पहले एक झूठ बनाते हैं, पॉलिटिकल अथॉरिटी उसे आगे बढ़ाती हैं और तब तक फैलाती हैं, जब तक उनके फालोअर्स के मन में नफरत और हिंसा नहीं भर जाती। तब भी गोडसे बनाया गया था। आज फिर एक और गोडसे को तैयार किया जा रहा है। वीडियो सामने आने के बाद कोटा पुलिस ने आरोपी राज आमेरा को पकड़ लिया है। न्यूज एजेंसी के रिपोर्टर ने राजा आमेरा से बात की। उसने कहा कि मुझे वीडियो की जानकारी नहीं है। विपक्ष ने फेक आईडी बनाकर वीडियो बनाया है। मैं सनातन से जुड़ा हुआ हूं। देश को हिंदू राष्ट्र बनाना चाहता हूं। पुलिस के पकड़ने पर आमेरा ने हाथ जोड़कर कहा कि मुझे वीडियो के बारे में कोई जानकारी नहीं है। वीडियो में खुद को करणी सेना का बताते हुए शख्स ने संसद में ओम बिरला के चैंबर में हुई घटना का जिक्र किया। शख्स की पहचान राज आमेरा के रूप में हुई है। वह कोटा के उद्योग नगर का है। करणी सेना का संभागीय प्रवक्ता है। करीब 3 दिन पहले ही प्रवक्ता बनाया गया है। राज आमेरा ने कहा कि ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष के 25 सांसदों ने जो बदतमीजी की है। वह बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस सब के पीछे राहुल गांधी जिम्मेदार हैं। मैं चेतावनी देता हूं अगर दोबारा ऐसी घटना हुई तो उन 25 सांसदो के घर में तोड़फोड़ करेंगे और राहुल गांधी सुन लें उनके घर में घुसकर गोली मारेंगे। इसका जिम्मेदार प्रशासन होगा। मेरी मांग है कि उन 25 सांसदों पर कार्रवाई हो। मोदी सरकार में मंत्री किरेन रिजिजू को जो बयान सामने आया, उसे सुनने के बाद हम लोग काफी गुस्से में हैं। मेरी इस धमकी के बाद अगर मुझे जेल हो जाए, तो मुझे कोई दिक्कत नहीं है। पवन खेड़ा ने धमकी वाला वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि पहले किरेन रिजिजु ने झूठ बोला। उन्होंने देश को गुमराह किया कि कांग्रेस सांसदों ने लोकसभा में ओम बिरला का अपमान किया। फिर भाजपा सांसदों ने यह दोहराना शुरू किया कि राहुल गांधी भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं।

# गगनयान मिशन के ड्रोग पैराशूट का क्वालिफिकेशन टेस्ट सफल

**नई दिल्ली।** भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए ड्रोग पैराशूट का क्वालिफिकेशन लेवल लोड टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा हुआ।

क्वालिफिकेशन लेवल टेस्ट में अधिकतम उड़ान भार से ज्यादा लोड डालकर पैराशूट की मजबूती और सुरक्षा मार्जिन की जांच की गई। इस टेस्ट के बाद पक्का हुआ कि भारत मजबूत और बड़ी क्षमता वाले रिबन पैराशूट को डिजाइन और बनाने में पूरी तरह सक्षम है। साथ ही पैराशूट असली मिशन जैसी परिस्थितियों में भी सुरक्षित और ठीक तरह से काम करेगा। गगनयान मिशन में अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाने के लिए ड्रोग पैराशूट बहुत जरूरी है। जब कैप्सूल पृथ्वी के वातावरण में लौटता है, तो यही पैराशूट उसकी तेज गति को कम करने में मदद करता है। यह टेस्ट बुधवार (18 फरवरी) को चंडीगढ़ स्थित टर्मिनल बैलिस्टिक्स रिसर्च लेबोरेटरी (टीबीआरएल) की रेल ट्रैक राकेट स्लेड सुविधा में किया गया।

- **डीआरडीओ ने ज्यादा लोड डालकर किया चेक, ये एस्ट्रोनाट्स की धरती पर वापसी में जरूरी**

## संक्षिप्त समाचार

### दोनों उपमुख्यमंत्रियों ने की संघ प्रमुख भागवत से मुलाकात

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्रियों केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक से भी अलग-अलग मुलाकात की। हालांकि इसे औपचारिक शिष्टाचार भेंट बताया जा रहा है, लेकिन प्रदेश में संभावित मंत्रिमंडल विस्तार और संगठनात्मक फेरबदल की चर्चाओं के बीच इन मुलाकातों ने राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी है। सूत्रों के अनुसार संघ प्रमुख ने गुरुवार सुबह दोनों नेताओं से करीब 10-10 मिनट तक अलग-अलग मुलाकात की। इससे पहले बुधवार रात करीब आठ बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी लखनऊ के निराला नगर स्थित संघ कार्यालय परिसर में पहुंचकर संघ प्रमुख से भेंट की।

### मैच में मधुमक्खियों का हमला, अंपायर की जान गई

**उन्नाव।** कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन के वरिष्ठ अंपायर मानिक गुप्ता की क्रिकेट मैच के दौरान मधुमक्खियों के हमले में मौत हो गई। मानिक गुप्ता केडीएम लीग के मुक.ाबले में अंपायरिंग कर रहे थे। क्रिकेट मैच के दौरान मधुक्खियों के एक झुंड ने अंपायर और खिलाड़ियों को पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों के हमले से चपेट में आए कई अन्य खिलाड़ियों के घायल होने की खबर हैं। उन्नाव जिले में शुक्लागंज मे स्थित सप्रू मैदान पर क्रिकेट का लीग मैच खेला जा रहा था। मैच के दौरान ही अचानक मधुमक्खियों के एक झुंड ने हमला कर दिया। सफेद कपड़ों में होने के कारण मधुमक्खियों ने अंपायर मानिक गुप्ता और जगदीश शर्मा को सबसे ज्यादा निशाना बनाया।

### विपक्ष ने भर्ती, आईटीआई और निवेश नीति पर योगी सरकार को घेरा

# भर्तियों में बड़े स्तर पर किया गया भ्रष्टाचार

शाह टाइम्स ब्यूरो




■ युवाओं और किसानों को लगातार किया जा रहा गुमराह

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में गुरुवार को भर्ती प्रक्रिया, आईटीआई संच.ालन और निवेश नीति को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली।

समाजवादी पार्टी के विधायक संग्राम सिंह यादव ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोक सेवा आयोग और अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की भर्तियों में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है। उनका कहना था कि युवाओं और किसानों को लगातार गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को बाबा साहेब के संविधान पर भरोसा नहीं है और भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित की जानी चाहिए। वहीं कांग्रेस विधायक दल की नेता आराधना मिश्रा ने प्रदेश में आईटीआई संचालन को लेकर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि आईटीआई को चलाने के लिए अपनाए गए पीपीपी मॉडल के कारण गरीब छात्रों पर महंगी फीस का बोझ बढ़ रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सरकार इस फैसले पर पुनर्विचार करेगी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को राहत देने के लिए कोई ठोस कदम उठाएगी। आराधना मिश्रा ने यह भी कहा कि कई जिलों में आईटीआई भवन बनकर तैयार हैं, लेकिन उनका संचालन शुरू नहीं हो पाया है। इससे विद्यार्थियों को कक्षाओं के लिए जिला मुख्यालय तक लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। इस पर सरकार की ओर से जवाब दिया गया कि जहां संस्थान संचालित नहीं हो रहे हैं, वहां शीघ्र ही स्टाफ की भर्ती कर उन्हें चालू किया जाएगा। निवेश से जुड़े सवालों पर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश को निवेशकों का पसंदीदा गंतव्य बनाने के लिए सरकार ने 32 से अधिक औद्योगिक नीतियां बनाई हैं। इन नीतियों के तहत निवेश प्रस्तावों पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना की जा रही है और पिछड़े जिलों विशेषकर पूर्वांचल और बुंदेलखंड को प्राथमिकता दी गई है।

### छह वर्षों तक बिजली दरों में एक भी पैसा वृद्धि नहीं: ऊर्जा मंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा की कार्यवाही के दौरान गुरुवार को ऊर्जा मंत्री अरविद कुमार शर्मा ने समाजवादी पार्टी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि सपा सरकारों ने प्रदेश को 'बीमारू' बनाकर रखा था। उन्होंने दावा किया कि वर्तमान सरकार के प्रयासों से प्रदेश में प्रति व्यक्ति बिजली खपत 724 यूनिट तक पहुंच गई है, जो अब तक का उच्च स्तर है। प्रदेश के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है जब लगातार छह वर्षों तक बिजली दरों में एक भी पैसा वृद्धि नहीं की गई। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि यह पहली बार है जब गरीब उपभोक्ताओं को बकाया बिल जमा करने पर 25 प्रतिशत तक की छूट दी गई। साथ ही किसानों के बिजली बिल भी माफ किए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार के सभी निर्णय जनता, विशेषकर पिछड़े वर्गों और पिछड़े क्षेत्रों के विद्युतीकरण को ध्यान में रखकर लिए जा रहे हैं।

## कौशल विभाग से सीधी सरकारी नौकरी नहीं: कपिल

शाह टाइम्स ब्यूरो




■ प्रतियोगी परीक्षाओं से ही होती है नियुक्ति

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने विधानसभा में प्रश्नों का उत्तर देते हुए स्पष्ट किया कि कौशल विकास विभाग के अंतर्गत सीधी सरकारी नौकरी देने का कोई प्रावधान नहीं है।

उन्होंने कहा कि सरकारी सेवाओं में नियुक्ति प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से ही होती है और यही व्यवस्था सभी शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण संस्थानों पर समान रूप से लागू है। मंत्री अग्रवाल ने बताया कि विभाग का मुख्य फोकस युवाओं को उद्योगों की मांग के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार योग्य बनाना है। विभिन्न औद्योगिक संगठनों और इंडस्ट्री एसोसिएशनों के साथ नियमित समन्वय स्थापित कर प्रशिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में अवसर दिलाने की दिशा में काम किया जा रहा है। प्रशिक्षण साझेदारों को लक्ष्य दिया गया है कि कम से कम 70 प्रतिशत प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ा जाए। उन्होंने बताया कि युवाओं को रोजगार से सीधे जोड़ने के लिए प्रत्येक नोडल आईटीआई में मासिक रोजगार मेले आयोजित किए जाते हैं, जबकि प्रत्येक तीन माह पर मंडल स्तरीय रोजगार मेले आयोजित होते हैं। इसके अलावा पूरे प्रदेश में पांच बड़े रोजगार मेलों के आयोजन की भी योजना है, जिनमें प्रतिष्ठित कंपनियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। अग्रवाल ने कहा कि सरकार का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना, उनका आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें हुनरमंद बनाकर रोजगार उपलब्ध कराना है। कौशल विकास योजनाओं के माध्यम से युवाओं को व्यापक अवसर प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## गाय को राज्य माता के दर्जे पर सीएम मौन: शंकराचार्य

वाराणसी, वार्ता



ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने गुरुवार को कहा कि 'गाय को राज्य माता घोषित करने' और 'गो-मांस निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध' की उनकी मुख्य मांगों पर 20 दिन बीत जाने के बाद भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी है।

विद्यामठ में पत्रकारों से बात.चीत करते हुए उन्होंने कहा कि इन मांगों को लेकर दिया गया 40 दिनों का अल्टीमेटम आधा बीत चुका है, लेकिन सरकार की ओर से ठोस पहल दिखाई नहीं दी। शंक.राचार्य ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा बटुकों के सम्मान से संबंधित टिप्पणी पर कहा कि ष्यह उनकी व्यक्तिगत भावना हो सकती है। बटुकों पर बल प्रयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। प्रयागराज की एक घटना को लेकर दोनों उपमुख्यमंत्रियों के बयानों के संबंध में पूछे गए प्रश्न पर उन्होंने कहा कि वे क्यों बोल रहे हैं और क्या कह रहे हैं, यह वही बेहतर जानते हैं। शंकराचार्य ने आरोप लगाया कि गोवंश की स्थिति पर सरकार की ओर से अपेक्षित संवेदनशीलता नहीं दिखाई गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की गोरक्षा के मुद्दे पर चुप्पी और अन्य विषयों पर मुखरता को लेकर संत समाज में सवाल उठ रहे हैं।

## एआई इम्पैक्ट समिट 2026 ने ग्रामीण महिला उद्यमियों के लिए नए मौके खोले

नई दिल्ली, वार्ता

■ शी लीड्स भारत से बढ़ रही महिलाओं की आय

राजधानी दिल्ली के भारत मंडपम में जारी इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में इस बात पर जोर दिया गया है कि कैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अलग-अलग क्षेत्रों में बदलाव ला रहा है, जिसमें जमीनी स्तर पर महिलाओं को मजबूत बनाने पर खास ध्यान दिया गया है।

इस समिट में दिखाया गया कि कैसे एआई के माध्यम से विभिन्न प्रकार की पहल ग्रामीण महिलाओं के लिए उद्यमिता की नई परिभाषा दे रही हैं, जिससे उन्हें भाषा, बाजार पहुंच और सीमित संसाधनों जैसी रुकावटों को दूर करने में मदद मिल रही है। इस संदर्भ में 'शी लीड्स भारत' संगठन उन ग्रामीण महिलाओं की आय बढ़ाने के लिए काम कर रहा है जो छोटे कारोबार चलाती हैं, इसके लिए वह उन्हें ढांचागत प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण सहायता दे रहा है। यह संगठन महिला उद्यमियों को अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म 'मेरी सहेली ऐप' पर ऑनबोर्ड कर सहायता प्रदान करता है, जहां उन्हें बेहतर कीमत, बेहतर मार्जिन और ऐसी सेवाओं तक पहुंच मिलती है जो गांव के स्तर पर आने वाली चुनौतियों का समाधान पेश करती हैं। 'शी लीड्स भारत' अभी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात समेत पांच राज्यों में सक्रिय है और इसके पास 40,000 महिला उद्यमियों का नेटवर्क है, जिन्हें 'सहेली' के नाम से जाना जाता है। इस पहल से महिलाओं के नेतृत्व वाले ग्रामीण एंटरप्राइजेज को मजबूत करने और एआई के जिम्मेदार और प्रयोगात्मक इस्तेमाल से समावेशी प्रगति को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। शी लीड्स भारत पहल से जुड़ी रुचि सिंह से बात की है जो वाराणसी जिले के सेवापुरी ब्लॉक के नवाहनीपुर गांव के अग्रणी बाजार की सहेली भी हैं। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र का हिस्सा है। रुचि एक स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की सक्रिय सदस्य भी हैं जो समुदाय उन्मुख उद्यमिता में उनके गहरे जुड़ाव को दिखाता है। अपने इस सफर में, रुचि डिजिटल उपकरण के कम इस्तेमाल से आगे बढ़कर अपने काम में स्मार्टफोन और एआई सक्षम प्लेटफॉर्म का आत्मविश्वास से इस्तेमाल करने लगी हैं। वह अपने गांव की दूसरी महिलाओं के लिए एक रोल मॉडल बन गई हैं, जो अब सलाह और प्रेरणा के लिए उनसे उम्मीद करती हैं।

### यमुना एक्सप्रेस-वे पर जापान सिटी और सिंगापुर सिटी के लिए 500-500 एकड़ भूमि प्रस्तावित

**लखनऊ।** यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (ईडा) ने जापान सिटी और सिंगापुर सिटी के विकास को लेकर औपचारिक प्रस्ताव शासन को भेज दिया है। 18 फरवरी को जारी पत्र में प्राधिकरण ने अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त को अवगत कराया है कि प्राधिकरण क्षेत्र में इन दोनों प्रस्तावित सिटीज के लिए भूमि चिन्हित कर ली गई है। प्राधिकरण के सीईओ आरके सिंह ने बताया कि इन दोनों सिटी को लेकर भूमि अधिग्रहण से संबंधित योजना तैयार कर ली गई है। योगी आधिकारिक प्रस्तावित जापान और सिंगापुर यात्रा के संदर्भ में प्राधिकरण क्षेत्र के अंतर्गत जापान सिटी और सिंगापुर सिटी के लिए क्षेत्र चिन्हित कर सूचना उपलब्ध कराए जाने की अपेक्षा की गई थी। इसी क्रम में प्राधिकरण ने सेक्टर-5ए और सेक्टर-7 को इन परियोजनाओं के लिए प्रस्तावित किया है। प्राधिकरण की महायोजना के अंतर्गत सेक्टर-7 और सेक्टर-5ए मल्टीपर्पज औद्योगिक क्षेत्र के रूप में नियोजित हैं। इन क्षेत्रों में औद्योगिक उपयोग न्यूनतम 70 प्रतिशत निर्धारित है। इसके साथ ही आवासीय उपयोग अधिकतम 12 प्रतिशत, वाणिज्यिक उपयोग अधिकतम 13 प्रतिशत तथा संस्थागत सुविधाएं न्यूनतम 5 प्रतिशत तक निर्धारित हैं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 82498.14

निफ्टी 25454.35



सोना रु. 156900
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 248297
प्रति किलो



## अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ने से सेंसेक्स 1,236 अंक लुढ़का

मुंबई, वार्ता



अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ने से घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को तेज गिरावट रही और बीएसई का सेंसेक्स 1,236.11 अंक (1.48 प्रतिशत) गिरकर 82,498.14 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 365 अंक यानी 1.41 प्रतिशत लुढ़ककर 25,454.35 अंक पर बंद हुआ।

चौतरफा बिकवाली के बीच मझौली और छोटी कंपनियों में भी गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.63 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.27 प्रतिशत उतर गया। ईरान के आसपास अमेरिका के सैन्य तैनाती बढ़ाने की खबरों से यूरो.पीय बाजारों के साथ घरेलू बाजार में भी निवेश धारणा प्रभावित हुई है। ऑटो, रियलटी और मीडिया समूहों के सूचकांक दो प्रतिशत से अधिक टूट गए। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, बैंकिंग, एफएमसीजी, आईटी, धातु और तेल एवं गैस समूहों में एक से दो प्रतिशत की गिरावट रही। सेंसेक्स की सभी कंपनियां लाल निशान में रहीं। इंडिगो का शेयर करीब सवा तीन फीसदी और महिंद्रा एंड महिंद्रा का लगभग तीन फीसदी नीचे बंद हुआ। अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट, बीईएल, अडानी पोर्ट्स, क्वालिटी वॉल, कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिद्रा और आईटीसी के शेयर दो से तीन प्रतिशत तक गिर गए। इटरनल, पावरग्रिड, हिंदुस्तान यूनीलिवर, टाटा स्टील, मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, एशियन पेंट्स, आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फिनसर्व, टाइटन, एलएंडटी और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच टूट गए। बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, सनफार्मा और टीसीएस में भी गिरावट रही।

### सोना 1.56 लाख के पार, चांदी 4,000 से ज्यादा महंगी

**नई दिल्ली।** सर्राफा बाजार में गुरुवार को बार फिर सोने-चांदी की कीमतों में चमक देखी गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर आज शुरुआती कारोबार में ही सोना-चांदी हरे निशान में ट्रेड कर रहे थे। वैश्विक संकेतों और घरेलू मांग के बीच आज सोना और चांदी दोनों ही बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं। 2 अप्रैल 2026 की एक्सपायरी वाला सोना 1,139.00 (0.73 प्रतिशत) की भारी बढ़त के साथ 1,56,900.00 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया है। चांदी की कीमतों में भी आज अच्छी तेजी है। 5 मार्च 2026 की एक्सपायरी वाली चांदी 4,029.00 (1.65 प्रतिशत) के रिकॉर्ड उछाल के साथ 2,48,297.00 प्रति किलो पर ट्रेड कर रही है। पिछले कुछ दिनों से लगातार सोने और चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। जानक.ारों के मुताबिक अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ने का असर सोने-चांदी की कीमतों पर पड़ सकता है। तनाव बढ़ने पर सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ सकती है और सोने-चांदी के भाव चढ़ सकते हैं। चांदी की कीमतों में आई तेजी ने निवेशकों को हैरान कर दिया है, लेकिन भारी उछाल के बावजूद चांदी अपने रिकॉर्ड स्तर से अब भी काफी दूर है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर आज चांदी2,48,297.00 प्रति किलो पर ट्रेड कर रही है।

## चावल, दालें मजबूत, गेहूं, चीनी नरम, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। दालों में भी तेजी रही। गेहूं और चीनी की कीमतों में गिरावट देखी गई, जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत पांच रुपये बढ़कर 3,859 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं का भाव 10 रुपये घटकर 2,852 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

आटा भी नौ रुपये सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 17 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंग दाल 12 रुपये और मसूर दाल 10 रुपये महंगी हुई। चना दाल का भाव नौ रुपये और उड़द दाल का चार रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 101 रिंगिट बढ़कर 4,117 रिंगिट प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.52 प्रतिशत की वृद्धि में 0.52 प्रतिशत की बढ़त में 59.41 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 64 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। पाम ऑयल के दाम 49 रुपये और सूरजमुखी तेल के 15 रुपये कम हुए। सरसों तेल भी 13 रुपये सस्ता हुआ। सोया तेल की कीमत 13 रुपये और वनस्पति की 26 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव नौ रुपये प्रति क्विंटल गिर गए। चीनी भी चार रुपये सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल.दलहन: दाल चना 7799.76 रुपये, मसूर काली 8110.59 रुपये, मूंग दाल 10148.45 रुपये, उड़द दाल 10692.65 रुपये, तुअर दाल 11119.02 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## भारत स्थापित करना चाहता है समतामूलक समुद्री व्यवस्था: राजनाथ

**विशाखापत्तनम।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को विशाखापत्तनम में बहुराष्ट्रीय नौसैनिक अभ्यास मिलन 2026 का उद्घाटन किया और कहा है कि भारत अंतर्राष्ट्रीय कानून और नौवहन की स्वतंत्रता पर आधारित एक समतामूलक समुद्री व्यवस्था स्थापित करना चाहता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि समुद्री चुनौतियों से निपटने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को मिलकर काम करना होगा। पारंपरिक खतरों के साथ-साथ उभरती चुनौतियां भी मौजूद हैं। समुद्री डकैती, समुद्री आतंकवाद, अवैध मछली पकड़ना, तस्करी, साइबर जोखिम और महत्वपूर्ण आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान जैसी समस्याएं गंभीर हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण प्राकृतिक आपदाएं बढ़ रही हैं, जिससे मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियानों की मांग भी बढ़ी है। राजनाथ सिंह ने कहा कि कोई भी एक नौसेना इन चुनौतियों से अकेले नहीं निपट सकती, इसलिए सहयोग अब विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय जल से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए युनाइटेड नेशंस कन्वेंशन ऑन द लॉ आफ द सी एक मजबूत कानूनी ढांचा प्रदान करता है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**चेन्नई में....** एआई हब स्थापित कर रहा है। इसमें बड़े पैमाने पर कंप्यूट इंफ्रास्ट्रक्चर और एक नया सबसी केबल गेटवे शामिल होगा। इस पहल से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और देश में एआई क्षमताओं का विस्तार होगा। समिट को संबोधित करते हुए पिचाई ने कहा कि डिजिटल खाई को एआई खाई में बदलने नहीं दिया जा सकता। इसके लिए कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी में निवेश जरूरी है। उन्होंने बताया कि गूगल अमेरिका और भारत के बीच चार नए सबसी फाइबर आप्टिक सिस्टम विकसित कर रहा है। यह पहल हाल ही में घोषित 'अमेरिका-इंडिया कनेक्ट' कार्यक्रम का हिस्सा है। पिचाई ने स्वीकार किया कि एआई कार्यक्षेत्र में बड़े बदलाव लाएगा। कुछ नौकरियां ऑटोमेट होंगी, कुछ भूमिकाएं बदलेंगी और कई नई करियर संभावनाएं जन्म लेंगी। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि 20 साल पहले प्रोफेशनल यू-ट्यूब क्रिएटर जैसी कोई अवधारणा नहीं थी, जबकि आज दुनिया भर में लाखों लोग इस क्षेत्र में काम कर रहे हैं। भारत 16 से 20 फरवरी तक इस समिट की मेजबानी कर रहा है। यह आयोजन 'लोग, धरती और तरक्की'- इन तीन प्रमुख सूत्रों पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का उद्घाटन किया। इस समिट में कई देशों और वैश्विक संस्थानों की भागीदारी रही, जो भारत की बहुपक्षीय सहयोग की नीति और एआई के जरिये वैश्विक चुनौतियों का समाधान खोजने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## सच से बहुत डरते हैं मोदी और भाजपा दोनों: कांग्रेस

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि मोदी तथा भारतीय जनता पार्टी सच से बहुत डरते हैं इसलिए उनकी पोल खोलते कई एआई वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म से हटा दिए गए हैं।

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी एआई पर बहुत बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, लेकिन असल में वह कृत्रिम बुद्धिमत्ता से थरथर कांपते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पिछले 6 हफ्तों में कांग्रेस के एआई से बने 9 वीडियो देश के प्रधानमंत्री उनके नेतृत्व वाली केंद्र और भाजपा शासित राज्य सरकारों ने डिलीट करवाए हैं। मैं साफ कर दूं कि ये सभी वीडियो कानून के तहत बने थे, जिनमें एआई डिस्क्लेमर थे। सभी वीडियो के पूरी अवधि में एआई सृजित लिखा था-जो दिखाता है कि हमने किसी को गुमराह करने की कोशिश नहीं की, लेकिन भाजपा और खुद प्रधानमंत्री मोदी सच से इतना डरते हैं कि वो सच के 'नाट्य रूपांतरण' से भी खौफ खाते हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि इस वीडियो में दिखाया गया है कि कैसे मोदी ने जनरल नरवणे और सेना को यह कहकर जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लिया- जो उचित समझो, वही करो। कैसे उन्होंने राष्ट्र हित की अनदेखी करते हुए, अमेरिका के साथ व्यापार समझौता किया है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे मोदी, एप्स्टीन की सलाह पर अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प को खुश करने में जुट गए और उन्होंने फिर कैसे अमेरिका के इशारे पर रूस से तेल खरीदना बंद किया। उन्होंने कहा कि इस वीडियो में दिखाया गया है कि कैसे श्री मोदी ने अमेरिका के किसानों को फायदा पहुंचाया और भारत के किसानों के हक की बलि चढ़ा दी और कैसे उन्होंने उद्योगपति अडानी पर अमेरिका में कसते कानूनी शि.कंजे से बौखलाकर ट्रम्प के आगे सरेंडर किया। उनका कहना था कि वीडियो में यह भी दिखाया गया है कि कैसे मोदी तीन महिला सांसदों से डरकर, सदन छोड़कर भाग गए। वीडियो में जो कुछ दिखाया गया है इनमें से कोई भी बात काल्पनिक या गलत नहीं है। ए सारे वही मुद्दे हैं, जिस पर विपक्ष और पूरा देश सवाल पूछ रहा है, जो भारत के संसद में गूंज रहे हैं। कांग्रेस सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म की चेयरपर्सन ने बताया कि इस वीडियो में बताया गया था कि कैसे एआई वीडियो डिलीट करवाए जा रहे हैं और एआई वीडियो को डिलीट करने का आदेश भाजपा शासित राज्य सरकारों-बिहार, राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र- की पुलिस द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को भेजा गया। इनमें से कुछ एआई वीडियो को डिलीट करवाने का आदेश सीधे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के मंत्रालय से आया है।

### राहुल गांधी को करणी सेना की कथित धमकी पर भड़कीं कांग्रेस

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को करणी सेना के एक कथित कार्यकर्ता द्वारा गोली मारने की धमकी दिए जाने के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया है। कांग्रेस ने इस मामले को गंभीर सुरक्षा चूक बताते हुए केंद्र सरकार पर हमला बोला है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भाजपा और संघ परिवार के संगठनों ने जो माहौल बनाया है उसमें गांधी को संसद में बोलने तक नहीं दिया जा रहा है। विपक्ष के नेता का सम्मान नहीं किया जा रहा है। वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि करणी सेना के एक कार्यकर्ता ने गांधी और 25 सांसदों को मार डालने की धमकी दी है लेकिन इस पर अभी तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि यह अराजकता का स्पष्ट मामला है। उन्होंने आगे कहा कि हम जानते हैं कि अपने विपक्ष के नेता की रक्षा कैसे करनी है। राहुल गांधी भी जानते हैं कि अपनी रक्षा कैसे करनी है, उन्हें अपनी जान की कोई परवाह नहीं है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने भी इस मामले पर सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

# राज्यपाल की अनुमति के बाद बजट सत्र की अधिसूचना जारी

■ नौ मार्च से भराड़ीसैंण विधानसभा में होगा बजट सत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्यपाल ने उत्तराखंड की पंचम विधानसभा को उसके वर्ष 2026 के प्रथम सत्र के लिए 9 मार्च सुबह 11:00 से विधानसभा भवन भराड़ीसैण गैरसैंण जिला चमोली में बहुत करने की अनुमति दी है। विधानसभा सचिवालय की ओर से इस बारे में अधिसूचना जारी की गई है।

ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण स्थित भराड़ीसैंण विधानसभा में 9 से 13 मार्च तक बजट सत्र होगा। पिछले वर्ष भराड़ीसैंण विधानसभा भवन में मरम्मत कार्य के चलते प्रदेश सरकार ने देहरादून विधानसभा भवन में बजट सत्र आहूत किया था। कैबिनेट ने बजट सत्र की तिथि व स्थान तय करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अधिकृत किया था। मुख्यमंत्री ने पहले ही संकेत दिए थे बजट सत्र गैरसैंण में ही होगा। विधानसभा को अब तक पक्ष व विपक्ष के विधायकों से 500 से ज्यादा प्रश्न मिल चुके हैं। सत्र आहूत होने में अभी समय है, जिससे प्रश्नों की संख्या बढ़ सकती है। इसके अलावा सरकार की ओर से कई विधयेक, वार्षिक प्रतिवेदन रिपोर्ट पर सदन पटल पर रखे जाएंगे। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण पहले ही कह चुकी है कि भराड़ीसैंण विधानसभा में बजट सत्र कराने के लिए हमारी तैयारी पूरी है। विधानसभा सचिवालय के कर्मचारी व्यवस्थाओं में लगे हैं।

## गैरसैंण: 12 साल में केवल 10 सत्र, 35 दिन चली सदन की कार्यवाही

■ इस बार 9 से 13 मार्च तक होगा बजट सत्र

■ पहली बार साल 2014 में गैरसैंण में विधानसभा विशेष सत्र टेंट में किया गया था आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार ने आगामी विधानसभा बजट सत्र गैरसैंण के भराड़ीसैंण में स्थित विधानसभा भवन में आहूत करने का फैसला लिया है,जिसके लिए तिथियों का भी ऐलान कर दिया गया है। इसके तहत आगामी विधानसभा बजट सत्र 9 से 13 मार्च तक 5 दिवसीय सत्र आहूत होने जा रहा है।

पहली बार साल 2014 में गैरसैंण में विधानसभा विशेष सत्र टेंट में आयोजित किया गया था। जिसके बाद से पिछले 12 सालों में गैरसैंण में 35 दिनों तक सदन की कार्यवाही चली है। उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण जन भावनाओं से जुड़ा हुआ है।यही वजह है कि सरकारें जनता को साधने और जन भावनाओं को देखते हुए गैरसैंण में विधानसभा सत्र आहूत करने का निर्णय लेती रही है। उत्तराखंड के चमोली जिले के गैरसैंण में पहला विशेष विधानसभा सत्र 9 जून 2014 को आयोजित हुआ था, जो टेंट में आयोजित किया गया था।ये विशेष सत्र 9 से 11 जून 2014 तक चला। तत्कालीन मुख्यमंत्री हरीश रावत की सरकार ने इसे राज्य आंदोलनकारियों की मांग को



सम्मान देने के लिए गैरसैंण में सत्र आहूत किया था।

गैरसैंण में साल 2014 में पहला विधानसभा सत्र आहूत होने के बाद गैरसैंण में सत्र आहूत करना का सिलसिला शुरू हो गया। जिसके बाद से लगभग हर साल गैरसैंण में विधानसभा सत्र आहूत होता रहा। हालांकि, साल 2019 और साल 2022 में एक भी सत्र गैरसैंण में आहूत नहीं किया गया।लेकिन हर साल सत्र आहूत किया जाता रहा। साल 2014 के बाद साल 2015 में भी तत्कालीन हरीश रावत सरकार ने टेंट में 2 नवंबर 2015 को विधानसभा सत्र आहूत किया था। फिर गैरसैंण के भराड़ीसैंण में बने स्थायी विधानसभा भवन बनने के बाद पहला सत्र 17 नवंबर 2016 को आहूत हुआ था।इस विधानसभा सत्र को तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल ने ऐतिहासिक बताया था, क्योंकि इससे पहले गैरसैंण में दो सत्र टेंट में हो चुके थे।

### गैरसैंण में कब- कब हुआ विधानसभा सत्र

- 9 से 11 जून 2014 तक गैरसैंण में टेंट में विधानसभा विशेष सत्र आहूत हुआ था।
- 2 से 3 नवंबर 2015 तक गैरसैंण में टेंट में विधानसभा सत्र हुआ था।
- 17 से 18 नवंबर 2016 तक गैरसैंण के भराड़ीसैंण में बने स्थायी विधानसभा भवन में विधानसभा सत्र हुआ था।
- 7 से 8 दिसंबर 2017 तक भराड़ीसैंण विधानसभा भवन में सत्र हुआ था।
- 20 से 26 मार्च 2018 तक भराड़ीसैंण में बजट सत्र हुआ था।
- साल 2019 में भराड़ीसैंण विधानसभा भवन में कोई भी सत्र नहीं हुआ।
- 3 से 7 मार्च 2020 तक भराड़ीसैंण में बजट सत्र हुआ था।
- 1 से 6 मार्च 2021 तक भराड़ीसैंण में बजट सत्र हुआ था।
- साल 2022 में भराड़ीसैंण विधानसभा भवन में कोई भी सत्र नहीं हुआ।
- 13 से 16 मार्च 2023 तक भराड़ीसैंण में बजट सत्र आहूत हुआ था।
- 21 से 23 अगस्त 2024 तक भराड़ीसैंण में विधानसभा सत्र हुआ था।
- 19 से 20 अगस्त 2025 तक भराड़ीसैंण में विधानसभा सत्र आहूत हुआ था।

# नैन बाग और न्यायालयों को उड़ाने की धमकी से मचा हड़कंप

■ ई-मेल के बाद उत्तराखंड के सभी कोर्ट हाई अलर्ट पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में एक बार फिर अराजक तत्वों ने ई-मेल के जरिए दहशत फैलाने की को. शिश की है। नैन बाग (नैन लाख) क्षेत्र के साथ-साथ प्रदेश के कई महत्वपूर्ण न्यायालयों को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इस दो. हरी चुनौती के बाद शासन से लेकर प्रशासन तक में हड़कंप मच गया है। आनन-फानन में राजधानी समेत कई जिलों की सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बना दिया गया है।

**न्यायालयों की सुरक्षा बढ़ाई गई, सघन चेकिंग जारी:** धमकी भरे ई-मेल में उत्तराखंड के प्रमुख न्यायालयों को निशाना बनाने की बात कही गई है। इसके तुरंत बाद नैनीताल हाईकोर्ट समेत देहरादून, हरिद्वार और अन्य जिला न्यायालयों की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पुलिस ने अदालतों के प्रवेश द्वारों पर मेटल डिटेक्टर और सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

### निशाने पर देवभूमि के न्याय मंदिर

ई-मेल के जरिए देहरादून, नैनीताल और अन्य संवेदनशील इलाकों के न्यायालयों को बम से दहलाने की बात कही गई है।आईबी और स्थानीय इंटेलिजेंस यूनिट धमकी के पैटर्न की जांच कर रही है ताकि यह पता चल सके कि यह किसी की शरारत है या कोई बड़ी साजिश। कोर्ट परिसर में आने-जाने वाले हर वाहन और व्यक्ति की बारीकी से जांच की जा रही है। बिना पहचान पत्र के प्रवेश वर्जित कर दिया गया है

### आरोपी जल्द होंगे सलाखों के पीछे होंगे

एसएसपी प्रमेंद्र डोभाल ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस हर एक इनपुट को गंभीरता से ले रही है। उन्होंने कहा की धमकी भरे ई-मेल के पीछे की साजिश का पर्दाफाश करने के लिए साइबर सेल और एसटीएफ को लगा दिया गया है। नैन बाग और न्यायालयों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। जल्द ही आरा. ेपी सलाखों के पीछे होंगे।

# चारधाम यात्रा और आगामी कुंभ मेले की तैयारियों की दी गई जानकारी

■ पुलिस महानिदेशक दीपक सेठ ने की राज्यपाल से शिष्टाचार मुलाकात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून ।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से गुरुवार को लोक भवन में पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को चारधाम यात्रा की तैयारियों तथा आगामी कुंभ मेले' के लिए प्रस्तावित सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, संवेदनशील स्थलों की निगरानी एवं अंतर विभागीय समन्वय की तैयारियों से अवगत कराया।

राज्यपाल ने कहा कि कुंभ जैसे विश्वस्तरीय आयोजन में एआई एवं अत्याधुनिक तकनीकों का व्यापक उपयोग सुनिश्चित किया जाए,' ताकि भीड़ प्रबंधन, संदिग्ध गति.



विधियों की पहचान तथा रियल-टाइम मॉनिटरिंग प्रभावी ढंग से की जा सके।

उन्होंने कहा कि 'कुंभ क्षेत्र में एडवांस्ड एवं एकीकृत कंट्रोल रूम की स्थापना की जाय जो विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों, सीसीटीवी नेटवर्क, ड्रोन सर्विलांस तथा ट्रैफिक मॉनिटरिंग सिस्टम से समन्वित हो।' इससे त्वरित निर्णय लेने एवं आपात स्थितियों में प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सकेगी। राज्यपाल ने प्रदेशभर में चल रहे सघन सत्यापन अभियान को और अधिक फोकस एवं परिणामोन्मुखी ढंग से अनवरत संचालित करने पर बल दिया।

आगामी चारधाम यात्रा के दृष्टिगत राज्यपाल ने निर्देश दिए कि यात्रा मार्गों, पड़ाव स्थलों एवं मंदिर परिसरों में सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन, आपदा प्रबंधन एवं भीड़ नियंत्रण की पूर्व तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाएं

# जन जन के द्वार अभियान से आम जन को मिली राहत: सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चिन्यालीसौड़ / उत्तरकाशी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को विकास खंड परिसर चिन्यालीसौड़ में आयोजित जन-जन की सरकार,जन -जन के द्वार कार्यक्रम में विभागीय स्टालों का निरीक्षण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

सीएम ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम से आम जन को राहत मिली है तथा प्रशासनिक व्यवस्था और अधिक सुगम और पारदर्शी हुई है। इस अभियान के तहत अब तक 600 से अधिक शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। इन शिविरों में पाँच लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया, जबकि 40 हजार से ज्यादा लोगों को विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को छोटी-छोटी



■ प्रशासनिक व्यवस्था बनी और अधिक सुलभ और पारदर्शी, कार्यक्रम में विभागीय स्टालों का निरीक्षण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया

समस्याओं के समाधान के लिए जिला मुख्यालय तक न जाना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरी दुनिया में सनातन का उद्घोष हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया का सिरमौर बनेगा प्रधानमंत्री ने जो विकसित भारत का संकल्प लिया है उसमें उत्तराखंड भी अपना महत्वपूर्ण रूप से योगदान देगा। इस अवसर पर मुख्य सचिव उत्तराखंड शासन आनन्द वर्द्धन, यमुनोत्री विधायक संजय डोभाल, दर्जाधारी राज्य मंत्री रामसुंदर नौटियाल, प्रताप पंवार, गीताराम गौड़, गढ़वाल समन्वयक किशोर भट्ट, प्रदेश मीडिया प्रभारी भाजपा मनवीर चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा डॉ. स्वराज विद्वान, ब्लाक प्रमुख रणबीर सिंह महंत, नगर पालिका अध्यक्ष मनोज कोहली, एवं जिलाधिकारी प्रशान्त आर्य, पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय, सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### चिन्यालीसौड़ और गौचर हवाई पट्टी का सेना के माध्यम से किया जाएगा संचालन : धामी

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हैली सेवा के विस्तार के लिए सरकार ने अहम निर्णय लिए है। उन्होंने कहा कि चिन्यालीसौड़ एवं गौचर हवाई पट्टी से हैली सेवा शुरू होगी। दोनों हवाई पट्टी सेना के माध्यम से संचालित करने की योजना है। उन्होंने कहा कि अप्रैल से चारधाम यात्रा शुरू हो जाएगी। सरकार ने यात्रा की तैयारी पहले से ही शुरू कर दी है। ताकि यात्री, श्रद्धालु यहां से अच्छा अनुभव लेकर जाएं।

### कार्यक्रम में अब तक पांच लाख से अधिक नागरिकों ने किया प्रतिभाग

मुख्य सचिव आनन्द वर्द्धन ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में जन-जन की सरकार,जन जन के द्वार अभियान सफलतापूर्वक चलाया गया है। जिसमें अब तक 5 लाख से अधिक नागरिकों ने प्रतिभाग किया तथा 40 हजार से अधिक नागरिकों के विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र जारी किए गए। ग्रामीणों की छोटी-छोटी समस्याओं के निस्तारण के लिए संयुक्त टीमें गठित कर समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा रहा है।

**सीएचसी चिन्यालीसौड़ एवं महाविद्यालय का उच्चीकरण को सीएम घोषणा में शामिल करने का आश्वसन:** महिला सशक्तिकरण का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने तय किया है कि हमारी बहनों द्वारा उत्पादित उत्पादों की देश ही नही बल्कि दुनिया में पहचान मिल सके जिसके लिए निरंतर काम किया जा रहा है। कहा कि महिलाओं द्वारा जो भी उत्पाद बनाये जा रहे है उसकी देश और दुनिया में मांग बढ़ी है। इस दिशा में राज्य सरकार ने अब तक दो लाख से अधिक लखपति दीदियों को सशक्त किया है।

# जलकल्याण पर प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है धामी सरकार: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने ष्जन जन की सरकार, जन जन के द्वार अभियान को कल्याणकारी राज्य की अवधारणा स्थापित करने वाला बताया है। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने अभियान के सफलतापूर्वक 2 महीने पूरे होने पर मुख्यमंत्री धामी का आभार व्यक्त करते हुए इसे जनसंवाद से समस्या निवारण की श्रेष्ठतम पहल बताया। इस अभियान के आंकड़े, अंत्योदय कल्याण के सिद्धांत को धरातल पर उतारने की कहानी बयां कर रहे हैं।

उन्होंने मीडिया में जारी प्रतिक्रिया में कहा कि, सीएम पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में हमारी सरकार प्रदेश के चौमुखी विकास के साथ प्रत्येक व्यक्ति के जलकल्याण पर प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। आज पीएम मोदी द्वारा निर्धारित वर्तमान दशक को



■ अभियान के सफल 2 महीने, जनसंवाद से समस्या निवारण की श्रेष्ठतम पहल : भाजपा

उत्तराखंड का दशक बनाने के लक्ष्य पर राज्य आगे बढ़ गया है। राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी, उद्योग, पर्यटन, स्वास्थ्य, कृषि, बागवानी, शिक्षा आदि तमाम क्षेत्रों में विकास के अनेकों आयाम जोड़े गए हैं। जिसका सीधा-सीधा लाभ, आम जनता के जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव और खुशहाली लाने वाला साबित हुआ है।

उन्होंने कहा, हमारी डबल इंजन सरकार के इन्हीं कामों पर प्रदेश की जनता, बार-बार संतुष्टि की मुहर लगा रही है। लेकिन हम इतने से भी संतुष्ट होने वाले नहीं है और यह अभियान अंत्योदय कल्याण की भावना के अंतर्गत चलाया गया। जिसका लक्ष्य था प्रत्येक राज्यवासी को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना और उनकी समस्या का निवारण करना। पहले 45 दिन की समयावधि तय की गई थी, जिसे जनहित में बढ़ाया गया। इन दो महीनों में अभियान के जो परिणाम सामने आए हैं वह बेहद उत्साहवर्धक और संतोषजनक हैं। किसी भी सरकार की कल्पना से करे हैं कि न्याय पंचायत स्तर पर जनता के द्वार पर बहुउद्देशीय शिविर लगाए जाएं।

उसमें भी सफलता ऐसी कि कैंप में 5 लाख से अधिक लोग प्रतिभागी बनें और उसमें से लगभग 3 लाख लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिले।उन्होंने सरकार के इस प्रयास को जनसेवा के क्षेत्र में अभूतपूर्व पहल बताया है।

### मौके पर ही हो गया 60 फीसदी समस्याओं का त्वरित समाधान

इस अभियान की सबसे खासियत रही, नौकरशाही की जटिलताओं को कम करना और प्रशासन का खुद जनता के मध्य पहुंचकर सीधा संवाद स्थापित करना। जिसका लाभ यह रहा कि मौके पर ही 60 फीसदी समस्याओं का त्वरित समाधान हो गया। ये नई पहल थी किसानों को सब्सिडी पर बीज, उर्वरक और कृषि यंत्र जैसे कल्टीवेटर आदि बांटे गए, दैनिक जीवन से जुड़े अनेकों प्रमाणपत्र जारी हुए, अनेकों योजनाओं का सिंगल विंडो सिस्टम से लाभ जनता को मिला। पंचायत स्तर कर नोडल अधिकारी नियुक्त होने से अभियान का प्रबंधन और प्रभाव शानदार रहा।

### पुलिस ने अलग-अलग क्षेत्रों से 8 आरोपी पकड़े

**देहरादून।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) देहरादून के निर्देशों पर जिले में वारंटियों के खिलाफ पुलिस का अभियान जोर-शोर से जारी है। इसी कड़ी में पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 08 वारंटियों को गिरफ्तार किया है।

न्यायालय से जारी गैर-जमानती वारंटों के शत-प्रतिशत पालन के लिए एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को सख्त हिदायत दी थी। इन निर्देशों के अनुपालन में 19 फरवरी की रात पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस टीमों ने विभिन्न मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे 8 अभियुक्तों को उनके घरों और अन्य ठिकानों पर दबिश देकर दबोच लिया।बसंत विहार पुलिस ने श्री देव सुमन नगर निवासी नवीन उर्फ काकू और संगम विहार निवासी राजकुमार सुभाष चन्द, सागर और अभय उर्फ अब्बू को हिरासत में लिया।

# एक मार्च से ऑनलाइन पोर्टल पर होगा रोगियों का पंजीकरण

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सचिव आयुष रंजना राजगुरु ने सख्त निर्देश दिए कि प्रदेश के आयुष चिकित्सालयों में रोगी पंजीकरण की व्यवस्था को पूर्णत: ऑनलाइन पोर्टल पर स्विच किया जाए, जिसे आगामी 01 मार्च, 2026 से अनिवार्य रूप से लागू करने का लक्ष्य रखा गया है।

सचिव आयुष रंजना राजगुरु की अध्यक्षता में बीते दिवस हुई आयुष विभाग के महत्वपूर्ण एजेन्डा बिंदुओं पर एक विस्तृत समीक्षा बैठक में कई निर्देश दिए गए बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत प्राप्त बजट, राष्ट्रीय आयुष मिशन के कार्यों और श्सेंट्रल ऑफ एक्सीलेंसश के लिए जारी 4 लाख की सीमा के भीतर रिनोवेशन कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। । इसके अतिरिक्त, उन्होंने अधिकारियों को प्रतिमाह न्यूनतम 8 चिकित्सालयों का अनिवार्य

■ उत्तराखंड में आयुष चिकित्सालयों में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य उपलब्ध कराने पर जोर, सचिव आयुष ने की ने विभागीय कार्यों की व्यापक समीक्षा



निरीक्षण करने और दवाओं के स्टॉक रजिस्टरों को नियमित रूप से मेंटेन करने के निर्देश दिए, जिन्हें भविष्य में ऑनलाइन पोर्टल पर स्थानांतरित किया जाएगा।

विभागीय कार्यक्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से सचिव महोदया ने निर्देश दिए कि जिले के समस्त कार्मिकों की गतिविधियों और प्रगति की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए एक समर्पित ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया जाए।

औषधि निरीक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे फार्मेसियों का नियमित निरीक्षण करें, सैंपल्स एकत्रित करें और अपनी रिपोर्ट को विभागीय पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपडेट करें। बैठक में आयुष मानव संसाधन के युक्तिकरण और उनके नियमित प्रशिक्षण पर विशेष जोर दिया गया ताकि जन-सामान्य को आयुष चिकित्सा सेवाओं का पूर्ण लाभ मिल सके और उपलब्ध विशेषज्ञों की सेवाओं का भी क्षमतानुसार सम्यक उपयोग सुनिश्चित हो सके।

बैठक के दौरान 10/25 शैय्यायुक्त चिकित्सालयों, जैसे कि मुनिकीरेती, कोटद्वार, झाझरा, बडकोट और चंबा आदि में उच्चीकरण एवं उपकरणों की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

# सूबे में नकलविहीन होंगी बोर्ड परीक्षाएं: डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की हाईस्कूल (10वीं) व इंटरमीडिएट (12वीं) की परीक्षाएं आगामी 21 फरवरी से शुरू होगी। इस बार प्रदेश भर में 2 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं बोर्ड परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। बोर्ड परीक्षा को नकल. विहीन, निष्पक्ष और पारदर्शी कराने के लिये विभागीय अधिकारियों को जरूरी निर्देश दे दिये गये हैं, साथ ही संवेदनशील व अति संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने को भी कहा गया है।

सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान में बताया कि आगामी 21 फरवरी से शुरू होने वाली उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाओं को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि 10वीं व 12वीं कक्षाओं की परिषदीय परीक्षाएं

■ संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश, 21 फरवरी से शुरू होंगी 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं



निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न कराने के लिए गाइडलाइन जारी कर दी गई है, जिसमें विभागीय अधिकारियों, जिला प्रशासन व पुलिस विभाग को आपसी समन्वय स्थापित करने के निर्देश भी दिये गये हैं। डॉ. रावत ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं के लिहाज से संवेदनशील एवं अति संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर अतिरिक्त व्यवस्था करने, विशेष उड़नदस्तों की तैनाती तथा लगातार निगरानी करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये गये हैं। परीक्षा केन्द्रों के आसपास धारा-144 के नियमों का पालन, अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक तथा प्रश्नपत्रों की सुरक्षित आपूर्ति, संग्रहण व गोपनियता सुनिश्चित करने को केन्द्र व्यवस्थापकों, निरीक्षकों और संबंधित अधिकारियों को इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। डॉ. रावत ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में इस बार लगभग 2 लाख 15 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे, इसके लिये प्रदेशभर में 1261 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं, जिसमें 156 संवेदनशील जबकि 6 अति संवेदनशील केन्द्र हैं।

# आमजन के जीवन में आएगा सकारात्मक परिवर्तन

## धामी के नेतृत्व में यह पहल प्रशासनिक संवेदनशीलता और पारदर्शिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हुई साबित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में संचालित 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' कार्यक्रम प्रदेश में सुशासन की सशक्त मिसाल के रूप में उभरकर सामने आया है। यह अभियान केवल एक प्रशासनिक पहल भर नहीं, बल्कि शासन को सीधे आमजन तक पहुँचाने की प्रभावी कार्यशैली के रूप में स्थापित हुआ है।

इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि जनकल्याणकारी योजनाएँ कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि प्रदेश के दूरस्थ, पर्वतीय और सीमांत क्षेत्रों तक वास्तविक रूप से पहुँचें। अधिकारियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में पहुँचकर जनसमस्याओं का मौके पर समाधान किया गया, जिससे





बड़ी संख्या में नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हुआ। रिकॉर्ड स्तर पर लाभार्थियों की भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि शासन व्यवस्था अब अधिक सक्रिय, उत्तरदायी और जनोन्मुखी बनी है।

यह पहल प्रशासनिक संवे. दनशीलता और पारदर्शिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुई है। शिकायतों के त्वरित निस्तारण, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और संवाद की खुली व्यवस्था ने जनता के विश्वास को सुदृढ़ किया है। इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था में नागरिकों की भागीदारी और भरोसा दोनों मजबूत हुए हैं।

कार्यक्रम ने यह भी स्पष्ट किया है कि सरकार का उद्देश्य केवल योजनाओं की घोषणा करना नहीं, बल्कि उनका वास्तविक लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना है। सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाएँ, स्वरोजगार, खाद्य सुरक्षा तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से आमजन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन दिखाई दे रहा है। 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' अब एक सतत अभियान के रूप में प्रदेश में सुशासन, सेवा और विकास की नई परंपरा स्थापित कर रहा है। यह कार्यक्रम प्रशासन और जनता के बीच दूरी कम कर उत्तराखंड को प्रगतिशील एवं जनकेंद्रित राज्य के रूप में सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# ‘जिन्नात’ के नाम पर डेढ़ करोड़ से अधिक की ठगी का खुलासा, तीन गिरफ्तार

## भोले-भाले लोगों को रुपये डबल करने का लालच देकर की जा रही थी ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में जनपद पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। ‘जिन्न/जिन्नात’ के नाम पर अंध. विश्वास फैलाकर भोले-भाले ग्रामीणों से करोड़ों रुपये ठगने वाले संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए कोतवाली आईटीआई पुलिस ने 03 मुख्य अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। बांसखेड़ा निवासी शकील अहमद द्वारा 16 फरवरी को कोतवाली आईटीआई में प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि गांव निवासी सरताज अली उर्फ कादरी बाबा, शफीक अहमद व मो. आरिफ द्वारा ग्रामीणों को यह कहकर अपने प्रभाव में लिया गया कि सरताज अली उर्फ कादरी बाबा पर ‘जिन्नात’ आता है, जो पैसे डबल कर देता है। बताया गया कि लगभग एक वर्ष पूर्व बांसखेड़ा में आयोजित एक धार्मिक जलसे में मुख्य अतिथि के रूप में आए सरताज अली ने धार्मिक भाषणों के माध्यम से लोगों को प्रभावित किया और विभिन्न स्कीमों का प्रचार शुरू किया। स्कीम के तहत घर-घर प्रचार कर अशिक्षित व भोले-भाले



पुरुष एवं महिलाएं को झांसे में लिया गया।

अभियुक्तों के सहयोगियों द्वारा यह भी प्रचारित किया गया कि बाबा से जुड़ने वाले लोगों के पास ‘जिन्नात’ के माध्यम से लगातार पैसा आ रहा है, जिससे उन्होंने प्लॉट, मकान व महंगी गाड़ियां खरीदी हैं। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर द्वारा तत्काल अभियोग पंजीकृत कर त्वरित अनावरण के निर्देश दिए गए। थाना आईटीआई पर धारा 318(4), 351(2), 352 बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान अन्य संदिग्धों की संलिप्तता भी प्रकाश में आई। जांच में सामने आया कि अभियुक्तों ने ग्रामीणों से लगभग डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि एकत्रित कर ली। जांच में सामने आया कि ठगी की रकम से शफीक द्वारा लगभग 20 लाख रूपये की लागत से नया मकान व एक बलेनो कार खरीदी गई। मो. आरिफ द्वारा लगभग 10 लाख का प्लॉट खरीदा गया। सरताज अली उर्फ कादरी बाबा द्वारा ग्राम धीमरखेड़ा में प्लॉट लेकर मकान निर्माण व बोलेरो वाहन खरीदा गया। अन्य साथियों द्वारा भी प्लॉट व स्कॉर्पियो/हाई-राइडर जैसे वाहन खरीदने की जानकारी प्रकाश में आई है। जब पीड़ितों द्वारा धन वापसी की मांग की गई तो अभियुक्तों द्वारा गाली-गलौच व जान से मारने की धमकी दी गई। खुलास के दौरान बताया कि अभियोग की जानकारी होने पर अभियुक्तगण घरों में ताला लगाकर उत्तर प्रदेश भाग गए। संभावित असंतोष की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने पीड़ितों को विश्वास में लेकर विशेष टीमों का गठन किया। 17 फरवरी को अभियुक्तगण सरताज अली उर्फ कादरी बाबा उर्फ सैयद मियां, शफीक, आरिफ को जिला रामपुर से गिरफ्तार कर गहन पूछताछ की गई तथा 18 फरवरी को न्यायायल के समक्ष प्रस्तुत किया गया। घटना का अनावरण करते हुए एसएसपी ने बताया कि पुलिस के पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा सुनियोजित षडयंत्र के तहत जनता में ‘जिन्न/जिन्नात’ के नाम पर अंधविश्वास फैलाकर उनकी जीवन भर की जमा पूंजी हड़पने की बात स्वीकार की गई। अग्रिम विवेचना प्रचलित है तथा अन्य संदिग्धों की तलाश जारी है। ऊधम. सिंहनगर पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार के अंधविश्वास या रुपये डबल करने जैसी लालचपूर्ण योजनाओं से सावधान रहें। ऐसी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक अरविन्द बहुगुणा, उपनिरीक्षक मनोज धोनी (विवेचक) अ. उपनिरीक्षक दीपक चौहान, हे. कां. सिराज हुसैन कां. धर्मेन्द्र भारती व राजेन्द्र जोशी शामिल रहे।

### आरोपियों द्वारा चलाई जा रही कथित स्कीमें

- -15,500 रूपये प्रतिमाह जमा करने पर 40 दिन बाद 20,000 प्रतिमाह देने का लालच
- -कामगारों के लिए 25,500 रूपये की योजना
- -विधवाओं के लिए 6,500 रूपये की योजना
- -बच्चियों के नाम पर 12,500 रूपये की योजना

## गांजा बेचती एक महिला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान एक महिला को गांजा बेचते गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 किलो गांजा व 5150 रूपये की नकदी बरामद की है। कुंडेश्वरी चौकी पुलिस रात्रि गश्त पर थी। इस दौरान ग्राम रम्पुरा में एक महिला पुलिस को आता देख घर के अंदर जाने लगी। शक होने पर जब पुलिस ने महिला को घर के अंदर से पकड़ा तो उसके कब्जे से एक प्लास्टिक के कटे में भरा दो किलो अवैध गांजा समेत गांजा बेच कर अर्जित की गई 5150 रूपये की नकदी बरामद की है। पुलिस पूछताछ में महिला की पहचान ग्राम रम्पुरा निवासी परमजीत कौर पत्नी स्व. सुरजीत सिंह के रूप में हुई। परमजीत कौर ने बताया गया कि यह गांजा एक लड़का उसे देकर जाता है जिसका नाम व पता उसे नहीं पता। बताया कि वह गांजे की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर 50 रुपये के हिसाब से बेचकर पैसा कमाती है। पुलिस ने आरोपी महिला को एनडीपीएस एक्ट में चालान किया है। पुलिस टीम में एसआई चन्दन सिंह बिष्ट, एसआई सौरभ कुमार भारती, कां. मुकेश कुमार, दर्शन सिंह, वीरेन्द्र सिंह बिष्ट, दीपक जोशी व महिला कां. इन्दू राणा रहे।

### विशाल हिंदू सम्मेलन 22 को

**काशीपुर।** आवास विकास स्थित स्वामी विवेकानन्द योग पार्क में रविवार, 22 फरवरी को प्रात: 11 बजे से सनातन संस्कृति, राष्ट्रीय चेतना, सामाजिक समरसता एवं हिंदू समाज की एकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विशाल हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है। आयोजन समिति से जुड़े अशोक धीमान ने बताया कि सम्मेलन में विचारशील वक्ताओं के प्रेरणादायी उद्बोधन, धर्म-संस्कृति से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन एवं संगठनात्मक चिंतन प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं, मातृशक्ति, युवा साथियों एवं क्षेत्र के जागरूक नागरिकों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारें।

## एक नजर

### बागेश्वर में मौसम ने फिर बदली करवट

**बागेश्वर।** जिले में गुरुवार को अचानक मौसम ने करवट बदल ली। सुबह से आसमान में बादल छाए रहे और हल्की हल्की बूंदा बादी शुरू हुई। दोपहर होते ही जिला मुख्यालय सहित अन्य क्षेत्रों में खासकर कपकोट क्षेत्र में बारिश बढ़ती गई। जिसके चलते मौसम में एक बार फिर गिरावट आ गई है, और ठंड बढ़ गई है। अनुमान लगाया जा रहा है यदि बारिश होती रही तो एक बार फिर ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होने की संभावना बन सकती है।

### पुरुष खड़ी होली गायन प्रतियोगिता 26 को

**बागेश्वर।** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी निवर्तमान नगर व्यापार मंडल पुरुष खड़ी होली गायन प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। पूर्व अध्यक्ष कवि जोशी ने बताया कि आगामी 26 फरवरी को बागनाथ मंदिर में यह प्रतियोगिता आयोजित होगी। इससे पहले नगर में आकर्षक झांकी निक. ाली जाएगी। जिसके बाद प्रतियोगिता होंगी। उन्होंने बताया कि विजेता टीम को 11 हजार रुपये की नगद धनराशि दी जाएगी। जोशी ने बताया कि लगातार चौथे वर्ष यह प्रतियोगिता कराई जा रही है। प्रथम आने वाली टीम को 11000 नगद, धनराशि के साथ ट्राफी, स्मृति चिह्न दिया जाएगा। उन्होंने नगर सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के होली गायक टीमों को प्रतियोगिता मेंप्रतिभाग करने की अपील की है।

### खाद्य प्रतिष्ठानों पर चेकिंग अभियान

**बागेश्वर।** आगामी रंगों के त्यौहार होली पर्व को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने जनपद के नगर क्षेत्र स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों पर सघन निरीक्षण अभियान चलाया। खाद्य आयुक्त उत्तराखंड एवं जिलाधिकारी, बागेश्वर के निर्देशों के अनुपालन में टीम ने दर्जनों प्रतिष्ठानों में चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान विशेष रूप से उन डिस्ट्रीब्यूटर और सप्लायर प्रतिष्ठानों की जांच की गई, जो बाहरी जनपदों से खाद्य सामग्री मंगाकर स्थानीय विक्रेताओं को आपूर्ति करते हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कारोबारियों को निर्देशित किया कि वे खाद्य सामग्री केवल पक्के बिल और परिवहन प्रपत्र के साथ ही मंगाएं। इसके अलावा नकली प्रोडक्ट से बचने की सख्त हिदायत दी गई।

### बोर्ड परीक्षाओं के दौरान बिजली गुल

**बागेश्वर।** जिले में बिजली की आंख मिचौली जारी है। लगातार बिजली की कटौती होने से बोर्ड परीक्षाओं में भी असर देखने को मिल रहा है। वही बैंकों, सरकारी एवं निजी दफ्तरों में विद्युत कटौती का बुरा असर पड़ रहा है। बात दें कि पिछले लगभग एक माह से जिले में विद्युत कटौती का सिलसिला जारी है। विभाग द्वारा लगातार की जा रही विद्युत कटौती से लोगों में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है। लोग दूर ग्रामीण क्षेत्रों से अपने आधार कार्ड, बैंक संबंधित कार्य, सीएससी सेंटरों आदि में कार्य के लिए पहुंच रहे है। लेकिन उसके बाद भी विद्युत कटौती होने से उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। इसके अलावा इन दिनों सीबीएसई बोर्ड परीक्षाएं भी शुरू हो गई है। अघोषित विद्युत कटौती से बोर्ड परीक्षार्थी खासे परेशान हैं। इससे अभिभावकों में भी तीव्र आक्रोश है। जबकि 21 फरवरी से उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाएं भी प्रारंभ हो रही हैं। ऐसे में विद्युत कटौती होने से परीक्षार्थियों को पढ़ाई में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगो ने विभाग से जल्द कमियों को दूर करने की बात कही है

### पत्नी से झगड़ा कर पति ने खाया ज़हर

**बागेश्वर।** कोतवाली पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत पति-पत्नी के विवाद में पति तंग आकर आत्मघाती कदम उठाया। पति ने वन स्टॉप सेंटर में ही जहरीला पदार्थ गटक लिया। कुछ देर बाद पति की हालत बिगड़ती देख उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां युवक का फिजिशियन डाक्टर प्रीति यादव के देखरेख में उपचार चल रहा है। डाक्टर का कहना है कि युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। कुछ भी कहना संभव नहीं है। जिला अस्पताल मिली जानकारी के अनुसार पति-पत्नी के बीच विवाद का मामला वन स्टॉप सेंटर में चल रहा था। पत्नी ममता ने रोज-रोज के झगड़ों से तंग आकर पति से अलग रहने की बात कही। इससे नाराज 34 वर्षीय युवक ने वन स्टॉप सेंटर परिसर में ही जहरीला पदार्थ गटक लिया। उसकी हालत बिगड़ती देख पुलिस ने तुरंत उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार चल रहा है। हालांकि अभी युवक की हालत गंभीर बनी हुई है।

### बोर्ड परीक्षाओं के लिए तैयारियां पूर्ण

**बागेश्वर।** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाएं 21 फरवरी से 20 मार्च तक आयोजित की जाएंगी। इस अवधि में गरुड़ क्षेत्र के सभी निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर निषेधाज्ञा लागू रहेगी। परगना मजिस्ट्रेट गरुड़ वैभव कांडपाल ने बताया कि परीक्षाओं को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने हेतु यह व्यवस्था परीक्षा समाप्ति तक प्रभावी रहेगी। परीक्षा केंद्रों में या उसके आसपास किसी भी व्यक्ति द्वारा अस्त्र-शस्त्र, आग्नेयास्त्र, धारदार हथियार, लाठी-डंडा, चाकू, हॉकी, खुखरी, तलवार, पटाखे, बम, ज्वलनशील पदार्थ अथवा किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक सामग्री लाना पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग पर भी रोक रहेगी। इसके अतिरिक्त परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में जुलूस, भाषण, उत्तेजनात्मक नारेबाजी तथा पांच या अधिक व्यक्तियों का अनावश्यक रूप से एकत्र होना प्रतिबंधित रहेगा। प्रशासन ने सभी नागरिकों से सहयोग की अपील की है।

### समयबद्ध पूर्ण हो नवीनीकरण प्रक्रिया: डीएम

**बागेश्वर।** जिला राइफल क्लब के रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र के नवीनीकरण के संबंध में जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्लब की गतिविधियों, प्रशासनिक व्यवस्थाओं एवं आवश्यक औपचारिकताओं की समीक्षा की गई। इस दौरान संबंधित बिंदुओं पर विचार-विमर्श करते हुए नवीनीकरण की प्रक्रिया को नियमानुसार एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण किए जाने पर बल दिया गया। जिला. धिकारी ने निर्देशित किया कि सभी आवश्यक दस्तावेज एवं औपचारिकताएं सुनिश्चित करते हुए कार्यवाही पारदर्शिता एवं समन्वय के साथ आगे बढ़ाई जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार मेहरा, अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, समस्त उप जिलाधिकारी वर्चुअल माध्यम से, वरिष्ठ कोषाधिकारी केएल सारकी, विक्रम शाही, जिला युवा कल्याण अधिकारी अर्जुन रावत, सैनिक कल्याण अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल वीपीसी जोशी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### दुकानदारों को मानकों में लापरवाही पर चेतावनी

**अल्मोड़ा।** होली पर्व को देखते हुए खाद्य व औषधि प्रशासन विभाग ने छापेमारी अभियान शुरू कर दिया है। गुरुवार को विभागीय अधिकारियों ने जिलेभर में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने बाहरी दुग्ध उत्पादों पर सख्ती करते हुए दुकानदारों को गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खाद्य संरक्षा एवं औषधि और प्रशासन की संयुक्त टीम ने जिलेभर में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने संघन निरीक्षण अभियान चलाया। अभियान के दौरान विभिन्न मिठाई एवं डेयरी उत्पाद बेचने वाली दुकानों की जांच की गई। खोये के नमूने लेकर प्रयोगशाला परीक्षण के लिए भेजे गए। निरीक्षण के दौरान टीम ने दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बाहरी क्षेत्रों से आने वाले खाद्य पदार्थों, विशेष रूप से दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के बाद ही उनकी बिक्री करें। खाद्य पदार्थों के भंडारण, स्वच्छता व्यवस्था और वैध लाइसेंस संबंधी अभिलेखों की भी जांच की गई। सहायक आयुक्त एवं अभिहित अधिकारी अनिल मिश्रा ने कहा कि त्योहार के दौरान मिठाई, रंग व अन्य खाद्य सामग्री की बढ़ती मांग को देखते हुए विभाग की टीम लगातार निरीक्षण कर नमूने जांच के लिए भेज रही है।

### कृषि भूमि से चीड़ के वृक्षों के निस्तारण की मांग

**रानीखेत।** पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेश आर्या ने पंतकोटली-खिरखेत क्षेत्र के अंतर्गत ऐरोली किलकोट की कृषि भूमि से चीड़ के वृक्षों के निस्तारण की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि कृषि भूमि पर उगे चीड़ के पेड़ों के कारण खेती-बाड़ी का कार्य प्रभावित हो रहा है, जिससे स्थानीय किसानों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। चीड़ के पेड़ों की अधि. कता से भूमि की उर्वरता और उत्पादन क्षमता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त उन्होंने मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप ऐरोली-किलकोट क्षेत्र के पशुपालकों को चारे की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए संबंधित विभाग को आवेदन सौंपा।

## रामकृष्ण कुटीर आश्रम में मनाई रामकृष्ण परमहंस जयंती

**अल्मोड़ा।** रामकृष्ण कुटीर में गुरुवार को रामकृष्ण परमहंस की जयंती मनाई। जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम हुए। वक्ताओं ने लोगों को रामकृष्ण परमहंस के जीवन और विचारों को जानने के लिए प्रेरित किया। गुरुवार को रामकृष्ण परमहंस की 190 वीं जयंती पर रामकृष्ण कुटीर में मंगल आरती हुई। साथ ही वैदिक मंत्रोच्चार भी किए गए। होम के साथ श्रद्धालुओं की ओर से पुष्पांजलि दी। कार्यक्रम में रामकृष्ण परमहंस के जीवन और विचारों पर चर्चा की गई। आश्रम के अध्यक्ष स्वामी ध्रुवेशानंद महाराज ने कहा कि रामकृष्ण परमहंस का जीवन संदेश ईश्वर के प्रति हम सबको अग्रसर करने में सर्व उपयोगी है। उनके जीवन और विचारों को जानने और समझने की जरूरत है। उनके विचार भौतिकता और प्रतिस्पर्धा के इस जीवन में हमें निर्देशित और प्रेरित करते हैं। जयंती के अवसर पर आश्रम में भंडारा भी लगा। भंडारे में काफी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। वहीं, कार्यक्रम में राजकीय शिशु सदन, नारी निकेतन और किशोर बाल गृह के बच्चों ने भजनों की प्रस्तुति दी। शारदा मठ की ओर से ऊनी कपड़ों, रामकृष्ण कुटीर की पुस्तकों का स्टॉल लगाया गया।

## अल्मोड़ा में बारिश से तापमान में गिरावट

**अल्मोड़ा।** काफी दिनों से खिल रही अच्छी धूप के बाद गुरुवार को मौसम ने करवट बदली। सुबह से हुई बारिश ने एक बार फिर ठंड में इजाफा कर दिया है। इससे लोगों की दिक्कतें बढ़ गई हैं। दरअसल, बीते एक पखवाड़े से नगर सहित अन्य हिस्सों में चटख धूप ने लोगों को ठंड से राहत दिलाई थी। इससे तापमान में भी सुधार आया था। लोग सुबह और शाम की सैर के लिए घरों से निकलने लगे थे। गुरुवार सुबह एकाएक मौसम ने करवट बदली और बारिश शुरू हुई। झमाझम बारिश का सिलसिला दोपहर तक चला। इसके बाद धूम खिलने से मौसम सुहावना हो गया। वहीं, सुबह बारिश के चलते स्कूली बच्चों को परेशानी झेलनी पड़ी। बारिश और ठंड के चलते बाजार में भी कम ही लोग दिखाई दिए।

## हिम-कनेक्ट से अनुसंधान और निवेश के बीच सेतु का निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** राष्ट्रीय हिमालयी अध्ययन मिशन (एनएमएचएस) का हिम-कनेक्ट कार्यक्रम 25-27 फरवरी 2026 को दिल्ली में आयोजित वर्ल्ड सस्टेनेबल डेवलपमेंट समिट में लॉन्च होगा। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हिमालयी क्षेत्रों के जलवायु संबंधित नवाचारों को व्यावसायिक स्तर पर बढ़ावा देना और निवेशकों, स्टार्टअप्स, और नीति निर्माताओं को जोड़ना है।

हिम-कनेक्ट में 21 नए अनुसंधानों को प्रदर्शित किया जाएगा, जिनमें कुमाऊं विश्वविद्यालय, आईआईटी रुड़की और गोविंद बल्लभ पंत संस्थान के शोध शामिल हैं। इनमें वेस्ट-टू-वेल्थ समाधान, भूकंपीय मूल्यांकन तकनीक, जल शोधन और जलवायु स्मार्ट खेती जैसी परियोजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा, हिमालयी राज्यों के इको-एंटरप्रेन्योरशिप मॉडल भी प्रदर्शित किए जाएंगे। एनएमएचएस के नोडल अधिकारी एएमएस लोधी ने बताया कि हिम-कनेक्ट का उद्देश्य मिशन अनुसंधान को उद्यमियों और निवेशकों से जोड़कर, ग्रीन एंटरप्रेन्योरशिप और सतत विकास को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम भारत के जलवायु नेतृत्व को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत करेगा।

## बेरोजगारी व स्थायी राजधानी का मुद्दा उठा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड क्रांति दल युवा प्रकोष्ठ केंद्रीय अध्यक्ष आशीष नेगी का गुरुवार को अल्मोड़ा पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान केंद्रीय अध्यक्ष नेगी ने गांधी पार्क और शहीद स्मारक में शहीदों को श्रद्धांजलि दी। नगर के गांधी पार्क में आयोजित सभा के दौरान केंद्रीय अध्यक्ष आशीष नेगी ने भाजपा-कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। कहा कि उत्तराखंड में युवा बेरोजगारी की मार झेल रहा है। पेपर लीक, भ्रष्टाचार से युवा त्रस्त है।



वहीं, बाहरी व्यक्तियों को उत्तराखंड में रोजगार दिया जा रहा है। जिससे यहां का युवा हताश है। कहा कि अगर उत्तराखंड का सर्विंग विकास नहीं हो रहा है तो उसके लिए स्थाई राजधानी गैरसैंण ना होना बहुत बड़ा कारण है। इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड में मूल निवास 1950 लागू करने, उत्तराखंड की संस्कृति, भाषा जैसे मुद्दे और आने वाले समय में उत्तराखंड में यहां के निवासियों पर अपने अस्तित्व को बचाने जैसी बातों को रखा। उन्होंने उत्तराखंड में युवाओं को यूकेडी में जुड़ने का आवाह्न किया। इस दौरान यहां यूकेडी जिलाध्यक्ष दिनेश जोशी, युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप रावत, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रघुवर सिंह भाकुनी, केंद्रीय संगठन मंत्री नरेंद्र सिंह बिष्ट, केंद्रीय मंत्री गिरीश नाथ गोस्वामी, कार्यकारी अध्यक्ष पान सिंह रावत, महिला जिलाध्यक्ष दीपा जोशी, जिला महामंत्री आनंद बोरा, महानगर अध्यक्ष मोहित साह, आयुष रावत, गौरव जोशी, रवि नेगी, पंकज कपकोटी, विनीत बोरा, राजेंद्र मलकानी, किरन मेहरा, सुजीत टम्टा, जगदीश जोशी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने को पुलिस पूरी तरह मुस्तैद : एसएसपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** जनपद ऊधम सिंह नगर के नवनियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने काशीपुर कोतवाली में शहर के वरिष्ठ नागरिकों, पार्षदों, रिटायर्ड प्रशास. निक अधिकारियों एवं राजनीतिक प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की। बैठक का उद्देश्य शहर की प्रमुख समस्याओं को सीधे सुनकर उनके समाधान की ठोस रणनीति बनाना रहा। बैठक में उठाये गये प्रमुख मुद्दों में शहर में बढ़ती नशे की समस्या पर सख्त कार्रवाई, स्कूल समय में भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक, ई-रिक्शा संचालन को



व्यवस्थित करने की मांग, रेलवे लाइनों के पास बाहरी लोगों का सत्यापन व निगरानी, शहर में सीसीटीवी कैमरे बढ़ाने और स्ट्रीट लाइट की समस्या का समाधान, महिलाओं की सुरक्षा और भूमि विवादों के त्वरित निस्तारण, आगामी त्योहार होली व रमजान को देखते हुए शांति व्यवस्था की तैयारी करने आदि मांगें रखी गयी, जिस पर एसएसपी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए काशीपुर कोतवाल हरेंद्र चौधरी व ट्रैफिक इंचार्ज को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े मामलों में तत्काल प्रभाव से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अपराध नियंत्रण में जनसहयोग को जरूरी बताते हुए उन्होंने भरोसा दिलाया कि बैठक में उठाए गए सभी मुद्दों पर चरणबद्ध कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एसपी काशीपुर एसके सिंह, सीओ वैभव सैनी, एसएसआई नवीन बुद्धानी सहित पुलिस अधिकारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक रहे।

## घर में छात्रा ने लगाई फांसी

**काशीपुर।** घर में फांसी लगाकर एलएलबी की छात्रा ने जान दे दी। पुलिस को मौके से सुसाइड नोट मिला है। हालांकि आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस के मुताबिक, थाना कुंडा के ग्राम सरवरखेड़ा निवासी 25 वर्षीया तरन्नुम पुत्री अनवर हुसैन एलएलबी पंचम सेमेस्टर की छात्रा थी। बीती रात उसने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता ने कमरे में उसका शव लटका देखा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आज पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परि. जनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस को कमरे से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसके आधार पर पुलिस आत्महत्या का कारण जानने का प्रयास कर रही है।

## फोटोशॉप व लाइटरूम वर्कशॉप शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** कौसानी में दो दिवसीय फोटोशॉप एवं लाइटरूम वर्कशॉप का शुभारंभ प्रसिद्ध फोटोग्राफर उमेश गोगना के मार्गदर्शन में किया गया। यह वर्कशॉप बुरांस रिसॉर्ट कौसानी में आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ रिसॉर्ट के चेयरमैन थ्रीस कपूर द्वारा किया गया। बताया जा रहा है कि वर्कशॉप में देश के विभिन्न प्रदेशों से आए प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

वक्ताओं ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य फोटोग्राफी में रुचि रखने वाले युवाओं एवं पेशेवरों को फोटो एडिटिंग के आधुनिक तरीकों से परिचित कराना है। दो दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को फोटोशॉप और लाइटरूम के बेसिक टूल्स, कलर करेक्शन, इमेज एन्हांसमेंट, राफाइल



प्रोसेसिंग एवं प्रोफेशनल एडिटिंग तकनीकों की जानकारी दी जा रही है। मेंटोर उमेश गोगना, जो कैमरा के ब्रांड एंबेसडर भी हैं, अपने अनुभव और ज्ञान से प्रतिभागियों को फोटोग्राफी की बारीकियां सिखा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सही तकनीक और अभ्यास से किसी भी फोटो को प्रभावशाली बनाया जा सकता है। वर्कशॉप में प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजकों के अनुसार, इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थानीय युवाओं को नई दिशा देने और फोटोग्राफी के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। वर्कशॉप के समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।


रमज़ान मुबारक



सरवर अली
सभासद वार्ड नंबर-03
नगर पालिका कालाढूंगी
जिला नैनीताल
+91 63988 36682

रमज़ान मुबारक



मोहम्मद हसनैन ख़तीबी
(पूर्व उपाध्यक्ष)
उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड
उत्तराखंड सरकार
हल्द्वानी (नैनीताल)
मो. 9719824399

माह-ए-रमज़ान मुबारक



बासित खान
(सदर)
जामा मस्जिद कमेटी
काठगोदाम
जिला - नैनीताल
मो० 9412085347

मून सर्विस प्वाइंट
फ्रिज, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर
रिपेयर एंड स्पेयर पार्ट्स
(एयर कंडीशनर किराये पर उपलब्ध है)



Zubair Khan Najeeb Khan
Near-Axis Bank ATM, Church Compound
Nainital Raod Haldwani Mo: 9837036176, 9837314505

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद
इसरार हुसैन
प्रदेश उपाध्यक्ष
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, उत्तराखंड।

रमज़ान मुबारक
जनसेवा एकता कमेटी
अध्यक्ष अलीम खान
उपाध्यक्ष अनवर उर्फ मुन्नू
कार्यालय: बरेली रोड, उजाला नगर, हल्द्वानी
मो. 9837519829

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद



मोकिन सैफी
(विधानसभा अध्यक्ष)
यूथ कांग्रेस, हल्द्वानी-नैनीताल
पार्षद पुत्र वार्ड 33, नगर निगम हल्द्वानी

# जेल में चिकित्सा सुविधाओं की कमी

## निरीक्षण के दौरान आईजी जेल को बंदियों ने बताई समस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आईजी जेल करण सिंह नगन्याल ने गुरुवार को हल्द्वानी स्थित उपकारागार का अचानक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बंदियों से सीधे बातचीत की, जिनकी ओर से कई शिकायतें सामने आईं। इन शिकायतों में गारद की कमी के कारण इलाज में देरी और अन्य प्रशासनिक समस्याओं का जिक्र था। बंदियों ने खास तौर पर चिकित्सीय सुविधाओं पर सवाल उठाए, विशेषकर गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए बाहरी अस्पताल भेजे जाने में सुरक्षा गारद की कमी को प्रमुख मुद्दा बताया।

आईजी ने शिकायतों के समाधान का भरोसा दिया और जेल का निरीक्षण किया। गुरूवार को आईजी जेल करण सिंह नगन्याल अचानक



निरीक्षण के लिए हल्द्वानी उपक. ारागार पहुंचे। निरीक्षण के दौरान भोजन व्यवस्था, स्वच्छता और चिकित्सीय सुविधाओं की समीक्षा की। अस्पताल वार्ड का जायजा लिया गया, जहां बंदियों ने उपचार से जुड़ी कठिनाइयों को प्रमुखता से उठाया। बंदियों का कहना था कि गंभीर बीमारी की स्थिति में बाहरी अस्पताल ले जाने के लिए पर्याप्त सुरक्षा गारद उपलब्ध नहीं हो पाती, जिससे इलाज में देरी होती है। बताया कि यदि उन्हें दिल्ली या ऋषिकेश जैसे बड़े चिकित्सा केंद्रों में रेफर किया जाता है तो सुरक्षा व्यवस्था के अभाव में प्रक्रिया अटक जाती है। इस पर आईजी ने जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार पांडे से स्थिति स्पष्ट करने को कहा। पता लगा कि स्थानीय स्तर पर पुलिस गारद की कमी समस्या का मुख्य कारण है। नैनीताल से कभी-कभी गारद मिल जाता है, लेकिन ऊधम. सिंह नगर से सहयोग नियमित रूप से नहीं मिल पा रहा। इस पर आईजी ने तत्काल संबंधित अधिकारियों से पत्राचार कर समाधान निकालने के निर्देश दिए। बंदियों ने अदालतों में गवाही की प्रक्रिया में देरी की शिकायत भी की। आईजी ने स्पष्ट किया कि न्यायिक प्रक्रिया अदालत के अधिकार क्षेत्र में आती है, फिर भी प्रशासनिक स्तर पर जो औपचारिक पहल संभव होगी, वह की जाएगी। उन्होंने महिला बैरक का दौरा कर महिला बंदियों से व्यक्तिगत रूप से बात की। उन्होंने सभी शिकायतों का समाधान निकालने का भरोसा दिलाया और प्रशासनिक सुधार के लिए जरूरी कदम उठाने का आश्वा. सन दिया।

### नाली में मिला भ्रूण

**हल्द्वानी।** रेलवे बाजार क्षेत्र में गुरुवार दोपहर नाली के किनारे एक भ्रूण मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने जब नाली के पास भ्रूण देखा, तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर बनभूलपुरा पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मुआयना किया। कोतवाल दिनेश फर्त्याल ने बताया कि पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और आसपास के क्षेत्रों से जानकारी एकत्र की जा रही है, ताकि इस घटना के कारणों का पता चल सके। कोतवाल ने बताया कि भ्रूण मिलने के बाद कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं, लेकिन असली वजह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस ने पूरे क्षेत्र में तफ्तीश शुरू कर दी है और स्थानीय लोगों से भी महत्वपूर्ण सुराग जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही इस मामले में सच्चाई का खुलासा होगा और यह स्पष्ट किया जाएगा कि भ्रूण कैसे नाली तक पहुंचा कैसे।

# यूजीसी नियमों पर बरसे सवर्ण

## सवर्ण शक्ति संगठन कल निकालेगा आक्रोश महारैली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** यूजीसी की नई गाइडलाइन को लेकर सवर्ण शक्ति संगठन उत्तराखंड ने मोर्चा खोल दिया है। संगठन के संयोजक प्रकाश हर्बोला ने गाइडलाइन को भेदभावपूर्ण बताते हुए इसे वापस लेने की मांग की है। इसके विरोध में संगठन आगामी 21 फरवरी को रामलीला मैदान से डीएम कोर्ट कार्यालय तक एक विशाल आक्रोश महारैली निकालकर अपना विरोध वक्त करेंगा। जिसके बाद जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भी प्रेषित किया जायेगा। गुरूवार को रामपुर रोड स्थित एक होटल में पत्रकार वार्ता करते हुए संगठन के संयोजक प्रकाश हर्बोला ने कहा कि गाइडलाइन में भेदभाव झलकता है जो प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के विपरीत है। उन्होंने आरोप लगाया कि झूठी शिकायत होने पर संबंधित व्यक्ति का कैरियर प्रभावित हो सकता है, जबकि शिकायतकर्ता के खिलाफ दंड का स्पष्ट प्रावधान नहीं है। इससे शिक्षा संस्थानों में असंतुलन




की स्थिति पैदा हो सकती है। श्री हर्बोला ने इक्विटी बोर्ड में सवर्ण वर्ग के प्रतिनिधित्व का अभाव भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रावधान से एक पक्ष को पहले से ही दोषी मान लिया जाए तो यह न्याय प्रक्रिया के अनुरूप नहीं है। उन्होंने रो. हित वेमुला प्रकरण का उल्लेख करते हुए केंद्र सरकार से गाइडलाइन पर पुनर्विचार की मांग की। संगठन के सह संयोजक भुवन भट्ट ने कहा कि संगठन किसी भी वर्ग के खिलाफ नहीं है, बल्कि न्याय व्यवस्था में समानता की पैरवी कर रहा है। शिक्षा संस्थान ज्ञान और संवाद के केंद्र होने चाहिए। उन्होंने सभी छात्रों और शिक्षकों के लिए निष्पक्ष और समान शिकायत तंत्र लागू करने की मांग उठाई। ऐलान किया कि संगठन ने 21 फरवरी को रामलीला मैदान से डीएम कार्यालय तक आक्रोश महारैली निकालेगा। आक्रोश महारैली के दौरान संगठन जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भी प्रेषित करेंगा। पत्रकार वार्ता में जगत सिंह बिष्ट, त्रिलोक सिंह बिष्ट, तरुण वानखेड़े, मनोज अग्रवाल, प्रताप जोशी, योगेंद्र भट्ट सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# बंदूक के साथ चमोली का युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जनपद को अपराध मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन क्रैकडाउन जहां पुलिस के लिए कारगर साबित हो रही वहीं शातिर अपराधियों के लिए काल साबित हो रही। गुरूवार को ऑपरेशन क्रैकडाउन अभियान के तहत पुलिस ने चमोली के रहने वाले एक युवक को हल्द्वानी के एक होटल से 12 बोर की सिंगल बैरल बंदूक और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अब जांच कर रही है कि आरोपी बिना लाइसेंस की बंदूक लेकर होटल में क्यों ठहरा था। बता दें कि एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर जारी ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत बीती 18 फरवरी को मंगलपड़ाव चौकी प्रभारी गौरव जोशी टीम के साथ होटल और ढाबों में चे.



कंग पर थे। चेकिंग करती पुलिस राजपुरा क्रासिंग पार कर टनकपुर रोड पर स्थित होटल कैलाश व्यू पहुंची। टीम ने होटल में ठहरे लोगों के बारे में पड़ताल की तो पता लगा कि दो दिन से कमरा बुक हैं। पुलिस कमरा नंबर 205 पहुंची तो उन्हें ग्राम मोल्टा, थाना जोशीमठ, जिला चमोली निवासी पंकज सिह बिष्ट पुत्र शंकर सिंह मिला। पहचान की तस्दीक के बाद पुलिस ने तलाशी ली तो दो हिस्सों में बंटी सिंगल बैरल 12 बोर की बंदूक और तीन कारतूस मिले। पंकज के पास बंदूक का लाइसेंस नहीं था। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि जांच की जा रही है कि पंकज गैर लाइसेंसी बंदूक के साथ किस नीयत से होटल में रूका हुआ था।

# विचाराधीन बंदी की इलाज के दौरान मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला कारागार नैनीताल में बंद एक 30 वर्षीय विचाराधीन बंदी की उपचार के दौरान सुशीला तिवारी अस्पताल में मौत हो गई। मृतक युवक बनभूलपुरा क्षेत्र का निवासी था और एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल में बंद था। जानकारी के मुताबिक युवक लंबे समय से गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहा था। वह नशे के इंजेक्शन का आदी था, जिसके कारण उसे एचआईवी संक्रमण हो गया था। उसकी तबियत बिगड़ने पर बीते 12 फरवरी को पहले उसे बीडी पांडे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे चिकित्सकों द्वारा हल्द्वानी सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जा रहा कि मृतक को पूर्व में काला पीलिया भी हो चुका था, लेकिन वह उससे उबर चुका था। हाल के दिनों में उसे लगातार तेज बुखार की शिकायत थी, और उसका इलाज सुशीला तिवारी अस्पताल में चल रहा था। बुधवार रात अचानक उसकी हालत बिगड़ गई, और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। गुरुवार को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में वीडियोग्राफी के साथ पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जा रहा है कि मृतक हेपेटाइटिस बी से भी ग्रस्त था। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट हो सकेगा।

# अदालतों को धमकी: पुरानी कड़ियों से भी तार जोड़ रही पुलिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** चार दिन पहले नैनीताल जिला कोर्ट को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी मिलने से पुलिस-प्रशासन में हड़कंप मच गया। धमकी के बाद पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई शुरू की, लेकिन इसके बाद से लगातार ई-मेल के माध्यम से धमकियां मिलने का सिलसिला जारी है। इन धमकियों के पीछे टॉर डार्कवेब का भी मामला सामने आया, लेकिन अब तक पुलिस को कोई ठोस सबूत नहीं मिल सके हैं। पुलिस के अनुसार वर्ष 2023 के अगस्त महीने में भी हाईकोर्ट नैनीताल को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। ये धमकी सीधे हाईकोर्ट को नहीं भेजी गई थी। बल्कि धमकी भेजने वाले ने नैनीताल पुलिस के ऑफीशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर भेजी थी। मामले में तल्लीताल पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और पड़ताल शुरू की गई तो इस मामले में दिल्ली के रहने वाले नितिन शर्मा का नाम सामने आया। जिसके बाद पुलिस ने धमकी देने वाले इस आरोपी को आंध्रप्रदेश से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। लेकिन अब वह कहा है किसी को नहीं पता। पुलिस अब यह जांच रही है कि क्या इस नई धमकी और पूर्व में मिली धमकियों के बीच कोई संबंध तो नहीं है। इधर एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि धमकी भेजने वाले के डिजिटल फुट प्रिंट की तलाश की जा रही है और साइबर पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है। साथ ही पुलिस ने यह भी कहा कि पूर्व में मिली धमकी को भी वर्तमान मामले की जांच में शामिल किया गया है।

# वरिष्ठ नागरिकों की सुविधाओं में ढील बर्दाश्त नहीं: वर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी हरिद्वार के शपथ ग्रहण समारोह में वरिष्ठ नागरिक परिषद उत्तराखंड के उपाध्यक्ष नवीन वर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को सुविधाएं दिलाने में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की चिकित्सा सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री द्वारा वरिष्ठ नागरिकों की सेवा के लिए प्रदेश के चार कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपे गए हैं। अब यह दायित्वधारियों की जिम्मेदारी है कि वे यह सुनिश्चित करें कि बुजुर्गों को उनका अधिकार और सम्मान समय पर मिल रहा है या नहीं। उन्होंने कहा कि समाज और राष्ट्र की लंबे समय तक सेवा करने वाले वरिष्ठ नागरिकों को सेवानिवृत्ति के बाद सम्मान और सुरक्षा प्रदान करना समाज व सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि समाज कल्याण विभाग के माध्यम से प्रदेश के प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक को सीनियर सिटीजन कार्ड उपलब्ध कराने की मुहिम चलाई जा रही है, जिससे उन्हें अतिरिक्त सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा अप्रैल के प्रथम सप्ताह में हल्द्वानी में वरिष्ठ नागरिक सम्मान एवं खेल समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री की उपस्थिति प्रस्तावित है। इस मौके पर पूर्व न्यायाधीश राकेश टंडन, ललितानंद गिरी महाराज, व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष राजीव पराशर, प्रदेश मंत्री विजय शर्मा, विष्णु शर्मा आदि मौजूद रहे।

### जिज्ञासा गंगवार ने पास की जेईई मेंस परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीरशिवा सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा जिज्ञासा गंगवार ने जेईई मेंस परीक्षा में 99.36 पर्सेंटाइल



प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय की संस्थापक प्रबंधक निरूपमा भट्ट तलवार, प्रबंधक तिलक राज तलवार, प्रधानाचार्या मीना सती, उप प्रधानाचार्य एचएस बब्बर, प्रशासक निशा सिंह, सलाहकार के दत्त, विभागाध्यक्ष अनीता बिष्ट, कक्षा अध्यापिका शोभा नियोलिया समस्त शिक्षकों ने जिज्ञासा बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। जिज्ञासा ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के सहयोगी वातावरण, शिक्षकों और अपने माता-पिता को दिया है।

# धूमधाम से मनाया कारगिल शहीद सैनिक स्कूल का वार्षिकोत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मोटाहल्दू।** कारगिल शहीद सैनिक स्कूल बेरीपड़ाव मोटाहल्दू में 20वां वार्षिक उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। समारोह का शुभारंभ उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं महाराष्ट्र-गोवा के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, महालक्ष्मी मंदिर के महामंडलेश्वर सोमेश्वरी और भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री दीपेंद्र कोश्यारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान स्कूल के बाल कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी। कार्यक्रम समारोह में पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने शिक्षा को सामाजिक जीवन और नागरिक कर्तव्यों के पालन में प्राथमिक स्थान देते हुए कहा कि



शिक्षा से ही सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने बच्चों को अनुशासित, बहादुर और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत बनाने पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने भारतीय संस्कृति और भाषा की समृद्धि से भारत में राम राज्य की स्थापना के विश्वास को साझा किया। महामंडलेश्वर सोमेश्वर यति और दीपेंद्र कोश्यारी ने स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की सराहना की और संस्कारवान शिक्षा पर विशेष बल दिया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक डा. उमेश चंदोला, विद्यालय के प्रचार्य कृष्ण भट्ट, जिला पंचायत सदस्य दीपा चंदोला, पूर्व जिला पंचायत सदस्य कमलेश चंदोला, इंदर सिंह बिष्ट, भास्कर भट्ट, जगदीश पांडे, रोहन, मनमोहन पुरोहित, सुंदर कांडपाल, दिलीप बोरा आदि मौजूद रहे।

# समस्याओं को लेकर यूकेडी ने नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उचित मानकों के अनुसार स्पीड ब्रेकर निर्माण व कूड़ेदान से फैल रही गंदगी के विरोध में यूकेडी कार्यकर्ताओं ने नगर निगम पहुंचकर नगर आयुक्त परितोष वर्मा को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र ही समस्याओं का समाधान करने की मांग की। गुरूवार को यूकेडी महानगर अध्यक्ष हरीश जोशी व उपाध्यक्ष जसविन्द



पाल सिंह के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने नगर आयुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि शहर के वार्ड-4 में अनियोजित एवं अव्यवस्थित स्पीड ब्रेकरों के कारण आए दिन हादसे हो रहे है। उन्होंने कहा कि उचित मानकों के अनुसार स्पीड ब्रेकरों के निर्माण एवं सुधार किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वार्ड के मुख्य स्थान पर एक कूड़ेदान रखा गया है, कूड़ेदान से फैल रही गंदगी और दुर्गंध से आस-पास के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि उक्त कूड़ेदान को वहां से हटाकर उचित स्थान पर स्थापित किया जाए। ज्ञापन देने वालों में हरीश जोशी, जसविंदर पाल सिंह, हरीश पांडे आदि शामिल रहे।

# सारथी ने कराया होली महोत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सारथी फाउंडेशन समिति द्वारा गुरूवार को एक बैंक्विट हॉल में पंचम होली महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल, राज्यमंत्री शंकर कोरंगा, संस्था अध्यक्ष नवीन पंत, सचिव ज्ञानेद्र जोशी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम की शुरुआत नूपुर नृत्य कला केंद्र द्वारा गणेश वंदना से हुई, उसके बाद महिलाओं द्वारा कुमाउनी होली गायन, वादन और स्वांग का शानदार प्रदर्शन किया गया। विभिन्न टीमों ने होली के संदेशात्मक झांकियां पेश की। इस दौरान फूलों की होली का भी आयोजन किया गया जिसमें



होल्यारों ने रंग-बिरंगे फूलों के साथ आनंद लिया। इसके साथ ही साइबर अपराध, जंगलों के संरक्षण, स्वरोजगार को बढ़ावा देने और जागरूक मतदाता बनने जैसे महत्वपूर्ण संदेश समाज को दिए गए। इस मौके पर विधायक सुमित हृदयेश, आनंद सिंह दरम्वाल, पूर्व मेयर डा. जोगेंद्र सिंह रौतेला, राज्यमंत्री दिनेश आर्य, रेनू अधिकारी, राहुल छिम्वाल, कंचन उप्रेती, किशोर पंत, मधुकर श्रोतीय, हुकुम सिंह कुंवर, योगेश जोशी, प्रकाश मेहता, बॉबी आर्य, अलका जीना प्रतिभा जोशी, हरीश पांडे, शोभा बिष्ट, राजेंद्र सिंह बिष्ट, हेमा हर्बोला, नवनीत राणा, रत्ना श्रीवास्तव, सहित समिति के कमल जोशी, केतन जायसवाल, संदीप भट्ट, हेमा जोशी, मीना शाही, रंजना जोशी, रमा जोशी, कौशल्या जोशी, पूजा पन्त, जोशी, आभा, दीप्ती जोशी, संतोष गौड़ आदि रहे।

# बागनाथ व आर वन सेमीफाइनल में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बागेश्वर द्वारा खेले जा रहे जिला क्रिकेट लीग में गुरूवार को दो मैच खेले गए। पहला मैच जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में बागनाथ क्रिकेट क्लब तथा नीरज राठौर रेड क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया।



बागनाथ क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। नीरज राठौर रेड क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 33वें ओवर में 214 रनों पर आलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बागनाथ क्रिकेट क्लब की टीम ने 29वें ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 216 रन बनाकर मैच आसानी से जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जबकि दूसरा मुकाबला आर वन क्रिकेट क्लब तथा प्लेफिट क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया। जिसमें प्लेफिट ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया तथा आर वन क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 361 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसमें अरुण रजोरा ने 108 ,उत्कर्ष ने 86 तथा श्रीकांत ने 62 रनों की अहम पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्लेफीट क्रिकेट क्लब की टीम ने 46 ओवर में सभी विकेट खोकर 284 रन ही बना सकी, और आर वन क्रिकेट क्लब ने 77 रनों से मैच जीतकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई।

# हिन्दू सम्मेलन: स्वदेशी विचारों पर जोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गुरूवार को हल्द्वानी के जेडीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य धर्म की रक्षा और सांस्कृतिक चेतना के लिए हिन्दू समाज को संगठित करना था। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ताओं ने हिन्दू धर्म, प्राचीन संस्कारों और स्वदेशी विचारों के महत्व पर प्रकाश डाला। सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्य वक्ता भागवत किंकर, श्रद्धेय नमन कृष्ण महाराज और भगवान सिंह कार्की ने संबोधन दिया। उन्होंने भारत को प्राचीन काल से हिन्दू राष्ट्र बताते हुए कहा कि इसे अलग से स्थापित करने की आवश्यकता नहीं है। वक्ताओं ने यह भी स्पष्ट किया कि कुछ लोग हिन्दू



समाज को जातियों में विभाजित कर उसे कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि प्राचीन वर्ण व्यवस्था जन्म के आधार पर नहीं, बल्कि व्यक्ति के कर्मों पर आधारित थी, और यह परिवर्तनशील रहती है। उन्होंने कहा कि हिन्दू समाज को अपने प्राचीन गौरव और मूल्यों को संरक्षित करने के लिए लगातार प्रयासरत रहना चाहिए। कार्यक्रम में स्थानीय पार्षद विद्या देवी, तनुजा जोशी, हृदयेश कुमार, सूरज प्रकाश तिवारी, गिरीश तिवारी, देवी दयाल उपाध्याय, अनिल धानक, पन राम, पवन, महेश जोशी, मुन्नी बिष्ट, नरेश बिष्ट, नवल, पंकज अधिकारी, वीरेंद्र बिष्ट, रिंकू आर्य, शंकर कोहली आदि मौजूद रहे।

# सीवर लाइन चोक, बद्रीपुरा के लोगों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बद्रीपुरा तल्ला क्षेत्र में सीवर लाइन चोक होने से क्षेत्रवासियों को हो रही दिक्कतों को लेकर गुरूवार को क्षेत्रवासियों ने स्थानीय पार्षद रवि जोशी के नेतृत्व में जल निगम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने कहा कि अगर शीघ्र ही सीवर लाइन की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्रवासी उग्र आंदोलन को बाध्य होगे। धरना स्थल पर हुई सभा में स्थानीय पार्षद रवि जोशी ने कहा कि 40 साल पुरानी सीवर लाइन अब चोक की स्थिति में है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजमर्रा की जिंदगी में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। रवि जोशी ने कहा कि उन्होंने कई बार अधिकारियों को काम शुरू करने के लिए कहा, लेकिन तारीख पर तारीख देते हुए



अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। क्षेत्रवासियों के धरने की सूचना पर पहुंचे जल निगम के एई यशपाल ने मौके पर पहुंचकर क्षेत्रवासियों को एक सप्ताह के भीतर सीवर लाइन का काम शुरू करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद लोगों ने अपना धरना समाप्त किया। उन्होंने कहा अगर एक सप्ताह पर सीवर लाइन का कार्य शुरू नही हुआ तो वह उग्र आंदोलन को बाध्य होगे। धरना प्रदर्शन में गोविंद शर्मा, ललित तिवारी, आशीष गोयल, चंपा पांडे, जगदीश, नवीन जोशी, अनुजकांत अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, रामू वर्मा, सज्जन वर्मा, कनक अग्रवाल, राधिका मिश्रा, चंपा काराकोटी, ममता मेहरा, जय नेगी मौजूद रहे।

## जलभराव, टूटी सड़कों और क्षतिग्रस्त नालियों पर आक्रोश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** तल्ली बमौरी में जलभराव, टूटी सड़कों और क्षतिग्रस्त नालियों को ठीक करने की मांग को लेकर स्थानीय पार्षद राजेन्द्र सिंह जीना के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने नगर निगम पहुंचकर नगर आयुक्त परितोष वर्मा को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र ही समस्या का समाधान करने की मांग की। गुरूवार को वार्ड-9 के दर्जनों लोग पार्षद राजेन्द्र सिंह जीना के नेतृत्व में एकत्र हुए और नगर निगम कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस दौरान नगर आयुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में पार्षद राजेन्द्र सिंह जीना ने कहा कि आनंदपुरी, विवेकानंद इनक्लेव, महेश नगर और



कलावती कालोनी में पिछले कई वर्षों से जलभराव, टूटी सड़कों और क्षतिग्रस्त नालियों की समस्या बनी हुई है। समस्याओं को लेकर कई बार मौखिक व लिखित तौर पर भी अवगत करा चुके है लेकिन क्षेत्र की समस्या जस की तस बनी हुई। उन्होंने कहा बारिश के समय नालियों का गंदा पानी लोगों के घरो में भर जाता है। इसके साथ ही पूरे वार्ड में जलभराव जैसे समस्या उत्पन्न हो जाती है। जिससे आने जाने वालो लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पार्षद ने कहा अगर जल्द ही वार्ड की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वह क्षेत्र की जनता के साथ नगर निगम कार्यालय में धरना प्रदर्शन को मजबूर होगे। नगर आयुक्त ने आश्वासन दिया कि जल्द ही वार्ड की समस्या का समाधान कर दिया जायेगा। ज्ञापन देने वालो में भूपेश जोशी, मदन बिष्ट, मोहन सिंह नेगी, मोहन चन्द्र अधिकारी, राजू पंत, मनोज लोहनी, पुष्पा जोशी, प्रेमा उप्रेती, नेहा उप्रेती, ममता जोशी, ज्योति जोशी आदि मौजूद रहे।

**शराब के साथ एक धरा**-**हल्द्वानी।** रात्रि चैकिंग के दौरान मुखानी पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष मुखानी सुशील जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इस दौरान आरोपी विकास कुमार पुत्र इंद्रलाल को 192 टेट्रा पैक देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।

**सूचना**

सूचित है कि मैं विकास गोयल पुत्र श्री सुरेश कुमार गोयल हाल निवासी रामजी विहार रामपुर रोड, हल्द्वानी जिला नैनीताल का जीतपुर नेगी रामपुर रोड में खसरा नं. 156 मि. रकवा 1550 वर्गफीट राजेन्द्र सिंह मेहरा व सोमिल गुप्ता से क्रय की गयी थी, जिसका रजिस्ट्री क्रमांक 339 दिनांक 19.01.2018, बुक नं. 1 जिल्द नं. 2720 पेज 49-62 व 3779 दिनांक 16.06.2013 जिल्द नं. 2211 पेज नं. 24-26 है, जो रजिस्ट्रार कार्यालय हल्द्वानी में पंजीकृत हैं, वास्तव कहीं खो गए हैं, इनका प्रयोग अवैध होगा।

**विकास गोयल**
**पुत्र श्री सुरेश कुमार गोयल,**
**रामजी विहार रामपुर रोड,**
**हल्द्वानी।** (मो. 9824912111)

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बुजुर्ग महिला की निर्मम हत्या

- सिर पर लोहे की रॉड से वार कर हत्या की आशंका
- लगातार हो रही घटनाओं से क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** खटीमा की देवभूमि कॉलोनी से एक बुजुर्ग महिला की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बुधवार देर रात उस समय अफरातफरी मच गई जब 65 वर्षीय जानकी चंद्र पत्नी स्वर्गीय हरीश चंद, अपने ही दो मंजिला घर में मृत अवस्था में पाई गई। मृतक महिला घर में अकेली थी।प्रारंभिक जांच में सिर के पीछे लोहे की रॉड से वार किए जाने की आशंका जताई जा रही है। जिससे हत्या की क्रूरता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

बताया जा रहा है कि जानकी चंद्र मकान की ऊपरी मंजिल पर अकेली रहती थीं जबकि निचले हिस्से में किरायेदार रहते हैं। घटना का खुलासा तब हुआ जब आर्मी में तैनात उनके छोटे पुत्र ने लगातार दो दिनों तक फोन कॉल का जवाब न मिलने पर चिंता जताई। परिजनों को सूचना देने के बाद घर का ताला तोड़ा गया, जहां महिला संदिग्ध परिस्थितियों में मृत अवस्था में मिलीं। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी बाहर से ताला लगाकर फरार हो गया, जिससे मामला और भी रहस्यमय हो गया है। मृतका के परिवार में दो विवाहित बेटियां और एक अविवाहित पुत्र हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार वे आध्यात्मिक संस्था ब्रह्माकुमारी से जुड़ी थीं और अक्सर धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए बाहर आती-जाती रहती थीं।

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाए गए तथा पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए उप जिला चिकित्सालय खटीमा भेज दिया गया। पुलिस किरायेदारों सहित आसपास के लोगों से गहन पूछताछ कर रही है और सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

घटना के बाद देवभूमि कॉलोनी सहित पूरे क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल है। आखिर घर के भीतर घुसकर इस वारदात को किसने अंजाम दिया और मकसद क्या था,यह अभी जांच का विषय है। वहीं पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि सभी संभावित पहलुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

जिले के कप्तान के निर्देश पर मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष जांच टीम भी गठित कर दी गई है। किरायेदारों व पड़ोसियों से गहन पूछताछ जारी है। घटना के बाद देवभूमि कॉलोनी सहित पूरे खटीमा क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल है।

# राकेश खनवाल की धुनों पर झूमे लोग

- प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने 51 पशु सखियों को वितरित किए मोबाइल फोन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर के सरस आजीविका मेले में सांस्कृतिक कार्यकमों की धूम रही। प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने ग्रामोत्थान रीप परियोजना के अंतर्गत 51 पशु सखियों को मोबाइल फोन वितरित किए। ग्रामोत्थान रीप परियोजना के अंतर्गत विकास खण्ड रुद्रपुर के प्रतिभा सीएलएफ बंडिया, रुद्रा सी लएल एफ नारायणपुर, आजाद सी एल एफ बरा एवं नारी शक्ति सीएलएफ बगवाड़ा को 6-6 लाख के अनुदान राशि के चेक वितरित किए।

जोशी ने कहा कि उत्तराखंड में पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि धामी सरकार द्वारा प्रदेश में अनेक प्रभावी एवं जनहितकारी कानून लागू किए गए हैं, जिनके माध्यम से राज्य को सुरक्षित, व्यवस्थित एवं विकासोन्मुख बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने युवाओं के भविष्य को संवारने हेतु पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया अपनाते हुए 25 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी सेवाओं में नियुक्ति प्रदान करने का महत्वपूर्ण कार्य किया है, जो पूर्व में असंभव माना जाता था। यह राज्य में सुशासन एवं रोजगार सृजन की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मेले में स्वयं सहायता समूह के द्वारा लगाए गए स्टॉलों का मंत्री जोशी ने निरिक्षण किया।

वहीं सरस आजीविका मेला के पांचवें दिन आयोजित जनजातीय सांस्कृतिक संध्या ने मेले में पहुंचे जनसमूह को मनोरंजन, उत्साह और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण जनजातीय बॉलीवुड नाइट रही, जिसमें प्रसिद्ध कलाकार राकेश खनवाल ने अपनी जादुई आवाज और सुरीली पहाड़ी धुनों से दर्शकों में जबरदस्त जोश भर दिया।

खनवाल की प्रस्तुतियों पर युवा और बुजुर्ग सभी झूमते नजर आए। इससे पूर्व हिमनाद बैंड ने अपनी शानदार और धमाकेदार प्रस्तुति देकर कार्यक्रम की शुरुआत की, जिसकी धुनों पर श्रोता खूब नाचे। सांस्कृतिक संध्या के दौरान मंच पर उत्तराखंड की गौरवशाली जनजातीय लोक कला का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## एक नजर

### व्यवसाइयों ने पालिकाध्यक्ष के समक्ष रखीं समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** आजाद मार्केट इंटर कॉलेज रोड के फड़ व्यवसाईयों एवं व्यापारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी से उनके कार्यालय पर मुलाकात किया तथा अपनी समस्याओं से पालिका अध्यक्ष को अवगत कराया। इसके साथ ही उन्होंने कुछ महत्वपूर्ण सुझाव रखे। वहीं पालिका अध्यक्ष जोशी ने व्यापारियों की समस्याओं एवं सुझावों से अवगत होकर उनके निस्तारण के लिए सकारात्मक आश्वासन दिया। इस मौके पर शादाब, सुल्तान, आलम तथा जान मोहम्मद आदि व्यवसाई मौजूद थे।

### रसोई से दो गैस सिलेंडर चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता ।** बीती रात अज्ञात चोरों ने पूर्व सभासद के घर में घुसकर रसोई में रखें दो गैस सिलेंडरों को चोरी कर लिया। पता चलने पर पीड़ित ने घटना की लिखित तहरीर कोतवाली पुलिस को सौंपी है।

गुरुवार को नगर पंचायत के पूर्व सभासद नरेन्द्र सिंह पुत्र मान सिंह निवासी तपेडा वार्ड 7 नानकमत्ता ने कोतवाली पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि 18 फरवरी 2026 की रात समय करीब 12:00 बजे अज्ञात चोरों घर में घुसकर घर की रसोई में रखे दो इण्डेन गैस के सिलेण्डर चोरी कर ले गए हैं। इधर सौंपी गयी तहरीर पर समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज ही हो पाया था।

### तीनपानी डैम के पुनर्निर्माण को बजट जारी होने पर महापौर का किया अभिनंदन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** महापौर विकास शर्मा के प्रयासों से तीनपानी डेम के पुनर्निर्माण के लिए बजट जारी होने पर वार्डवासियों ने पार्षद पवन राणा की अगुवाई में महापौर विकास शर्मा का जोरदार अभिनंदन करते हुए आभार व्यक्त किया। अभिनंदन कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व विधायक राजेश शुक्ला का भी वार्डवासियों ने स्वागत किया।

बता दें फुलसूंगा वार्ड एक स्थित तीन पानी डेम पर जल निकासी दुरूस्त नहीं होने के कारण बरसात में पानी ओवर फ्लो होने से आस पास की कई कालोनियों में जल भराव के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता थ। साथ ही जलभराव करने के आवाजाही भी प्रभावित होती थी। सितम्बर माह में महापौर विकास शर्मा ने खटीमा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर इस समस्या को प्रमुखता से उठाकर डैम के पुननिर्माण का आग्रह किया था, जिस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत मामले में जिलाधिकारी को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए थे।

जिला प्रशासन से प्रस्ताव मिलने के बाद शासन ने डेम निर्माण के लिए राज्य सैक्टर पोषित बांध बैराज का निर्माण एवं आधुनिकीकरण/नहर/नलकूप/जल टंकी पुनरोद्धार मद के अन्तर्गत 1 करोड़ 74 लाख 81 हजार की धनराशि स्वीकृत कर दी है और पहली किश्त के रूप में 1 करोड़ 4 लाख 89 हजार की धनराशि सिंचाई विभाग को जारी कर दी है। महापौर के प्रयासों से डैम के पुननिर्माण के लिए बजट जारी होने पर गुरुवार को वार्ड में अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें पार्षद पवन राणा के नेतृत्व में वार्ड के सैकड़ों लोगों ने महापौर का फूल मालाओं से लादकर जोरदार अभिनंदन किया। इस अवसर पर सुरेश कोली, विजय तोमर, चंदन भट्ट, रोहित भट्ट , सुरेश गौरी, राम सिंह बिष्ट, सुनील यादव, अखिलेश सिंह, हरिओम गंगवार, अनिल शर्मा, आर्यन शर्मा आदि सैकड़ों मातृशक्ति एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### डंपर की टक्कर से एक व्यक्ति गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नेशनल हाईवे 74 पर ग्राम महेशपुरा के पास सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति को तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घायल व्यक्ति हाईवे पार कर रहा था, तभी अचानक आए डंपर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही दोराहा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल अस्पताल भिजवाया, जहां उसका उपचार किया गया। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। घायल व्यक्ति की पहचान उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी निवासी के रूप में हुई है।

### पालिका अध्यक्ष जोशी से मिले आजाद मार्केट के फड़ व्यवसायी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नगर पालिका द्वारा आजाद मार्केट को अन्यत्र बसाने एवं इस मार्केट को टकनपुर रोड से मिलने की कवायत होने लगी है। पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी रामू से मिले आजाद मार्केट के फड़ व्यापारियों ने वर्ष 2012-13 से रुके किराए को किश्तवार अदा करने एवं किराए की रसीद किराया जमा करने वाले के नाम से काटने की मांग की। जिसपर पालिका अध्यक्ष जोशी ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

पालिका अध्यक्ष रमेश जोशी से मिले आजाद मार्केट के दुकानदारों ने बताया कि वह पिछला किराया एक मुफ्त जमा करने में असमर्थ हैं। उन्होंने प्रतिमाह किराए के साथ कुछ रकम पुराने किराए की जमा करने की व्यवस्था की मांग की। पालिका अध्यक्ष जोशी ने कहा कि जिसके नाम से फल आमंत्रित हुए हैं उन्हीं के नाम से ₹300 प्रतिमाह किराया जमा होगा। पालिका अध्यक्ष जोशी ने वाइंडर जॉन व्यवस्था पूरा किराया अदा करने पर हो सकेगी।

पालिका अध्यक्ष जोशी ने आजाद मार्केट के व्यापारियों को अधिशासी अधिकारी से विचार विमर्श उपरांत उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। पालिका अध्यक्ष जोशी से मिलने वाले मोहम्मद जफर, मोहम्मद हबीब, परवेज, शादाब, मोहम्मद आलम गुड्डू खान, डिगर सिंह गैडा, सुल्तान , आलम, जान मोहम्मद राजकुमार आदि सम्मिलित थे।

# दो प्रधानाध्यापक सहित शिक्षिका निलंबित


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी उधम सिंह नगर हरेंद्र कुमार मिश्रा ने तीन विद्यालयों के औचक निरीक्षण कर वित्तीय व प्रशासनिक अनियमितताएं सामने आने पर दो प्रधानाध्यापकों और एक शिक्षिका को निलंबित कर दिया है। मामले राप्रावि बैतखेड़ी बाजपुर, राप्रावि मडैयाहट्ट केलाखेड़ा राप्रवि इस्लाम नगर खटीमा के हैं।

डीईओ ने बताया कि 13 फरवरी को बैतखेड़ी के स्कूल के औचक निरीक्षण पर दो अलग-अलग आवागमन पंजिकाएं मिले हैं। यहां पर कई अन्य कमियां भी मिली। इस मामले में तीन विद्यालयों के औचक निरीक्षण में सामने आई कमियां मोहम्मद यूसुफ एवं अन्य सहायक अध्यापकों से स्पष्टीकरण मांगा है। दूसरी ओर 8 सितंबर 2025 को विकासखंड बाजपुर के विद्यालय मडैयाहट्ट के निरीक्षण पर पता चला कि प्रभारी प्रधानाध्यापक अंगन लाल बिना प्रभार हस्तांतरण किए अवकाश पर चले गए थे। पूर्व में दिए नोटिस का जवाब संतोषजनक न होने पर उनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई। उनको उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय, रुद्रपुर से संबद्ध किया गया है। सहायक अध्यापिका की नियुक्ति संदिग्ध मिली। वहीं इस्लामनगर खटीमा में उपशिक्षा अधिकारी के निरीक्षण में सहायक अध्यापिका कीर्ति राना की नियुक्ति संदिग्ध मिली उनपर कूटरचित प्रमाणपत्र से नियुक्ति प्राप्त करने का आरोप था। स्पष्टीकरण संतोषजनक न मिलने पर कीर्ति को निलंबित कर उपशिक्षा अधिकारी कार्यालय खटीमा से संबद्ध कर दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी हरेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि अनियमितताएं मिलने पर तीन शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया है।

# खटीमा ब्लॉक कैंपस में हाईटेक सभागार तैयार

- लाइब्रेरी, वीबीजी राम जी भवन आदि निर्माणाधीन
- आगामी जनजाति होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे सीएम धामी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** विकास खंड परिसर की महत्वपूर्ण इमारतों एवं कार्यालयों का क्षेत्र पंचायत की देखरेख में कायाकल्प किया जा रहा है। जिसके तहत लगभग एक करोड़ से अधिक की लागत से भव्य आधुनिक ब्लॉक सभागार, क्षेत्र पंचायत एवं खंड विकास अधिकारी कार्यालय, आधुनिक पुस्तकालय, कृषक भवन (विश्रामगृह), वीबीजी रामजी भवन को भव्य रूप दिया जा रहा है।

ब्लॉक प्रमुख सरिता राणा एवं खंड विकास अधिकारी संजय कुमार गांधी ने बताया कि शीघ्र ही ब्लॉक परिसर को भव्य एवं आधुनिक रूप दिया जाएगा। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ब्लॉक प्रमुख प्रति. निधि रविंद्र सिंह राणा ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विकास की सोच की एक झलक विकास खंड में देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि ब्लॉक परिसर में लगी सात महान विभूतियों की मूर्तियों को वास्तविक आकार देकर एक स्थान पर स्थापित किया जाएगा। ब्लॉक परिसर के खाली पड़े भू-भाग में उगे झाड़ झंकार को साफ कर उसमें टाईल्स लगाकर भव्य रूप दिया जाएगा। ब्लॉक परिसर को सुंदर भव्य एवं आकर्षक बनाने के साथ ही सुविधाजनक बनाने का बखूबी प्रयास जारी है। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि व वरिष्ठ भाजपा नेता रविंद्र राणा ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मुख्य आतिथ्य में 8 से 14 मार्च तक किसी भी दिन भव्य होली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें तराई गुलदस्ते की रंगारंग होलियों का समागम होगा। उन्होंने होली मिलन समारोह में अधिक से अधिक लोगों को प्रतिभाग करने की अपील की। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रविंद्र सिंह राणा ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश के साथ ही खटीमा में भी तमाम विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में ब्लॉक परिसर का सौंदर्यीकरण, पुस्तकालय निर्माण, बीडीओ आवास निर्माण, वीबीजी राम जी भवन तथा सभागार भवन को अत्याधुनिक बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है।

वहीं उन्होंने बताया कि आमजन की सुविधा हेतु एक फ्रीजर लगाने तथा बैठने हेतु कुर्सियों की व्यवस्था, साफ सुथरा शौचालय आदि की व्यवस्था की जा रही है। वहीं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राणा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी रोड, नाली, पेयजल, आंगनबाड़ी तथा स्कूलों आदि से संबंधित समस्याओं को मुख्यमंत्री से अवगत कराकर उन सभी समस्याओं के समाधान का भी प्रयास किया जाएगा।

# युवक ने थाने के बाहर किया आत्मदाह का प्रयास

- मौजूद पुलिसकर्मियों की सतर्कता से टली बड़ी अनहोनी
- न्याय नहीं मिलने से था परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** एक चाय विक्रेता की पीड़ा उस समय चरम पर पहुंच गई जब न्याय न मिलने से परेशान होकर उसने बृहस्पतिवार को आत्मदाह करने की कोशिश कर दी। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों की सजगता से बड़ा हादसा टल गया, लेकिन इस घटना ने पुलिस व्यवस्था और जनप्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं।

पीड़ित सोनू का आरोप है कि करीब चार महीने पहले रविवार बाजार में उसकी पत्नी का पर्स किसी अज्ञात व्यक्ति ने छीन लिया था। पर्स में मोबाइल फोन और हजारों रुपये नकद रखे थे। घटना के बाद से वह लगातार थाने और संबंधित अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है, लेकिन अब तक न तो मुकदमा दर्ज हुआ और न ही जांच में कोई ठोस प्रगति दिखाई दी। सोनू का कहना है कि उसने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से भी मदद की गुहार लगाई, पर हर जगह उसे केवल आश्वासन ही मिला। न्याय की उम्मीद टूटने पर वह पहले अपनी पीड़ा मीडिया के सामने लेकर पहुंचा और बाद में जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार शिविर के बाहर मजबूर होकर पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने का प्रयास किया।

घटना स्थल पर तैनात पुलिसकर्मियों ने तुरंत हस्तक्षेप कर उसे रोक लिया और स्थिति को नियंत्रित किया, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। हालांकि सवाल यह बना हुआ है कि यदि समय रहते उसकी शिकायत पर कार्रवाई होती, तो क्या उसे इतना कठोर कदम उठाने की नौबत आती? यह मामला प्रशासनिक लापरवाही और आम नागरिक की बेबसी को उजागर करता है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि छोटे मामलों में भी पुलिस संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई दिखाए, तो ऐसी दुखद घटनाओं से बचा जा सकता है।

# अवैध खनन रोकने गई टीम पर बोला हमला

- हमलावरों ने वन दरोगा की वर्दी फाड़ी
- वन दरोगा की तहरीर पर पिता-पुत्र समेत कई लोगों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** रनसाली आरक्षित वन क्षेत्र में अवैध खनन रोकने गई वन विभाग की टीम पर पिता पुत्रों ने हमला कर दिया। हमलावरों ने वन दरोगा की वर्दी भी फाड़ दी। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जान शुरू कर दी है।

रनसाली रेंज के आरक्षित वन क्षेत्र मेंअवैध खनन रो. कने गए वन दरोगा नंदकिशोर पांडे ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि बुधवार को वह वनकर्मी भूपेंद्र कुमार, शक्ति सिंह, सूरज कार्की के साथ आरक्षित वन क्षेत्र के कक्ष संख्या एक में पहुंचे, तब उन्होंने देखा कुछ ट्रैक्टर ट्रालियों में अवैध खनन सामग्री को भरा जा रहा है। इसके बाद स्थानीय रोपण रक्षक सूरज कार्की ने बताया कि कैलाश नदी में भरे जा रहे खनन में राजकुमार निवासी साधुनगर, उसके बेटे सम्मलित हैं। मौके पर पहुंचने पर जब वन विभाग की टीम ने आरोपियों से खनन संबंधित कागजात मांगे, तब वह नहीं दिखा सके। इसके बाद वन विभाग की टीम अवैध खनन भरे वाहनों को रेंज कार्यालय ले जाने लगी। आरोप है इस दौरान पांच हमलावरों ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए वाहन से कुचलना का प्रयास किया। आरोप लगाया कि इस दौरान उन्हें गिराकर आरो. पियों ने उसकी वर्दी फाड़ दी। इस हमले में उसका मोबा. इल भी गुम हो गया। उन्होंने अवैध खनन में लिप्त 3 ट्रैक्टरों पर कार्रवाई की मांग करते हुए हमलावरों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की मांग की है। वन विभाग के दरोगा ने आरोप लगाया कि हमलावर उन्हें झूठे केस में फसाने की धमकी भी दे गए हैं। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मंदिर के दान पात्र चोरी का खुलासा

- पुलिस ने दो आरोपी दबोच कर जेल भेजे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** सुल्तानपुर पट्टी बाजार स्थित देवी मंदिर से दान पात्र चोरी की घटना का पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों के कब्जे से नकदी और चोरी किया गया दान पात्र बरामद किया गया है।

कोतवाली बाजपुर के प्रभारी निरीक्षक नरेश चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि 17 फरवरी को वादी अजय कुमार गुप्ता द्वारा कोतवाली में तहरीर दी गई थी। तहरीर में उल्लेख किया गया कि 15 फरवरी की रात्रि अज्ञात चोरों ने सुल्तानपुर बाजार स्थित देवी मंदिर के गेट का ताला तोड़कर दान पात्र चोरी कर लिया था, जिसमें लगभग 15 से 20 हजार रुपये की नकदी रखी हुई थी। पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए धारा 305(ए) एवं 331(4) बीएनएस के तहत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। घटना के खुलासे के लिए गठित पुलिस टीम ने ठोस सुरागरसी और पतारसी के आधार पर कोसी नदी के पास से दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इरशाद पुत्र अब्दुल रहीम तथा अनुज दिवाकर पुत्र विनोद, दोनों निवासी आदर्श नगर, सुल्तानपुर पट्टी के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान दोनों ने चोरी की वारदात में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। पुलिस ने उनके कब्जे से 8,060 रुपये नकद तथा उनकी निशानदेही पर मंदिर से चोरी किया गया दान पात्र (गुल्लक) बरामद किया। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में सुल्तानपुर पट्टी चौकी प्रभारी दीपक कौशिक के साथ कांस्टेबल बलवंत बिष्ट, नीरज कुमार, रमेश पांडे, जरनैल एवं गिरीश कांडपाल शामिल रहे। पुलिस ने दोनों आरो. पियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

# एसके पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव हर्ष व उल्लास के साथ संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** एस के पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि निशांत प्रताप सिंह अध्यक्ष नगर पंचायत गुलरिया भिंडारा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया। स्वागत गीत, सरस्वती वंदना के साथ विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथि, अभिभावकों के समक्ष समां बांधा।

मुख्य अतिथि निशांत प्रताप सिंह ने विद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर बताते हुए शिक्षण कार्य की सलाह की और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। विद्यालय प्रबंधक जगजीत सिंह ने स्वागत भाषण के साथ ही बीते 25 वर्षों के शिक्षण कार्य के अनुभव साझा करते हुए भावी योजना से अवगत कराया। उन्होंने क्षेत्र के अभिभावकों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षण संस्थान को यह मुकाम उन्हीं की देन है। शैक्षणिक निदेशक राजेंद्र सिंह एवं प्रशासनिक अधिकारी जसकिरन कौर ने अतिथियों का आभार जताते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का संकल्प दोहराया। प्रधानाचार्य मोहन चंद्र तिवारी तथा जूनियर विंग के प्रभारी सिलबेटर स्पेशर ने कार्यक्रम की सफलता के प्रति शिक्षक अभिभावक एवं विद्यार्थियों का आभार जाताया।

# विधायक ने नाबालिग लड़की की सकुशल बरामदगी पर पुलिस टीम को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



रुद्रपुर। विधायक शिव अरोरा की तत्परता व पुलिस की मुशतैदी के चलते गत दिनों बिहार के मधुबनी जिले का रहने वाला मोहम्मद अशरफ नाम का 21 वर्षीय युवक ट्रांजिष्ट वार्ड नं.2 की 17 वर्षीय युवती को बहला फुसला कर भगा ले गया था। जिसकी प्राथमिकी परिजनों द्वारा दो फरवरी को कैम्प थाने में दर्ज करवाई थी। वहीं इस लव जिहाद के विषय को लेकर पहले दिन से हीं विधायक शिव अरोरा मुखर नजर आए और उन्होंने पुलिस को मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की धरपकड़ कर सलाखों के पीछे भेजने के लिए निर्देशित किया था। ट्रांजिट कैम्प थाने की टीम व एसओजी की सयुंक्त टीम ने इस मामले में तेजी लाते हुए गुडगांव, नोएडा से लेकर पश्चिम बंगाल तक लगातार दबीश दी। कड़ी मशक्कत के बाद बिहार के मुजफ्फरपुर में मोहम्मद अशरफ की पुलिस ने धरपकड़ की और नाबालिक लड़की को देर रात सकुशल रुद्रपुर वापसी ले आए ओर आरोपी को सलाखों के पीछे भेजनें का कार्य किया।

विधायक शिव अरोरा ने ट्रांजिष्ट कैम्प थाने पहुंचकर पुलिस टीम की इस सरहानीय कार्य पर उनकी कार्यशैली की तारीफ की। वहीं नाबालिक लड़की की सकुशल वापसी के लिए विधायक ने हिन्दू सगठन व भाजपा कार्यकताओं संग ट्रांजिट थाने में पुलिस की टीम में शामिल उपनिरीक्षक महेश कांडपाल, उप निरीक्षक कीर्ति भट्ट , नेहा ध्यानी, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार व एसओजी से भूपेंद्र आर्य को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

इस दौरान गो रक्षा दल जिला अध्यक्ष विराट आर्य,मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, पार्षद एमपी मौर्य, कैलाश राठौर, बंगाली महासभा प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार साह, डीके गंगवार, मोनू निषाद, शंकर विश्वास, प्रदीप राठौर, मुकेश रस्तोगी, विजय डे, प्रेम पाल गंगवार, कृष्णा पाल, मयंक कक्कड़,राधेश शर्मा, तारक सरकार, आदेश भरद्वाज, मदन दिवाकर, राधे श्रीवास्तव, सुनील यादव, सुनील सागर, मनोज मदान, विकास सागर, नन्दकिशोर गंगवार, राजा भरद्वाज, गीता शर्मा, विक्की वाल्मीकि, नमन चावला आदि लोग मौजूद रहे।

# विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर मातृशक्ति ने कसी कमर

- 24 फरवरी को चीनी मिल मैदान में होगा भव्य आयोजन
- 10 हजार लोगों के जुटने की उम्मीद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नगर में 24 फरवरी को आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। सम्मेलन का आयोजन बाजपुर के चीनी मिल मैदान में किया जाएगा, जिसमें लगभग दस हजार लोगों के जुटने की उम्मीद जताई जा रही है। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर मातृशक्ति ने भी कमर कस ली है। घर-घर संपर्क अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम में पहुंचने का निमंत्रण दिया जा रहा है। महिलाओं द्वारा क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क कर आयोजन को सफल बनाने की अपील की जा रही है। समाजसेविका लता गोयल ने क्षेत्रवासियों से आह्वान करते हुए कहा कि यह सम्मेलन समाज को संगठित और जागरूक करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने सभी वर्गों के लोगों से परिवार सहित कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए मंच, पंडाल, बैठने की व्यवस्था और सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। सम्मेलन में विभिन्न सामाजिक व धार्मिक विषयों पर वक्ताओं द्वारा विचार रखे जाएंगे। नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सम्मेलन को लेकर उत्साह का माहौल है। आयोजक समिति का कहना है कि यह कार्यक्रम क्षेत्र में सामाजिक एकता और सांस्कृतिक जागरूकता का संदेश देगा।

# नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित बनाने का कार्य लगातार जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** जलभराव से निजात दिलाने तथा खटीमा को सुंदर बनाने के उद्देश्य से नगर के नालों की सफाई लगातार जारी है। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने गुरुवार को वार्ड नंबर 18 मे नालों की साफ-सफाई व्यवस्था का विस्तृत निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि जल निकासी की व्यवस्था सुचारु रूप से बनी रहे और बरसात के मौसम में जलभराव जैसी समस्याओं से वार्डवासियों को राहत मिल सके। इस मौके पर समस्त वार्डवासियों से भेंट कर उनकी समस्याएं भी सुनी तथा उनके, सुझाव भी लिए। वार्ड में स्वच्छता, सड़क, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य विकास कार्यों से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं उन्होंने वार्ड के समग्र विकास हेतु आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया गया। पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने जनसहभागिता से वार्ड को स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित बनाने का संकल्प दोहराया। इस मौके पर पर सभासद मुखर्जीत राणा, रविंद्र ओझा, रूपमती राणा, धर्मेंद्र राणा, वीरेंद्र राणा, शोभन राणा, शुभम पटवा आदि मौजूद थे।

# शिविर में 530 लोगों ने किया प्रतिभाग

- 38 शिकायतें हुई प्राप्त, 17 का मौके पर ही निस्तारण
- दिव्यांगों को बैटरी रिक्शा-व्हीलचेयर, 272 लोगों की जांच गदरपुर में बहु-विभागीय सेवा शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** गुरुवार को 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 530 लोगों ने प्रतिभाग किया। शिविर में स्वास्थ्य, बाल एवं महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, राजस्व, खंड विकास, पुलिस सहित कुल 20 विभागों ने भाग लेकर आम जनता की समस्याओं का समाधान किया।




कैंप में कुल 38 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 17 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। समाज कल्याण विभाग ने ग्रेट इंडिया के माध्यम से ब्ै योजना अंतर्गत 87 दिव्यांग लाभार्थियों को बैटरी ऑपरेटेड रिक्शा, व्हीलचेयर, कान की मशीन तथा अन्य सहायक उपकरण वितरित किए। बाल विकास एवं महिला सशक्तिकरण विभाग द्वारा महालक्ष्मी किट वितरण के साथ गोद भराई कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। राजस्व संबंधी सेवाओं में 33 जाति एवं स्थायी प्रमाण पत्र, 36 खतौनी, 3 हैसियत प्रमाण पत्र, 1 जाति तस्दीक तथा 5 वरासत आवेदन मौके पर निस्तारित किए गए।

खाद्य आपूर्ति विभाग ने दो राज्य खाद्य सुरक्षा कार्ड जारी किए और पांच नए आवेदन प्राप्त किए। स्वास्थ्य विभाग ने 272 लोगों की जांच की, जबकि होम्योपैथिक विभाग ने 55 लोगों को दवाइयां वितरित कीं। समाज कल्याण विभाग द्वारा 11 वृद्धावस्था, 6 विधवा और 1 दिव्यांग पेंशन स्वीकृत की गई तथा 5 UDID बस पास बनाए गए। पंचायती विभाग ने 25 परिवार रजिस्टर की नकल, 2 जन्म प्रमाण पत्र, 5 यूसीसी रजिस्ट्रेशन और 5 संशोधन किए। शिक्षा विभाग ने 31 छात्रवृत्ति चेक वितरित किए और 15 लाभार्थियों को साइकिल योजना का लाभ दिया। आधार केंद्र पर 80 आधार कार्डों में संशोधन किया गया तथा उद्यान विभाग ने 15 लाभार्थियों को बीज वितरित किए। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने कहा कि सरकार आमजन तक योजनाओं का लाभ सीधे पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसे शिविर जनसमस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी रिचा सिंह ने की।

इस अवसर पर प्रदेश मंत्री भाजपा गुंजन सुखीजा, विधायक अरविंद पाण्डेय, नगर पालिका अध्यक्ष मनोज गुंबर तथा ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## एक नजर

# पुलिस ने गुमशुदा महिला को सकुशल बरामद किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** जनपद चम्पावत में गुमशुदा महिला को सकुशल बरामद कर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। महिला के सुरक्षित मिलने से परिवार में खुशी का माहौल है।



जानकारी के अनुसार 04 फरवरी को कोतवाली चम्पावत में एक महिला की गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। परिजनों ने बताया कि महिला 27 जनवरी 2026 को बिना किसी को बताए घर से चली गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक चम्पावत रेखा यादव के निर्देश पर तत्काल खोजबीन शुरू की गई। क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली चम्पावत के नेतृत्व में एसओजी/सर्विलांस टीम के सहयोग से पुलिस टीम ने सुरागरसी-पतारसी और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर लगातार प्रयास किए। गहन जांच के बाद 18 फरवरी 2026 को महिला को ग्राम कफलढूंगा, थाना बैजनाथ, जनपद बागेश्वर से सकुशल बरामद कर लिया गया। बरामदगी के बाद महिला को विधिक औपचारिकताएं पूर्ण कर परि. जनों के सुपुर्द कर दिया गया। महिला के सुरक्षित मिलने पर परिजनों ने चम्पावत पुलिस की संवेदनशीलता, तत्परता और समर्पित कार्यशैली की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। पुलिस टीम में उ.नि.राकेश कठायत, प्रभारी चौकी चलथी, कांस्टेबल कमल नाथ, महिला कांस्टेबल नीलिमा राणा, कांस्टेबल गिरीश भट्ट (SOG) शामिल रहे।

# डायनेस्टी में हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई ग्रेजुएशन सेरेमनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फॉर्म खटीमा में गुरुवार को कक्षा नर्सरी से कक्षा दो तक के विद्यार्थियों हेतु श स्मृतम श कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं शिक्षिका हरिकेश चंद, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर मुडेला,

सहायक कृषि अधिकारी कुंदन मनोला, ग्राम प्रधान दियां नवीन कन्याल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नवीन जोशी, ग्राम प्रधान आलावृदि चंद्रकला रौतेला, मेडिकल ऑफिसर डॉ पूजा बुंगला द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा अनेकों रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । वहीं कक्षाओं में आयोजित अनेक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय के प्रबंध निद. शक धीरेंद्र चंद्र भट्ट ने समस्त विद्यार्थियों व अभिभावकों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि शिक्षा विद्यार्थियों का एक पड़ाव निश्चित करती है, वास्तविक सफलता आत्मविश्वास, मेहनत और सकारात्मक सोच से मिलती है। उन्होंने कहा कि समय -समय पर सभी अभिभावक जन विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति व धरोहरों से परिचित कराते रहें। अच्छे संस्कारों से ही विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने समस्त विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओं हेतु शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर प्रेमा भट्ट , प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, प्रशास. निक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन, हरीश भट्ट , दिगंबर भट्ट , सुरेश ओली, अशोक जोशी, ऊषा भट्ट , लिंसी त्यागी, पिंकी कापड़ी, दीपा भट्ट , दीपा डसीला,ऊषा चौसाली, हेमलता बोरा, देवकी रावत, मंजू कुंवर, हेमलता बोरा, रमेश जोशी, केशव जोशी,नर सिंह कुंवर,रेनू विश्वकर्मा, कमला राय, हेमा भट्ट आदि उपस्थित रहे।

# कॉर्बेट ढेला रेस्क्यू सेंटर की बढ़ी क्षमता

- वन मंत्री सुबोध उनियाल ने 10 नए बाड़ों और अत्याधुनिक लैब का किया लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के अंतर्गत ढेला स्थित रेस्क्यू सेंटर में गुरुवार को प्रदेश के वन मंत्री सुबोध उनियाल ने 10 नए बाड़ों का उद्घाटन किया,इस विस्तार के साथ रेस्क्यू सेंटर में बाड़ों की संख्या 20 से बढ़कर 30 हो गई है, जिससे यहां रखे जाने वाले बाघ और गुलदारों के लिए बेहतर और सुरक्षित आवास की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी,वन मंत्री ने बताया कि वर्तमान में रेस्क्यू सेंटर में 13 लेपर्ड और 12 टाइगर मौजूद हैं,कुल 25 वन्यजीवों को यहां रखा गया है और नए बाड़ों के बनने से उनकी देखभाल और प्रबंधन अधिक व्यवस्थित ढंग से किया जा सकेगा।उन्होंने कहा कि पहले सीमित स्थान के कारण वन्यजीवों के बीच आपसी संघर्ष की आशंका बनी रहती थी, लेकिन अब पर्याप्त जगह मिलने से उन्हें अलग-अलग और अनुकूल वातावरण में रखा जा सकेगा,इससे मानवख्रवन्यजीव संघर्ष की



घटनाओं में भी कमी आने की उम्मीद है।

इस अवसर पर वन मंत्री ने वन्यजीवों के सैंपल परीक्षण और आधुनिक उपकरणों के उपयोग के लिए एक अत्याधुनिक लैब का भी शुभारंभ किया, इस लैब के माध्यम से रेस्क्यू सेंटर में मौजूद वन्यजीवों की स्वास्थ्य जांच और अन्य आवश्यक परीक्षण अब स्थानीय स्तर पर ही किए जा सकेंगे, जिससे उपचार और निगरानी की प्रक्रिया और तेज व प्रभावी होगी।वनाअग्नि की घटनाओं को लेकर सुबोध उनियाल ने कहा कि पिछले चार वर्षों में जन सहभागिता बढ़ाने पर विशेष फोकस किया गया है। जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन और राजस्व विभाग को भी वन अग्नि नियंत्रण अभियान से जोड़ा गया है। जिन क्षेत्रों में आग की घटनाएं अधिक होती हैं, वहां ग्राम प्रधानों की अध्यक्षता में फॉरेस्ट फायर मैनेजमेंट कमेटियों का गठन कर प्रत्येक समिति को 30 हजार रुपये की सहायता दी गई है,उन्होंने बताया कि कर्मचारियों को आधुनिक उपकरणों जैसे फायर प्रूफ जैकेट, बूट, ब्रश कटर और वुड कटर से लैस किया गया है।साथ ही आग बुझाने में सहयोग करने वाले कर्मचारियों, समूहों और आम नागरिकों को प्रोत्साहित करने की योजना भी शुरू की गई है। इस दौरान विधायक दीवान सिंह बिष्ट, कॉर्बेट डायरेक्टर डॉक्टर साकेत बडोला, डिप्टी डायरेक्टर राहुल मिश्रा, बिन्दर पाल, डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य, ध्रुव मर्तोलिया, एसडीओ संदीप गिरी,कार्बेट के वन्यजीव चिकित्सक डॉक्टर दुष्यंत कुमार आदि मौजूद रहे।

# वन विभाग की टीम पर फायरिंग का आरोपी दबोचा, एक बंदूक बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बरहैंनी वन क्षेत्र में अवैध लकड़ी कटान के दौरान वन विभाग की टीम पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 12 बोर की बंदूक भी बरामद कर ली गई है।

17 फरवरी 2026 को बरहनी वन प्रभाग में तैनात वन दरोगा ठाकुर दत्त ध्यानी ने कोतवाली बाजपुर में तहरीर देकर बताया कि 14 फरवरी 2026 की रात्रि जंगल गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि दलजीत सिंह उर्फ डल्लू अपने कुछ साथियों के साथ पेड़ काटने के औजारों एवं अवैध असलहों के साथ जंगल की ओर गया है। सूचना मिलते ही जंगल में गश्त कर रही अन्य टीमों को सतर्क कर दिया गया। बताया गया कि सुबह बजे ग्राम अस्कोट के संपर्क मार्ग पर वन विभाग की टीम मौजूद थी। इसी दौरान पांच मोटरसाइकिलें आती दिखाई दीं, जिन पर खैर की लकड़ी लदी हुई थी। टीम द्वारा रोकने का प्रयास किए



जाने पर मोटरसाइकिल सवार असंतुलित होकर गिर पड़े और लकड़ी के गिल्टे जमीन पर गिर गए। आरोप है कि इसी दौरान दलजीत सिंह उर्फ डल्लू व उसके साथियों ने वन विभाग की टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली बाजपुर में मुकदमा संख्या 40/26 धारा 109(1), 191(2), 191(3), 221 बीएनएस के तहत दलजीत सिंह आदि के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक काशीपुर एवं क्षेत्राधिकारी बाजपुर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई।

पुलिस ने ठोस सुरागरसी व पतारसी करते हुए 18 फरवरी 2026 की देर रात नामजद अभियुक्त दलजीत सिंह उर्फ डल्लू को बरहनी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया कि फायरिंग में प्रयुक्त बंदूक उसने जंगल में छिपा दी थी। इसके बाद पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हरसानख्रकपकोट मार्ग के पास झाड़ियों से एक 12 बोर की बंदूक बरामद की। आरोपी ने इसी बंदूक से वन विभाग की टीम पर फायरिंग करने की बात कबूल की है।

गिरफ्तार अभियुक्त दलजीत सिंह उर्फ डल्लू (27 वर्ष) पुत्र चरणजीत सिंह, निवासी हरसान, बाजपुर को मेडिकल परीक्षण के बाद माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक नरेश चौहान, चौकी बरहनी प्रभारी संदीप शर्मा, उप निरीक्षक धीरेंद्र परिहार, हेड कांस्टेबल दीपक कपड़े तथा कांस्टेबल सुरेश बिष्ट शामिल रहे।

# माया उपाध्याय और जितेंद्र तोमक्याल के गीतों पर झूम उठा टनकपुर

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**चंपावत।** केंद्रीय जल आयोग कार्यालय के समीप मैदान में आयोजित चम्पावत सरस कॉर्बेट महोत्सव-2026 की पहली सांस्कृतिक संध्या उल्लास, उमंग और लोकसंगीत की मधुर स्वर लहरियों से सराबोर रही। रंग-बिरंगी रोशनी और हजारों दर्शकों की मौजूदगी ने महोत्सव की शुरुआत को ऐतिहासिक बना दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ चम्पावत के इतिहास पर आधारित भव्य लेजर शो से हुआ। भगवान विष्णु के कुर्म अवतार से लेकर आधुनिक विकास यात्रा तक की कहानी को प्रकाश और ध्वनि के अद्भुत समन्वय से प्रस्तुत किया गया। लेजर शो में प्राचीन मंदिरों, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और लोक परंपराओं को जीवंत रूप में दर्शाया गया, जिसने दर्शकों के मन में जनपद की विरासत के प्रति गर्व का भाव जगा दिया। इसके बाद आयोजित स्टार नाइट में कुमाऊँनी लोकसंगीत की धुनों ने माहौल को ऊर्जावान बना दिया। लोकप्रिय लोकगायक जितेंद्र तोमक्याल ने "लाली हो लाली", "ओ भीना कस के जानू द्वारहाटा" और "हाथ पैरेली घड़ी" जैसे गीतों से युवाओं और बुजुर्गों सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। जनपद की उभरती लो. कगायिका सीमा विश्वकर्मा ने भी अपनी प्रस्तुतियों से नई ऊर्जा का संचार किया। स्थानीय प्रतिभा को मिले इस मंच ने दर्शकों का उत्साह दोगुना कर दिया।

संध्या का मुख्य आकर्षण रहीं प्रसिद्ध लोकगायिका माया उपाध्याय। उन्होंने "नैनीताल की माधुली", "हाई ककड़ी" और "कान में डबल झुमका" जैसे सुपरहिट गीतों से पूरे मैदान को थिरकने पर विवश कर दिया। देर रात तक लोकधुनों पर झूमते दर्शकों ने महोत्सव को यादगार बना दिया। 18 से 24 फरवरी तक चलने वाला यह सात दिवसीय महोत्सव लोक संस्कृति, साहसिक पर्यटन, हस्तशिल्प, पारंपरिक व्यंजन और स्थानीय प्रतिभाओं को एक व्यापक मंच प्रदान कर रहा है।

# किसानों को दिए उन्नत खेती के टिप्स



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** गन्ना आयुक्त उत्तराखंड के आदेशों के क्रम में क्षेत्र की एकमात्र सहकारी चीनी मिल नादेही में गन्ना कृषक विभागीय योजनाओं, की जानक. ारी देने के उद्देश्य से विभिन्न ग्रामों में रोस्टर अनुसार आयोजन किया जा रहा है।

कुछ ग्राम में चौपाल का आयोजन सफलतापूर्वक हो गया है। शेष ग्रामों जिनमें अमियावाला, अहमदनगर, सूरजपुर, दादू वाला, जगतपुरपट्टी, शिवराजपुर पत्ती, भवानीपुर, गोरा फॉर्म, हल्द्वा साहू, कालिया वाला, कल्याणपुर, तालवपुर, नारायणपुर, निजामगढ़, बढ़िया वाला, जगदीश वाला आदि ग्रामों में आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को गन्ने की उन्नत खेती, नवीन प्रजातियों, वैज्ञानिक बुवाई विधियों तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करना रहा। चौपाल में उपस्थित किसानों को गन्ने की उन्नतशील प्रजातियों, समयानुसार बुवाई, कतार दूरी, ट्रेंच विधि एवं रिंग-पिट विधि से बुवाई के लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही बीज उपचार की विधि, स्वस्थ एवं रोगमुक्त बीज चयन, अंकुरण प्रतिशत बढ़ाने के उपायों पर विशेष जोर दिया गया। अंत में कृषकों की समस्याओं को सुना गया और उनके समाधान हेतु विभाग द्वारा पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया। चौपाल में बड़ी संख्या में गन्ना कृषकों ने सहभागिता की तथा कार्यक्रम को अत्यंत लाभकारी बताया। कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रतिभा करनेवाले अधिकारी कर्मचारियों में वरिष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक उदल सिंह ,गन्ना विकास निरीक्षक कुमारी प्रियंका आर्य एवं समस्त गन्ना पर्यवेक्षक प्रतिभा करेंगे।

# बोर्ड परीक्षा को लेकर डीएम ने ली बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**पिथौरागढ़ ।** बोर्ड परीक्षा से पूर्व सैक्टर मजिस्ट्रेट, 2026 तक बोर्ड परीक्षा 2026 के सफल पारदर्शी एवं शान्तिपूर्ण संचालन के दृष्टिगत जिलाधिकारी आशिष कुमार भटगाई की अध्यक्षता में परीक्षा से पूर्व बैठक गंगोत्री गब्र्याल जीआईसी बालिका इण्टर कॉलेज के सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में परीक्षा से सम्बन्धित समस्त व्यवस्थाओं की विस्तार पूर्वक समीक्षा करते हुए बैठक में उपस्थित सैक्टर मजिस्ट्रेट, केन्द्रव्यवस्थापक, कस्टोडियन को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये गये। बैठक में जनपद के समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि बोर्ड परीक्षा विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा अत्यन्त महत्वपूर्ण दायित्व है। अत: तैयारियों में किसी प्रकार शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि परीक्षा अवधि के दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाय। जिससे परीक्षा निष्पक्ष और शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पारित हो सके। संवे. दनशील एवं अतिसंवेदनशील केन्द्रों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिये गये। बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी तरूण कुमार पंत, ने जानकारी देते हुए बताया कि बोर्ड परीक्षा 21 फरवरी से 20 मार्च, 2026 तक सम्पादित की जाएगी, जिसमें 01 अतिसंवे. दनशील और 21 संवेदनशील केन्द्र चिन्हित किए गये है। सभी परीक्षा केन्द्र मिश्रित होंगे, जहां पर हाईस्कूल एवं इण्टर दोनों की परीक्षाएं सम्पन्न कराई जाएगी। इस वर्ष हाईस्कूल परीक्षा में 4877 एवं इण्टरमीडिएट में 4659 परीक्षार्थी कुल 9536 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक, हिमांशु नौगाई द्वारा परीक्षा से सम्बन्धित समस्त बिन्दुओं को विस्तारपूर्वक समझाया तथा केन्द्रव्यवस्थापकों एवं कस्टोडियन को परीक्षा संचालन की तकनीकी प्रक्रियाओं से अवगत कराया। अन्त में जिलाधिकारी, मुख्य शिक्षा अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक, द्वारा समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आगामी बोर्ड परीक्षा के सफल, निष्पक्ष और नकलविहीन संचालन हेतु शुभकामनाएं प्रदान की गई।

# पूर्व विधायक की गाड़ी में टक्कर मारने वाले डंपर चालक के विरुद्ध केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर ।** पूर्व विधायक डॉ. शैलेन्द्र मोहन सिंघल सिंघल ने एक डंपर चालक पर उन पर जानलेवा हमला कर जान से मारने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। कुंडा कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर डंपर चालक की तलाश शुरु कर दी है।

प्राप्त जानकारी अनुसार पूर्व विधायक डॉ. शैलेन्द्र मोहन सिंघल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दिनांक 13.2.2026 को वह अपनी गाड़ी द्वारा काशीपुर से रात्रि के लगभग 11 बजे सिद्धार्थ पेपर मिल से काशीपुर की ओर आ रहा थे, इसी दौरान रास्ते में एक डंपर चालक द्वारा अत्यन्त लापरवाही से उनकी गाड़ी के ऊपर डंपर चढ़ाने की कोशिश की गयी। डॉ. सिंघल ने बताया कि डंपर चालक की इस हरकत से उनकी व उनके साथ बैठे लोगों की जान को गम्भीर खतरा पैदा हो गया था। गनीमत यह रही कि उनके ड्राइवर की सूझबूझ और समझदारी से वे बाल-बाल बच गये, अन्यथा कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

# अज्ञात कारणों के चलते महिला ने खाया विषैला पदार्थ, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** अज्ञात कारणों के चलते एक महिला ने विषैले पदार्थ का सेवन कर लिया।जिससे उसकी मौत हो गई। बुधवार को गांधीनगर काशीपुर जिला ऊधमसिंह नगर निवासी 27 साल की रानी पत्नी नीटू सिंह नाम की एक महिला ने घर में विषैले पदार्थ का सेवन कर लिया।

हालत गंभीर होने पर परिजनों द्वारा उपचार के लिए रामनगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के लिए महिला ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर सरकारी अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया गया। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि सरकारी अस्पताल में पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक के दो छोटी बेटियां है और पति मजदूरी करने का काम करता है।

सूचना पर मौके पर सरकारी अस्पताल में नायब तहसीलदार कुंदन पूरी पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिजनों से जानकारी ली।

# दिवंगत पत्रकार के परिजनों को पांच लाख की आर्थिक सहायता के चेक सौंपे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर निवासी व उत्तराखंड शासन मान्यता प्राप्त सम्पादक स्व0 श्यामलाल (सम्पादक रामनगर समाचार) की मृत्यु होने पर पत्रकार कल्याण कोष कारपस फंड के दो ड्राफ्ट 2.50-2.50 लाख धनराशि के स्व. श्याम लाल के पुत्र हर्षित कुमार एवं प्रिंस कुमार को मीनाक्षी भट् लेखाकार जिला सूचना कार्यालय नैनीताल द्वारा 19 फरवरी 2026 को दिये गये। इसके लिए नेशनल यूनियन ऑफ जनर्लिस्ट के नगराध्यक्ष डॉ जफर सैफी के द्वारा इस कार्य के लिए सीएम पुष्कर सिंह धामी, सूचना महानिद. शक बंशीधर तिवारी, जिला सूचना अधिकारी नैनीताल गिरिजा शंकर जोशी, अतिरिक्त जिला सूचनाधिकारी अहमद नदीम, जिला सूचना कार्यालय की लेखाकार सुश्री मीनाक्षी भट्ट, एमसी जोशी, पवन नेगी, आन सिंह मटियाली, दीपक कार्की, भुवन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# अंश अग्रवाल ने जेईई मेन में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** ग्रीन फील्ड अकैडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 12वीं के छात्र अंश अग्रवाल ने ज्वाइंट इंट्रेंस एक्जामिनेशन मैंन जेईई मेंन 2026ख्रसेशन 1 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 98.54 एनटीए स्कोर प्राप्त किया है।विषयवार प्रदर्शन में उन्होंने भौतिकी में 97.58, रसायन विज्ञान में 98.29 और गणित में 97.46 एनटीए स्कोर अर्जित किया। वर्तमान में अंश 12वीं बोर्ड परीक्षा दे रहे हैं और इस महत्वपूर्ण परीक्षा में उनकी यह उपलब्धि विद्यालय के लिए बहुत ही गर्व का विषय है। विद्यालय के मैनेजर डायरेक्टर शिशुपाल सिंह रावत, डायरेक्टर गौरव रावत एवं प्रधानाचार्या कंचन बिष्ट सहित सभी शिक्षकों ने अंश को इस शानदार सफलता पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।


















# डिप्लोमा इंजीनियरों की अपील खारिज

## उत्तराखण्ड हाई कोर्ट ने केदारनाथ धाम यात्रा में लगाई गई ड्यूटी को सही ठहराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट की मुख्य न्यायधीश की अध्यक्षता वाली खण्डपीठ ने एकलपीठ के आदेश को चुनौती देती डिप्लोमा इंजीनियरों की अपील खारिज करते हुए उनकी चारधाम यात्रा विशेषकर केदारनाथ धाम यात्रा में लगाई गई ड्यूटी को सही ठहराया है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि सरकारी कर्मचारियों को सेवा की अनिवार्यताओं और जनहित के अनुसार सौंपे गए कर्तव्यों का पालन करना होगा। उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ द्वारा दायर याचिका में कहा गया था कि वे लोक निर्माण विभाग और सिंचाई विभाग में कार्यरत हैं। संघ का तर्क था कि डिप्लोमा इंजीनियर जो तकनीकी विशेषज्ञ हैं उन्हें



स्वच्छता जैसे कार्यों में लगाया जा रहा है, जो उनके कार्यक्षेत्र और अनुभव से बाहर है। उनकी यह याचिका पूर्व में एकलपीठ ने खारिज कर दी थी जिसे उन्होंने खंडपीठ के समक्ष चुनौती दी थी। खण्डपीठ ने डिप्लोमा इंजीनियरों के दावों की गहराई से जांच की और पाया कि 5 अप्रैल 2023 के सरकारी आदेश के अनुसार इंजी. नियरों को स्वच्छता कार्य नहीं सौंपा गया है वास्तव में उन्हें यात्रा मार्ग पर भूस्खलन को रोकने और पैदल मार्गों की मरम्मत जैसे महत्वपूर्ण तकनीकी कार्यों की जिम्मेदारी दी गई है ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। न्यायालय ने अपने आदेश में उल्लेख किया कि स्वच्छता और अन्य संबंधित कार्यों के लिए सुलभ इंटरनेशनल, नगर निकायों और नगर पालिकाओं के अधिकारियों को जिमेदारी दी गई है। अपीलकर्ता अदालत के समक्ष ऐसा कोई भी प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सके जिससे यह साबित हो सके कि किसी भी डिप्लोमा इंजीनियर को स्वच्छता कार्य में लगाया गया है। पीठ ने एकल पीठ के पिछले आदेश को बरकरार रखते हुए कहा कि केदारनाथ धाम यात्रा की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए राज्य सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वह यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करे। ऐसे में सरकार के पास यह अधिकार है कि वह आवश्यकतानुसार अपने कर्मचारियों को विशिष्ट ड्यूटी पर तैनात कर सके।

## राज्य सरकार व जनजातीय कल्याण निदेशालय से जवाब मांगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने उत्तरकाशी के नीलोंग घाटी में ग्रामीणों की भूमि को बिना प्रक्रिया के अधिग्रहण केन्द्र और राज्य सरकार के साथ ही जनजातीय कल्याण निदेशालय से जवाब मांगा है। उत्तरकाशी की जढ़ भोटिया जनकल्याण समिति की ओर से दायर याचिका पर न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की पीठ ने ये निर्देश दिए। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता इमराज सिंह रौतेला ने कहा कि वर्ष 1962 में भारत-चीन युद्ध के बाद भारतीय सेना ने नीलोंग घाटी को अपने नियंत्रण ले लिया और वर्ष 1990 में भारत सरकार ने नीलोंग गांव की 278 नाली भूमिधरी और 18 नाली सरकारी भूमि के हस्तांतरण की मंजूरी दे दी लेकिन अधिग्रहण प्रक्रिया पूरी नहीं हो पायी न ही ग्रामीणों को मुआवजा ही दिया गया। इस मामले में वर्ष 2019 तक केंद्र और राज्य सरकार को कई प्रत्यावेदन दिये गये लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद ग्रामीणों ने जढ़ भोटिया जनकल्याण समिति का गठन किया गया। अगले साल उत्तरकाशी के जिलाधिकारी की ओर से इस मुद्दे को सुलझाने के लिए 13 सदस्यीय समिति का गठन किया गया जिसमें सेना और सशस्त्र बलों को भी शामिल किया गया। समिति ने पाया कि घाटी के नेलोंग गांव की 6.173 हेकटेयर भूमिधरी जमीन पर सेना का कब्जा है साथ ही जादुंग गांव की 2.807 हेक्टेयर भूमि पर भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी), सेना और वन विभाग काबिज है। याचिकाकर्ता की ओर से मांग की गयी कि केंद्र सरकार सीमावर्ती गांवों को बाइब्रेंट विलेज के रूप में विक. सित कर रही है इसलिए उन्हें भी बाइब्रेंट विलेज योजना का लाभ मिले और उनका विकास के साथ पुनर्वास किया जाए।

## प्रदेश सरकार से अगले सप्ताह मांगा जबाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने वक्फ बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद पर संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी की नियुक्ति के मामले में प्रदेश सरकार से अगले सप्ताह जवाब मांगा है। इस मामले को शादाब आलम की ओर से जनहित याचिका के माध्यम से चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को बताया गया कि वक्फ बोर्ड के सीईओ के पद पर राज्य सरकार की ओर से संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी के बजाय अंडर सेक्रेटरी स्तर के अधिकारी नियुक्ति की गई है जो कि गलत है। सरकार की ओर से सीएससी चंद्र शेखर रावत की ओर से अदालत को बताया गया कि यह नियुक्ति अंतरिम व्यवस्था के तहत की गई है। स्थायी प्रक्रिया जारी है। जल्द ही उपयुक्त अधिकारी की तैनाती कर दी जाएगी। खंडपीठ ने सरकार को इस संबंध में जवाब देने को कहा है। इस मामले में अगले सप्ताह सुनवाई होगी।

## निचली अदालत का आदेश रद्द, आरोपी दोषमुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने अपनी पत्नी को आत्महत्या के उकसाने के आरोप में सत्र न्यायालय उधमसिंहनगर द्वारा दोषी ठहराए गए व्यक्ति को दोषमुक्त करार दिया है और निचली अदालत का आदेश रद्द कर दिया है। बता दें यह मामला वर्ष 2011 से विचाराधीन था। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की एकलपीठ में हुई। मामले के अनुसार अपीलकर्ता सुनील दत्त पाठक ने सत्र न्यायाधीश उधमसिंहनगर के 30 अगस्त 2011 के उस निर्णय को चुनौती दी थी जिसमें उन्हें भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत दोषी ठहराते हुए सात वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई थी। 15 सितंबर 2004 को खटीमा क्षेत्र में स्थित वैवाहिक घर में सुनील दत्त पाठक की पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। ट्रायल कोर्ट ने दहेज हत्या और क्रूरता के आरोपों से उसे बरी कर दिया था लेकिन पत्नी के चरित्र पर संदेह और मानसिक प्रताड़ना को आधार बनाते हुए धारा 306 के तहत दोषसिद्धि कर दी थी लेकिन उच्च न्यायालय ने साक्ष्यों का परीक्षण करते हुए पाया कि अभियोजन के गवाहों के बयान सामान्य और व्यापक प्रकृति के थे तथा आत्महत्या से ठीक पहले किसी विशेष उकसावे या प्रत्यक्ष कृत्य का प्रमाण रिकॉर्ड पर नहीं है।

## नैनीताल में हल्की बारिश से बढ़ी ठंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में वीरवार को दिनभर मौसम का मिजाज बदला रहा जिसके चलते नगर में बढ़ गयी। दूसरी ओर शाम को चार बजे के बाद हल्की बारिश से ठंड में इजाफा हो गया। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक आसमान में बादल छाए हैं।

## स्टोन क्रेशर यूनिट के संचालन पर लगी रोक बरकरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने रामनगर के पापड़ी सीतापुर में स्थापित स्टोन क्रेशर यूनिट के संचालन पर लगी रोक को फिलहाल जारी रखते हुए याचिकाकर्ता से अपनी आपत्ति प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के समक्ष देने को कहा है। जिस पर पीसीबी को दो हफ्ते के भीतर निर्णय लेना होगा। मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता एवं न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ नेसतनाम सिंह की याचिका की सुनवाई के बाद पूर्व में रामनगर तहसील के ग्राम पापड़ी एवं सीतापुर टांडाए जनपद नैनीताल में प्रस्तावित पत्थर क्रशर यूनिट के निर्माण पर रोक लगाई थी। याचिका में यह भी कहा गया कि सिंचाई विभाग रामनगर द्वारा 27 दिसंबर 2022 को जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की शर्तों का उल्लंघन किया गया है। इसी आधार पीसीबी द्वारा उद्योग स्थापना की अनुमति प्रदान की गई थी। न्यायालय के समक्ष यह तथ्य भी आया कि इससे पूर्व इसी विषय से संबंधित एक अन्य जनहित याचिका भी विचाराधीन रह चुकी है जिसमें प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने निरीक्षण कर नौ कमियां चिन्हित की थीं।निजी कंपनी की ओर से न्यायालय को अवगत कराया गया कि पूर्व याचिका के अनुपालन में कमियों को दूर करने के लिए समय दिया गया थाए किंतु वर्तमान याचिका में पारित यथास्थिति आदेश के कारण निर्माण कार्य रुक गया और कमियों को दूर करने की प्रक्रिया बाधित हो गई। साथ ही यह भी तर्क दिया गया कि वर्तमान याचिका में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को पक्षकार नहीं बनाया गया। खंडपीठ ने माना कि यदि एनओसी की शर्तों के उल्लंघन का आरोप है तो उसकी तथ्यात्मक जांच आवश्यक होगी और इसके लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एक आवश्यक पक्ष है। न्यायालय ने याचिकाकर्ता को एक सप्ताह के भीतर विस्तृत आपत्ति प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करने की स्वतंत्रता दी है। न्यायालय ने निर्देश दिया कि आपत्ति प्राप्त होने पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड दो सप्ताह के भीतर निर्णय ले। तीन सप्ताह तक यथास्थिति आदेश प्रभावी रहेगा। यदि शिकायत निराधार पाई जाती है तो निजी कंपनी को पूर्व में दी गई स्थापना अनुमति के आधार पर निर्माण कार्य आगे बढ़ाने की छूट होगी जबकि शिकायत सही पाए जाने पर आगे का निर्माण प्रतिबंधित रहेगा। इसके साथ ही जनहित याचिका का निस्तारण कर दिया गया।

## एक नजर

### विराट हिंदू सममेलन आज, तैयारियां जोरों पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में शुक्रवार आज प्रस्तावित विराट् हिन्दू सम्मेलन के लिए तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इसी के तहत विभिन्न टोलियों को शहर के कोने कोने में प्रचार प्रसार के लिए भेजा जा रहा है। कार्यकर्ता घर-घर जाकर धर्म प्रेमी जनता से शुक्रवार आज प्रस्तावित सम्मेलन में साध्वी प्राची के प्रवचन का लाभ उठाने का आह्वान कर रहे हैं। इस हेतु टोली में नितिन कार्की, आनन्द बिष्ट, भगवत रावत, मनोज जोशी, शैलेन्द्र बर्गली, भारत मेहरा, भूपेन्द्र बिष्ट, मयंक पन्त, डा. मोहित रौतेला, लता क्वौटी, युवराज, आयुष भंडारी, रितुल, संतोष कुमार, प्रदीप कुमार, विकाश जोशी सहित युवा मोर्चा तथा महिला मोर्चा और शहर की धर्म परायण जनता सहयोग कर रहे हैं।

### पुलिस ने किया वारंटी को गिरफ्तार

**नैनीताल।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. मंजुनाथ टीसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी नैनीताल के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष मनोज नयाल के नेतृत्व में कोतवाली तल्लीताल पुलिस ने एनबीडबल्यू अभियान के अंतर्गत एक वारंटी को गिरुतार किया। पुलिस टीम ने अभियुक्त रूप किशोर पुत्र स्व. राम किशोर निवासी प्रीत विहार, रंपुरा रुद्रपुर जनपद उधम सिंह नगर को धारा 279/338 भादवि के तहत गिरुतार किया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया। इस दौरान गिरफ्तारी टीम में उप निरीक्षक सुनील कुमार, कांस्टेबल धर्मेंद्र साहनी मौजूद रहे।

### डीएसबी परिसर में पौधे बांटो कार्यक्रम

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के वनस्पति विज्ञान विभाग में वीरवार को पौधे बांटो कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने कहा कि अपने जीवन का कर्ज निभाए- एक पौधा अवश्य लगाए तथा पौधे लगाना जीवन का श्रेष्ठ कार्य है। पौधे हमारी प्रकृति तथा संस्कृति है। पौधे लगाना जन आंदोलन तथा पर्यावरण के प्रति हमारा कल्याण बोध है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. आशुतोष पंत (पूर्व जिला चिकित्सा अधिकारी) ने कहा कि पौधे लगाना एवं उनकी देखभाल बहुत आवश्यक है पौधे जीवन दाता है। पौधे हमारे जीवन का आधार है। पौधे इस प्रकृति का अनुपम श्रंगार है। पौधे लगाना पुण्य का कार्य है। इस अवसर पर डा. आशुतोष पंत को शॉल ओढ़ाकर तथा मां नंदा का चित्र भेंटकर कर सममानित किया गया। इस अवसर पर 150 पौधे अखरोट, जुगलांश, नींबू तथा सिट्रस प्रजाति के पौधे विद्यार्थियों व प्राध्यापकों को वितरित किए गए। इस मौके पर परिसर के गुरुजन, कर्मचारी व छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

### तिब्बतियों का लोसर पर मुख्य आयोजन आज

**नैनीताल।** नैनीताल में तिब्बती समुदाय का तीन दिवसीय नव वर्ष लोसर वीरवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान तिब्बती समुदाय के लोगों ने दूसरों के घर बधाई दी। नव बर्ष लोसर के तहत तीसरे दिन यानी शुक्रवार आज सुख निवास स्थित बोध मठ में विश्व शांति, नगर की उन्नती, शांति खुशी और भाईचारा के लिए सामूहिक पूजा होगी। पूजा में परम पूज्य दलाई लामा जी की दीर्घायु तथा मंगल स्वस्थ और मंगलक. ामनाएं पूर्ण होने के लिए प्रार्थना भी की जाएगी। इस दौरान पारंपरिक तौर पर मठ के आगे लगे हुए बड़ा ध्वज को भी बदला जाएगा।

### विद्यार्थियों ने सतत उद्यमिता को जाना

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय नवाचार एवं इनकयूबेशन केन्द्र नैनीताल द्वारा वीरवार को को चेली आर्ट्स मनकापुर कंपाउंड हाईकोर्ट के पास मल्लीताल नैनीताल स्थित प्री-इन्क्यूबेशन यूनिट में एक फील्ड/एकसपोजर विजिट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रात: 11 बजे से शाम को 30 बजे तक आयोजित हुआ जिसमें विद्यार्थियों ने सतत उद्यमिता, प्राकृतिक उत्पाद निर्माण और पारंपरिक वस्त्र तकनीकों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पिछौड़ा निर्माण, कपड़ों पर ईको प्रिंटिंग, प्राकृतिक होली रंग तैयार करना तथा धूप (इंसेंस) बनाना जैसी प्रक्रियाओं को देखा और समझा। कार्यक्रम के दौरान चेली आर्ट्स की संस्थापक डा. किरण तिवारी ने अपने उद्यम की यात्रा साझा की। कार्यक्रम को आयोजित करने एवं सफल बनाने में प्रोफेसर गीता तिवारी, डा. पैनी जोशी उपाध्याय, डा. हरदेश कुमार तथा डा. हर्ष चौहान का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### दिनेश गुरुरानी ने किया पौधरोपण

**नैनीताल।** राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान वीरवार को 584वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 584वें दिन मेरा पौधा-मेरा परिवार कार्यक्रम के तहत डीडीहाट के ओगला स्थित खोलिया भोजनालय को पौधारोपण अभियान से जोड़ते हुए भोजनालय परिसर में भोजनालय स्वामी कमू खोलिया केनेतृत्व में एक पौधा धरती मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया कमू खोलिया ने कहा कि वह अब इस पौधे की देखरेख परिवार के एक सदस्य के रूप में करेंगे और अन्य को भी प्रेरित करेंगे। सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप कन्याल ने कहा कि पौधारोपण कार्यक्रम से जुड़ना प्रकृति की सच्ची सेवा है। कार्यक्रम में खोलिया भोजनालय के कमू खोलिया प्रदीप कन्याल त्रिभुवन धानकी नरेंद्र सिंह उपस्थित रहे। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

### महंग्यारी में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन

**अल्मोड़ा।** जन जन की सरकार, जन जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार विकासखंड स्याल्दे की न्याय पंचायत महंग्यारी में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आमजन की समस्याओं का समाधान करते हुए उन्हें सरक. ारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ प्रदान किया गया। शिविर में कुल 198 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। साथ ही 122 आवेदन पत्र विभिन्न प्रमाण पत्रों से संबंधित भरवाए गए। प्राप्त शिकायतों में से कई का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा उपजिलाधिकारी याक्षी अरोड़ा ने शेष प्रकरणों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। अधिकारियों ने उपस्थित ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

### दो रेस्टोरेंट में से जीरे व आटे के सैंपल भरे

**नैनीताल।** खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से नैनीताल में अभियान चलाकर रेस्टोरेंटों में छापेमारी की। इस दौरान दो रेस्टोरेंट से सेम्पल भरने के साथ अन्य को साफ सफाई के निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय सिंह के नेतृत्व में तीम ने मल्लीताल व तल्लीताल क्षेत्र के रेस्टोरेंटों में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान उन्होंने खाने की गुणवत्ता, सफाई व रेस्टोरेंट में इस्तेमाल होने वाली सामग्रियों की जांच की। रेस्टोरेंट में गंदगी मिलने पर रेस्टोरेंट में सफाई रखने के निर्देश दिए। अभय सिंह ने बताया कि निरीक्षण के दौरान मल्लीताल हार्ड रॉक से जीरे व पंडित जी के ढाबे से आटे का सैम्पल भरा गया है। बताया कि होली से पहले क्षेत्र में औचक निरीक्षण किये जाएंगे।

## रोटरी क्लब की शांति रैली का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में रोटरी क्लब की ओर से वीरवार को शांति रैली का भव्य स्वागत किया गया। बता दें शांति व सद्भावना और भाईचारे के संदेश को महत्व देते हुए रोटरी मंडल 3110 के अंतर्गत मंडल अध्यक्ष राजेन विद्यार्थी के नेतृत्व में यह पीस कार रैली बरेली शहर से 18 फरवरी को रवाना हो कर पीलीभीत होते हुए रुद्रपुर पहुंची फिर वहां से बीरवार को काशीपुर होते हुए रैली नैनीताल पहुंची। नगर के बारापत्थर के समीप इस पीस कार रैली का स्वागत करने के पश्चात रैली में शामिल होकर डीएसए मैदान पार्किंग में आयी जहां रैली के सदस्यों का स्वागत रोटरी कलब नैनीताल के प्रतिनिधियों के साथ ही भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के इंटरैटर्स द्वारा किया। तत्पश्चात बैंड स्टैंड में चोलियां नृत्य प्रस्तुत किया बाद में रैली डीएसए मैदान पार्किंग से हल्द्वानी के लिए माल रोड होते हुए रवाना हुई।

## चरस तस्कर को 4 साल का कारावास

**नैनीताल।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम/विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट संजीव कुमार की अदालत ने चरस तस्करी में लिप्त नई बस्ती बनभूलपुरा निवासी मो. इस्लाम को दोषी ठहराते हुए उसे 4 साल के कारावास व 40 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार इस्लाम को 9 जुलाई 2019 को 208 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया था। जो 75 फीसदी विकलांग है। जबकि उसकी पत्नी भी विकलांग है। आरा. पी की ओर से उसे कम से कम सजा दिए जाने की मांग की गई। किन्तु सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी पूजा साह ने दोषी के समाज विरोधी कृत्य को देखते हुए कठोर सजा की मांग की। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोषी को 4 साल के कारावास व 40 हजार के अर्थदण्ड की सजा सुनाई।

## निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार का लगाया आरोप, पुतला फूंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना परिसर प्रशासन पर छात्रों ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। गुरुवार को आक्रोशित छात्रों ने परिसर निदेशक कार्यालय में तालाबंदी कर दी। इस दौरान परिसर प्रशासन का पुतला फूंक जमकर प्रदर्शन किया। वहीं, परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों की जांच की मांग उठाई। छात्रों ने कहा कि परिसर में चल रहे निर्माण कार्य में धन का दुरुपयोग हो रहा है। जबकि छात्रों ने निर्माण की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए। कहा कि सलेक्शन बांड के नाम पर छात्रों के रुपयों का गबन किया गया है। अतिथि शिक्षकों और



कर्मचारियों को प्रताड़ित करने का काम किया जा रहा है। इसके अलावा परिसर में शौचालयों और कक्षाओं के हालत दयनीय बनी हुई है। छात्रों ने निर्माण कार्य की जांच करने और दोषियों पर कार्रवाई करने समेत अन्य समस्याओं के निदान की मांग उठाई। चेतावनी दी कि यदि जल्द मांगों पर परिसर प्रशासन ने अमल नहीं किया गया तो, समस्त छात्र उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। यहां प्रदर्शन करने वालों में छात्रसंघ महासं. चव विशाल सिंह बिष्ट, कोषाध्यक्ष विनय कनवाल, निशांत पांडे, भास्कर गोस्वामी, राहुल अधिकारी, गोपाल भट्ट, गोलू सतवाल, विक्की फर्त्याल, कमल जोशी समेत कई छात्र मौजूद रहे।

## सामाजिक न्याय दिवस पर जगरूकता शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** विश्व सामाजिक न्याय दिवस के उपलक्ष्य पर राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज नैनीताल में विधिक साक्षरता व जगरूकता शि. विर का आयोजन उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल/ जिला न्यायाधीश प्रशांत जोशी के निर्देशन में सिविल जज/सी.डि. /सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल पारुल थपलियाल के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम अध्यापिका प्रतिभा आर्या द्वारा शिविर का संचालन किया गया। शिविर में सिविल जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल द्वारा छात्र छात्राओं को बताया की इस दिन का मुख्य उद्देश्य समाज में सामा. जिक न्याय को प्रोत्साहित करना है ताकि हर व्यक्ति को उसके अधिक. ारों और सुविधाओं का उपयोग करने का अवसर मिल सके। इस दिन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाता है कि समाज में सामाजिक न्याय की आवश्यकता है शिविर में सचिव द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्य प्रणाली के बारे मे बताया और एनडीपीएस एक्ट के बारे बताते हुए कहा कि उत्तराखंड में नशीले पदार्थों और साइकोट्रोपिक पदार्थों से संबंधित सबसे कठोर कानून है। शिविर में प्रधानाचार्य केएस गौर समेत प्रतिभा आर्या तथा यशवंत कुमार आदि मौजूद रहे।

## उत्तराखंड विवि कर्मचारियों का प्रदेश सम्मेलन 22 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ का द्विवार्षिक सम्मेलन 22 फरवरी रविवार को उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के गुरुकुल परिसर, हरिद्वार में आयोजित होगा। इस सममेलन में प्रदेश भर के 11 राजकीय विश्वविद्यालयों और केंद्रीय विश्वविद्यालय श्रीनगर तथा गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के कर्मचारी भाग लेंगे। महासंघ के अध्यक्ष भूपाल सिंह करायत और महामंत्री प्रशांत मेहता ने बताया कि सम्मेलन का मुख्य विषय भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली में संस्थागत स्वायत्तता होगा, जिस पर विभिन्न विश्व. विद्यालयों के प्रतिनिधि अपने विचार और सुझाव प्रस्तुत करेंगे। इस पर विचार-विमर्श के बाद सुझाव शासन को भेजे जाएंगे। सम्मेलन के मुख्य अतिथि उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अरुण कुमार त्रिपाठी होंगे। आयोजन में लगभग 300 कर्मचारी शामिल होंगे। कार्यक्रम का संचालन आयोजक मंडल के प्रमुख संयोजक चंद्रमो. हन पैन्यूली और कार्यक्रम संयोजक खीमानंद भट्ट करेंगे। आयोजन के लिए विभिन्न समितियां गठित की गई हैं, जिनमें सचिव जगजीत कैन्तूरा, आवास व्यवस्था संयोजक प्रकाश चंद्र तिवाड़ी, भोजन व्यवस्था संयोजक छत्रपाल सिंह, पंजीकरण व्यवस्था संयोजक मोहित मनोचा सहित कई अन्य कर्मचारी जिम्मेदार होंगे। कर्मचारियों से अपील की गई है कि वे इस सम्मेलन में सक्रिय रूप से भाग लें।

## बेटियों की सुरक्षा को सामाजिक सम्मेलन बुलाए

**रानीखेत।** सकल सनातन हिन्दू समिति द्वारा प्रस्तावित विराट हिन्दू सम्मेलन को लेकर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी नेताओं ने भाजपा से जुड़े कुछ पदाधिकारियों पर लगे आपराधिक आरोपों का उल्लेख किया और पूछा कि ऐसे मामलों में स्वयं को हिन्दूवादी बताने वाले संगठन मौन क्यों रहते हैं। कांग्रेस ने कहा कि सनातन धर्म का मूल संदेश नारी सम्मान है, इसलिए बेटियों के साथ होने वाले अपराधों पर स्पष्ट रुख जरूरी है। पार्टी ने मांग की कि यदि धार्मिक सम्मेलन हो सकते हैं तो उत्तराखंड की बेटियों की सुरक्षा और न्याय के लिए भी व्यापक सामाजिक सम्मेलन हो। कार्यक्रम में महिला जिलाध्यक्ष गीता पवार, महिला नगर अध्यक्ष नेहा माहरा, अं. कता पंत, गोपाल सिंह देव, पंकज गुरुरानी, दीप उपाध्याय आदि थे।

## पूर्व सीएम कोश्यारी ने शोक संतप्त परिवार को बंधाया ढांढस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी गुरुवार को बिंदुखत्ता के खुरियाखत्ता निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता हयात सिंह कोरंगा के आवास पर पहुंचे और उनकी माता लछिमा देवी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने शोक. ाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। गौरतलब है कि खुरियाखत्ता निवासी भाजपा नेता हयात सिंह कोरंगा की माता और समाजसेवी गौरव कोरंगा की दादी का विगत 9 फरवरी को 105 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। क्षेत्र में आमा के रूप में जानी जाने वाली लछिमा देवी लोगों के सुख-दुख में बढ़-चढ़कर भागीदारी करती थी। वह हंसमुख तथा व्यवहार कुशल होने के चलते क्षेत्र में काफी लोकप्रिय थीं। उनके निधन पर भाजपा मंडल अध्यक्ष नवीन पपोला सहित तमाम स्थानीय लोगों सहित जनप्रतिनिधियों ने गहरी शोक संवे. दना व्यक्त की है।

# भीमताल के रामलीला मैदान में शिविर

## जनता की समस्याओं का मौके पर ही हुआ समाधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जन-जन की सरकार-जन-जन के द्वार अभियान के दूसरे चरण के तहत वीरवार को मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पाण्डे की अध्यक्षता में नगर पंचायत भीमताल अंतर्गत रामलीला मैदान में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से पेयजल, सिंचाई, विद्युत, शिक्षा, सड़क तथा अतिक्रमण व होम स्टे संचालन आदि से संबंधित समस्याओं को प्राथमिकता से रखा। शिविर में लगभग 60 शिकायतें दर्ज कराई गई जिसमें से अधिकांश समस्याओं का मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मौके पर ही निस्तारण कराया गया। शेष समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु संबंधित विभागों को निर्देश दिए।



मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिन समस्याओं का यहां समाधान नहीं हुआ संबंधित विभाग उनका निस्तारण करते हुए संबंधित को भी अवगत कराएंगे। इस दौरान विभिन्न व्यक्तियों द्वारा पानी की लीकेज को लेकर शिकायत की। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने जलसंस्थान के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं जहां जहां पानी की लीकेज हो रहा है उसे तत्काल ठीक करें। शिविर में विभिन्न विद्यालयों में अध्यापकों की कमी तथा उनके देर से विद्यालय पंहुचने की शिकायत प्राप्त हुई जिसपर मुख्य विकास अधिकारी ने खण्ड शिक्षा अधिकारी को नियमित व्हाट्स एप पर उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए। बाल विकास विभाग द्वारा 4 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट प्रदान किए गई। इस दौरान विधायक भीमताल राम सिंह कैड़ा, उत्तराखंड सरकार में दायित्वधारी शांति मेहरा, अध्यक्ष नगर पालिका भीमताल सीमा टम्टा, सहायक परियोजना निदेशक डीआरडीए चंदा फर्त्याल, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका राहुल कुमार सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल जोशी, नितेश बिष्ट, मनोज भट्ट, प्रदीप पाठक, दिनेश सांगूड़ी, रामपाल सिंह गंगोला सहित विभिन्न जन प्रतिनिधि, स्थानीय नागरिक व विभागों के अधिकारीए कर्मचारी मौजूद रहे।

**कार्यालय मुख्य कृषि अधिकारी, चम्पावत**

पत्रांक:- मु0कृ0अ0/2065/ SMAM विज्ञापन/2025-26, दिनांक : 17/02/2026

कृषक बंधुओं हेतु आवश्यक सूचना

जनपद चम्पावत में वर्ष 2025-26 में कृषि यंत्रो के एग्रीमशीनरी पोर्टल पर विकास खण्डवार अपलोड लक्ष्यों के सापेक्ष आवेदन करने से संबधित।

जनपद चम्पावत के समस्त कृषकों/कृषक समूहों आदि को सूचित किया जाता है कि एस0एम0ए0एम0 योजनान्तर्गत जनपद के कृषकों/कृषक समूहों के द्वारा क्रय किये जाने वाले कृषि यंत्रों/कस्टम हायरिंगसेंटर एवं फार्म मशीनरी बैंक पर अनुदान हेतु कृषकों एवं कृषक समूहों के पंजीकरण (Registration) की प्रक्रिया भारत सरकार के DBT Portal https://agrimachinery.nic.in पर गतिमान है। जनपद में कृषि यंत्र एवं कस्टम हायरिंग सेन्टर/फार्म मशीनरी बैंक के विकास खण्ड वार आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष पोर्टल पर दिनांक 23 फरवरी 2026 को प्रातः 11:00 बजे से इच्छुक कृषक/कृषक समूह/स्थानीय स्वयं सहायता समूह/ग्रामीण उद्यमी/कृषक उत्पादक समूह/ग्राम सेवा सहकारी समितिया/ आदि DBT Portal https://agrimachinery.nic.in पर लॉग-इन कर आवेदन कर सकते है। पोर्टल पर लक्ष्यों के सापेक्ष आवेदन होते ही निर्धारित समय के अनुसार Schedular चालू हो जाएगा। (1. डीलर सलेक्शन-05 दिन, 2. बिल जनरेशन-07 दिन, 3. बिल अप्रूवल-03 दिन, 4. भौतिक सत्यापन-10 दिन, 5. पुनः सत्यापन-01 दिन, 6. अनुदान स्वीकृत-03 दिन, 7. आवेदन अस्वीकृति-01 दिन)। योजनान्तर्गत कृषकों को अनुदान का भुगतान शतप्रतिशत DBT (Direct benefit Transfer) के तहत किसानों के बैंक खातों में किया जाएगा।

कृषक/कृषक समूह अधिक जानकारी के लिए संबंधित क्षेत्र के न्याय पंचायत प्रभारी(कृषि)/ विकासखण्ड प्रभारी(कृषि)/ कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, लोहाघाट/मुख्य कृषि अधिकारी, चम्पावत के कार्यालय से कार्यालय समयावधि में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

मुख्य कृषि अधिकारी
चम्पावत।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## तीन मैच पॉइंट बचा कर गॉफ क्वार्टर फाइनल में

**दुबई, वार्ता।** कोको गॉफ ने बुधवार रात को तीन मैच पॉइंट बचाए और एलिस मर्टेंस को 2-6, 7-6 (9), 6-3 से हराकर दुबई क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। 2 घंटे और 18 मिनट में मिली इस जीत ने 2021 के बाद पहली बार यह दिखाया कि गॉफ ने टूर-लेवल की जीत में मैच पॉइंट बचाए और बेल्जियम की खिलाड़ी के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 5-0 कर लिया। गॉफ ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में कहा कि पूरा मैच ऐसा लगा जैसे मेरे हिसाब से नहीं जा रहा है। यह सबसे अच्छा नहीं था, लेकिन मैंने बस इसमें बने रहने की कोशिश की, और मैंने हर पॉइंट के लिए लड़ाई की। मुझे खुशी है कि मैं आज रिजल्ट ला पाई। गॉफ 2001 में टूर्नामेंट शुरू होने के बाद से दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप में चार क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गईं।

## निराशाजनक अभियान का अच्छा अंत करना चाहेगी अफगानिस्तान

**चेन्नई, वार्ता।** डेड रबर मुक़ाबले अब अफग़ानिस्तान के लिए नहीं रह गए हैं। उन्होंने 2023 वनडे विश्व कप में इंग्लैंड, पाकिस्तान, श्रीलंका और नीदरलैंड्स को हराया था और ऑस्ट्रेलिया को हराने के बेहद करीब थे। न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश को हराते हुए उन्होंने 2024 टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई थी। इस टी-20 विश्व कप में ग्रुप ऑफ डेथ का हिस्सा बनाए जाने पर उनके आगे जाने की पूरी उम्मीद थी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डबल सुपर ओवर वाले मैच में दिल तोड़ने वाली हार ने उनके अभियान को अधर में लटका दिया था। कनाडा के खिलाफ उनका मैच अब केवल एक मैच ही है।

# जिम्बाब्वे ने श्रीलंका को भी दी पटखनी

### जबरदस्त प्रदर्शन जारी, टी-20 विश्वकप के ग्रुप बी में शीर्ष पर टीम



**कोलंबो, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया को हराने वाले जिम्बाब्वे ने अपना जबरदस्त प्रदर्शन जारी रखते हुए आज श्रीलंका का भी शिकार कर लिया और टी-20 विश्वकप के ग्रुप बी में शीर्ष पर पहुंच गया। ब्लेसिंग मुजारबानी, ब्रैड एवंस और ग्रीम क्रेमर (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद ब्रायन बेनेट ( नाबाद 63 ) कप्तान सिकंदर रजा (45 ) की विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत जिम्बाब्वे ने गुरुवार को टी-20 विश्वकप 38वें मुकाबले में श्रीलंका को तीन गेंदे शेष रहते छह विकेट से मात दे दी। जिम्बाब्वे के इस जीत के बाद सात अंक हो गये है और वह ग्रुप बी में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है। श्रीलंका छह अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। दोनों टीमों ने सुपर आठ में जगह बना ली है। 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे के लिए ब्रायन बेनेट और तडिवनाशे मारुमानी की जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 69 रन जोड़े। नौवें ओवर में दुनित वेल्लालगे ने तडिवनाशे मारुमानी को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। तडिवनाशे मारुमानी ने 26 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए 34 रन बनाए। 12वें ओवर में दसून शानका ने रायन बर्ल 12 गेंदों में 23 रन को आउट कर श्रीलंका को दूसरी सफलता दिलाई। जिम्बाब्वे का तीसरा विकेट सिकंदर रजा के रूप में 19वें ओवर में गिरा। सिकंदर रजा ने 26 गेंदों में चार छक्के और दो चौके लगाते हुए 45 रनों की पारी खेली। इसी ओवर में दुशान हेमंता ने तालशगा मुसेकिवा (एक) को आउट कर अपना दूसरा विकेट झटका। लेकिन टोनी मुनयोंगा ने 20वें ओवर की पहली गेंद पर छक्का और ब्रायन ने तीसरी गेंद पर चौका मारकर टूर्नामेंट का एक और बड़ा उलटफेर कर दिया। जिम्बाब्वे ने 19-3 ओवरों में चार विकेट पर 182 रन बनाए। ब्रायन बेनेट ने 48 गेंदों पर नाबाद 63 रन में आठ चौके लगाये। सिकंदर रजा को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। इससे पहले आज यहां श्रीलंका ने जिम्बाब्वे के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 178 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। पथुम निसंका और कुसल परेरा की जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 54 रन जोड़े। पांचवें ओवर में ब्लेसिंग मुजारबानी ने कुसल परेरा को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। कुसल परेरा ने 14 गेंदों में 22 रन बनाए। इसके बाद कुसल मेंडिस ने पथुम निसंका के साथ दूसरे विकेट लिए 46 रन जोड़े। 13वें ओवर में रायन बर्ल ने कुसल मेंडिस (14) को आउट कर श्रीलंका को दूसरा झटका दिया। अगले ही ओवर में ग्रीम क्रेमर ने पथुम निसंका का शिकार कर लिया। पथुम निसंका ने 41 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 62 रन बनाए। पवन रत्नायके ने 25 गेंदों में तीन चौके व दो छक्के लगाए।

# भारत से मुद्दा जल्द सुलझाना चाहते हैं बांग्लादेश के नए खेल मंत्री


- **अमीनुल हक बीसीसीआई और भारत के साथ रिश्ते ठीक करने को लेकर उत्सुक**

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के नए खेल मंत्री अमीनुल हक, बीसीसीआई और भारत के साथ रिश्ते ठीक करने को लेकर उत्सुक हैं, उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे को जल्दी सुलझाना चाहते हैं, यह बात उन्होंने मौजूदा पुरुषों के टी-20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के हिस्सा न लेने का जिक्र करते हुए कही।

आम चुनावों के बाद बांग्लादेश की नई कैबिनेट के शपथ लेने के बाद अमीनुल ने कहा कि आज शपथ लेने के बाद, मैं पार्लियामेंट बिल्डिंग में भारत के डिप्टी हाई कमिश्नर से मिला। मैंने उनके साथ टी-20 वर्ल्ड कप पर बात की। ष्यह एक अच्छी बातचीत थी। मैंने उनसे कहा कि हम इस मुद्दे को बातचीत से जल्दी सुलझाना चाहते हैं क्योंकि हम अपने सभी पड़ोसी देशों के साथ दोस्ताना रिश्ते बनाए रखना चाहते हैं। भारत और श्रीलंका में खेले जा रहे टी-20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड ने ले ली, क्योंकि उनकी पिछली सरकार ने जियोपॉलिटिकल तनाव के कारण टीम को भारत नहीं भेजने का फैसला किया था कि वे इसके बजाय श्रीलंका में खेलना चाहते थे। घटनाओं का सिलसिला तब शुरू हुआ जब भारत सरकार ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से आईपीएल 2026 में एकमात्र बांग्लादेशी खिलाड़ी मुस्तफिजुर रहमान को अपनी टीम से हटाने के लिए कहा, और आईसीसी द्वारा टीम को इस बड़े टूर्नामेंट से बाहर करने के साथ खत्म हुआ।

# खाचानोव से भिड़ेंगे अल्काराज

- **नंबर 1 खिलाड़ी ने वैलेंटिन रॉयर को 6-2, 7-5 से हराया**



**दोहा, वार्ता।** बुधवार को दोहा में कतर एक्सॉनमोबिल ओपन में कार्लोस अल्काराज ने शानदार फर्निश करते हुए सीधे सेटों में जीत हासिल की। एटीपी रैंकिग में नंबर 1 खिलाड़ी ने वैलेंटिन रॉयर को 6-2, 7-5 से हराकर हार्ड-कोर्ट एटीपी 500 में क्वार्टर-फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

अल्काराज ने दूसरे सेट में 2-5 से लगातार पांच गेम जीते, और अपने लेवल को हमेशा की तरह शानदार तरीके से ऊपर उठाते हुए 96 मिनट में दूसरे राउंड में जीत हासिल की। जब अल्काराज से पूछा गया कि क्या उन्हें कभी शक हुआ कि वह जीत हासिल कर सकते हैं, तो उन्होंने कहा कि जाहिर है मुझे हर चीज के लिए तैयार रहना था।कुछ पल ऐसे थे जब मैंने तीसरे सेट के बारे में सोचा, मैं झूठ नहीं बोलूंगा, लेकिन जाहिर है यह मेरे दिमाग में एक छोटी सी जगह थी जो ऐसा सोच रही थी। बाकी सब कुछ सॉल्यूशन खोजने, फिर से सही रास्ता खोजने पर काम कर रहा था। ऑस्ट्रेलियन ओपन टाइटल जीतने के बाद अब लगातार नौ मैच जीतने वाले अल्काराज गुरुवार को आखिरी चार में जगह बनाने के लिए कैरेन खाचानोव से भिड़ेंगे। सातवें सीड वाले खाचानोव, जिन्होंने बुधवार को मार्टन फुकसोविक्स को 6-2, 4-6, 6-4 से हराया था, कतर की राजधानी में 2024 के चैंपियन थे। अल्काराज अब आउटडोर हार्ड कोर्ट पर लगातार 27 मैच जीतने वाले हैं, जो पिछले अगस्त में सिनसिनाटी ओपन में उनके टाइटल जीतने के बाद से है। 22 साल के अल्काराज दोहा में अपनी पहली ट्रॉफी जीतने की कोशिश कर रहे हैं, जहां एक साल पहले इवेंट में डेब्यू करते समय वह क्वार्टर-फाइनल स्टेज में जिरी लेहेका से हार गए थे। अल्काराज कतर में खाचानोव के खिलाफ अपने परफेक्ट रिकॉर्ड को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। वह जोड़ी की हेड2हेड सीरीज में 5-0 से आगे हैं, जिसमें 2024 में बीजिग में उनकी एकमात्र हार्ड-कोर्ट मीटिग में सीधे सेटों में जीत शामिल है। अल्काराज के ड्रॉ के हाफ में दूसरे क्वार्टर-फाइनल में पांचवीं सीड व डिफेंडिग चैंपियन आंद्रेई रुब्लेव का मुकाबला स्टेफानोस सितसिपास से होगा।

# वेस्टइंडीज ने इटली को 42 रनों से हराया

- **166 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इटली के बल्लेबाज वेस्टइंडीज गेंदबाजी आक्रमण के आगे खुलकर नहीं खेल सके**



**कोलकाता, वार्ता।** शाई होप (75) की आतिशी अर्द्धशतकीय पारी के बाद शमार जोसेफ (चार विकेट) और मैथ्यू फोर्ड (तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत वेस्टइंडीज ने गुरुवार को टी-20 विश्वकप के 37वें मुक. ाबले में इटली को 42 रनों से शिकस्त दी।

166 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इटली के बल्लेबाज वेस्टइंडीज गेंदबाजी आक्रमण के आगे खुलकर नहीं खेल सके और अंतराल पर विकेट गंवाते रहे। इटली की पूरी टीम 18 ओवर में 123 रन ही बना सकी और 42 रनों से मुकाबला हार गई। बेंजमिन मनेंटी ने इटली के लिए सर्वाधिक 26 रन बनाए। उनके अलावा जे जे स्मट्स (24), एंथनी मोस्का (19) और ग्रांट स्टुअर्ट 12 रन बनाकर आउट हुए। इटली के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। वेस्टइंडीज के लिए शमार जोसेफ ने चार विकेट लिए। मैथ्यू फोर्ड को तीन और गुडाकेश मोती को दो विकेट मिले। अकील हुसैन ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले इटली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने कप्तान शाई होप की आतिशी अर्धशकीय पारी की मदद से निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 165 रनों का स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने 31 के स्कोर तक अपने दो विकेट गंवा दिए। ब्रैंडन किग (चार), शिमरॉन हेटमायर (एक) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद रॉस्टन चेज ने शाई होप के साथ पारी को संभाला।

दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 64 रनों की साझेदारी हुई। 13वें ओवर में बेंजा. मिन मनेंटी ने रॉस्टन चेज 24 को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। रोवमन पॉवेल (नौ) को 15वें ओवर में मनेंटी ने अपना शिकार बनाया। अगले ही ओवर में कृषण कालूगामगे ने शाई होप को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। शाई होप ने 46 गेंदों में छह चौके और चार छक्के लगाते हुए 75 रनों की पारी खेली। जेसन होल्डर नौ रन बनाकर आउट हुए।

# सम्मान बचाने की आखिरी लड़ाई लड़ेंगे कंगारु

- **यह एक ऐसा मुकाबला है जिसमें रोमांच की उम्मीद है, भले ही दोनों टीमें टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं**

**पल्लेकेले, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया और ओमान टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के 40वें मैच में पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भिड़ेंगे। यह एक ऐसा मुकाबला है जिसमें रोमांच की उम्मीद है, भले ही दोनों टीमें टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं।



ऑस्ट्रेलिया अपने वर्ल्ड कप कैंपेन को शानदार तरीके से खत्म करना चाहता है और ओमान लगभग नामुमकिन उलटफेर की कोशिश में है, ऐसे में दबदबा गर्व, वापसी और अपनी बड़ाई करने का है। ऑस्ट्रेलिया इस मैच में निराशा से निकलने और पक्के इरादे के साथ उतरेगा। आयरलैंड के खिलाफ अच्छी शुरुआत के बाद, जिम्बाब्वे और श्रीलंका से लगातार हार ने टूर्नामेंट में उनकी उम्मीदें खत्म कर दीं। धीमी, मुश्किल पिचों पर बैटिंग करना मुश्किल रहा है, लेकिन ट्रैविस हेड और मिशेल मार्श जैसे खिलाड़ियों ने फॉर्म में होने पर हावी होने की काबिलियत दिखाई है। पल्लेकेले में श्रीलंका के खिलाफ पिछले मैच में, हेड और मार्श ने मिलकर सिर्फ 8.4 ओवर में 104 रन बनाए, जिससे पावरप्ले में ऑस्ट्रेलिया की धमाकेदार काबिलियत का पता चलता है। मिडिल ऑर्डर में टिम डेविड, मार्कस स्टोइनिस, कैमरन ग्रीन और जोश इंगलिस हैं, और उनके पास बाद के ओवरों में तेजी से रन बनाने की ताकत है। जोश हेजलवुड और पैट कमिस के चोटिल होने की वजह से बॉलिंग चिंता का विषय रही है, लेकिन नाथन एलिस, जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली और स्टोइनिस से ओमान की बैटिंग को झकझोरने की उम्मीद है।

बीच के ओवरों में एडम जम्पा की स्पिन गेम को कंट्रोल करने के लिए जरूरी होगी। ओमान का टूर्नामेंट मुश्किल रहा है, ज्यादातर मैचों में उसे भारी हार मिली है और वह ग्रुप बी में चौथे स्थान पर रहा है। उनकी बैटिंग काफी हद तक कप्तान जतिंदर सिंह और आमिर कलीम पर निर्भर करती है, जो एक अलग तरह के लाइनअप में शानदार परफॉर्मर रहे हैं। हम्माद मिर्जा और विनायक शुक्ला जरूरी रन बना सकते हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के पेस और स्पिन अटैक के सामने टीम को मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। ओमान की बॉलिंग पूरे समय संघर्ष करती रही है, ज्यादातर बॉलरों ने प्रति ओवर 10 से ज्यादा रन दिए हैं।

शकील अहमद सबसे असरदार रहे हैं, उन्होंने 8-25 की इकॉनमी से तीन विकेट लिए हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलिया को चुनौती देने के लिए टीम को शानदार प्रदर्शन की जरूरत होगी। पल्लेकेले की पिच एक बैलेंस्ड सतह है जिसमें शुरुआत में बल्लेबाजों को थोड़ा फायदा मिलता है। पहली पारी में 180-200 के आस-पास के बड़े स्कोर को मुश्किल माना जाता है, और स्पिनर आमतौर पर बीच के ओवरों में खेल में आते हैं।

## शीर्ष रैंक्ड एयर राइफल निशानेबाज एक मंच पर आएंगे

**मुंबई, वार्ता।** भारत के शीर्ष 20 रैंक्ड 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाज 16वें आरआर लक्ष्य कप में प्रतिस्पर्धा करेंगे। यह टूर्नामेंट आरआर ग्लोबल द्वारा संचालित है और लक्ष्य शूटिंग क्लब, करनाला स्पोर्ट्स अकादमी, पनवेल, नवी मुंबई में आयोजित होगा। केवल आमंत्रण आधारित यह प्रतियोगिता 21 और 22 फरवरी को आयोजित की जाएगी। इसमें जूनियर और सीनियर वर्ग के प्रमुख खिलाड़ी एक पेशेवर ढंग से संचालित, अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इसमें पुरुषों और महिलाओं के लिए समान पोडियम अवसर होंगे, साथ ही शीर्ष स्थान पाने वालों के लिए नकद पुरस्कार और उपकरण पुरस्कार भी दिए जाएंगे। सीनियर चैंपियन को 1-5 लाख रुपये और रोटेटिग सिल्वर ट्रॉफी दी जाएगी, जो फिलहाल नेवी के किरण जाधव के पास है। जूनियर चैंपियन को 75,000 दिए जाएंगे।

# रणजी : कर्नाटक फाइनल में खिताबी मुकाबले में जम्मू-कशमीर से भिड़ेगा

- **देवदत्त, केएल राहुल, आर स्मरण के शानदार शतकों की बदौलत कर्नाटक का उत्तराखंड के खिलाफ खेला गया मैच ड्रॉ घोषित**



**लखनऊ, वार्ता।** देवदत्त पड़िक्कल, केएल राहुल, आर स्मरण के शानदार शतकों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत कर्नाटक का उत्तराखंड के खिलाफ खेला गया रणजी ट्रॉफी 2026 का 15 फरवरी को शुरु हुआ पहला सेमीफाइनल मैच गुरुवार को ड्रा घोषित हुआ।

दिन को खेल समाप्त होने किए जाने के समय उत्तराखंड ने दूसरी पारी में छह विकेट पर 260 रन बना लिए थे। कर्नाटक अब खिताबी मुकाबले में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर फाइनल में पहुंची जम्मू-कश्मीर से भिड़ेगा। देवदत्त पड़िक्कल को दोहरे शतक के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। कर्नाटक ने कल के छह विकेट पर 299 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में उत्तराखंड के गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करे हुए कर्नाटक की दूसरी पर को 323 के स्कोर पर समेट दिया। इसके बाद उत्तराखंड को मैच जीतने के लिए 827 रनों लक्ष्य मिला। उत्तराखंड के लिए मयंक मिश्रा ने चार विकेट लिए। अभय नेगी को दो विकेट मिले। जगदीश सुचित और अविनाश सुधा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी उत्तराखंड के बल्लेबाज दूसरी पारी में भी एक बार फिर लड़खडाते नजर आए और लगातार विकेट गंवाते गए। मैच ड्रा किए जाने के समय उत्तराखंड ने 260 रनों पर छह विकेट गंवा दिए थे। सौरभ रावत (नाबाद 53) और अभय नेगी (नाबाद 57) क्रीज पर डटे हुए थे। इसके अलावा अवनीश सुधा ने (66), कप्तान कुणाल चंदेला (20), जगदीश सुचित (19) और भूपेन लालवानी (15) रन बनाकर आउट हुए।

# टॉप सीड फ्रांसिस्को सेरुंडोलो रियो ओपन से बाहर




**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** टॉप सीड फ्रांसिस्को सेरुंडोलो बुधवार को पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण रियो ओपन से रिटायर हो गए, जिससे उनका पहला एटीपी 500 टाइटल जीतने का सपना टूट गया। दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी जॉकी क्लब ब्रासीलीरो में अपने राउंड-16 मैच में अर्जेंटीना के थियागो अगस्टिन तिरांटे से 6-2, 3-1 से पीछे चल रहे थे, जब उन्होंने फिजियोथेरेपिस्ट से इलाज कराने के लिए खेल रोक दिया और फिर फैसला किया कि वह आगे नहीं खेल सकते। ऑफिशियल मेडिकल रिपोर्ट तुरंत उपलब्ध नहीं थी। तिरांटे ने कहा कि इस तरह जीतना अच्छा नहीं है, खासकर फैन के साथ, जो मेरे दोस्तों में से एक है। ष्मुझे पता था कि वह पिछले हफ्ते से बहुत थका हुआ था, इसलिए मुझे कोर्ट पर खुद को बेहतर बनाना था और खुद पर फोकस करना था। अगले राउंड में टिरांटे का मुकाबला फ्रांसेस्को पासारो या एलेजांद्रो टेबिलो से होगा। सेरुंडोलो पिछले हफ्ते अर्जेंटीना ओपन बिना कोई सेट गंवाए जीतने के बाद जबरदस्त फॉर्म में रियो पहुंचे थे, और उन्होंने मंगलवार को पहले राउंड में अपने ही देश के मारियानो नवोन को 6-3, 6-4 से हराया था। उनके हटने से ब्राजील के पसंदीदा और तीसरे सीड जोआओ फोंसेका, जो दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी हैं, के लिए ड्रॉ खुल गया है, जो गुरुवार को राउंड ऑफ 16 में पेरू के इग्नासियो बुसे का सामना करेंगे।

## ग्लेन मैक्सवेल का करियर खत्म हो गया है : रिकी पोंटिंग

**दुबई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि आलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल का करियर खत्म हो गया है और मौजूदा टी 20 विश्व कप उनका आखिरी आईसीसी इवेंट था। पोंटिंग के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया के खराब टी-20 वर्ल्ड कप में बहुत सारी फॉर्म और फिटनेस की दिक्कतें एक साथ आईं, उनका यह भी मानना है कि ग्लेन मैक्सवेल ने अपना आखिरी ग्लोबल इवेंट खेला है। ऑस्ट्रेलिया ग्रुप स्टेज में एक गेम बाकी रहते - शुक्रवार को ओमान के खिलाफ - जिम्बाब्वे और श्रीलंका से भारी हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गया। हालांकि टीम ने 2025 में ज्यादातर समय बाइलेटरल क्रिकेट में दबदबा बनाए रखा था, लेकिन वे वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान से लगातार पांच मैच हारकर आए थे और टीम में चोट की समस्या भी थी। पैट कमिंस और जोश हेजलवुड श्रीलंका नहीं जा पाए।

# अभिषेक शर्मा की शून्य हैट्रिक, भारत की चिंता बढ़ी

### भारत के असिस्टेंट कोच, रयान टेन डेशकाटे ने फिलहाल इस छोटी सी चिंता को नजर अंदाज कर दिया है



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने टी-20 विश्व कप में अपने चारों ग्रुप मैच जीत लिए हैं लेकिन सुपर आठ में जाने से पहले ओप. नर अभिषेक शर्मा का फॉर्म भारत की सबसे बड़ी चिंता होगी। भारत ने मौजूदा टी-20 वर्ल्ड कप के इतने ही मैचों में चार जीत हासिल की हैं और फिर भी, इस फॉर्मेट में नंबर 1 बैटर के बल्ले से एक भी रन की जरूरत नहीं पड़ी। लगातार तीन डक के बाद, अभिषेक ने यह पक्का कर दिया है कि कॉम्पिटिशन की सबसे खतरनाक बैटिंग लाइन-अप भी अपने सबसे अच्छे रूप में नहीं है। भारत के असिस्टेंट कोच, रयान टेन डेशकाटे ने फिलहाल इस छोटी सी चिंता को नजरअंदाज कर दिया है, कम से कम सबके सामने तो जरूर। बुधवार को नीदरलैंड्स पर भारत की 17 रन की जीत के बाद टेन डेशकाटे ने कहा कि उसने कल रात नेट्स में बहुत अच्छी बैटिंग की, उसने 90 मिनट बैटिंग की। आपको उसे थोड़ी जगह भी देनी होगी। वह ग्रुप फेज में बहुत अच्छा महसूस नहीं कर रहा था, उसने कुछ दिन हॉस्पिटल में बिताए और (नामीबिया के खिलाफ) गेम मिस कर दिया। यह उसके लिए अब तक बहुत निराशाजनक टूर्नामेंट रहा है। लेकिन मैंने कल रात उसकी बॉल स्ट्राइकिग में कुछ बहुत अच्छे संकेत देखे। इसलिए उसके बारे में कोई चिंता नहीं है, जब दूसरा फेज आएगा तो वह ठीक हो जाएगा। यह समझा जा सकता है कि अभिषेक का इस कॉम्पिटिशन में एक भी रन न खरीद पाना चिंता की बात क्यों नहीं है। पहली बात, वह डेढ़ साल के शानदार प्रदर्शन के दम पर टूर्नामेंट में आया है, जिसने उसे दुनिया की रैंकिग लिस्ट में टॉप पर पहुंचाया है। दूसरी बात, उसके आउट होने का कोई खास पैटर्न नहीं है, जबकि अमेरिका और पाकिस्तान दोनों ने माना है कि उन्होंने बाएं हाथ के इस खिलाड़ी के आउट होने की प्लानिग में काफी समय बिताया था। उन्होंने संजय कृष्णमूर्ति की गेंद पर डीप कवर में कैच दे डाला, सलमान आगा की गेंद पर मिड ऑन पर पुल करने में चूक गए, और आर्यन दत्त की गेंद पर पुल करने से चूक गए। असल में कोई पैटर्न नहीं है। यह देखते हुए कि बाकी बैट्समैन ने अलग-अलग मौकों पर अच्छा खेला है, अभिषेक की मुश्किलों ने अभी तक टीम को परेशान नहीं किया है, ठीक वैसे ही जैसे ज्यादातर दिनों में होता है जब अभिषेक रन नहीं बना पाए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ ईशान किशन की धमाकेदार बल्लेबाजी ने यह पक्का कर दिया कि अभिषेक का जल्दी आउट होना चिंता की बात नहीं है। इससे पहले, इसी तरह के दुर्लभ शुरुआती आउट में, संजू सैमसन ने बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरी लगाई थीं, जब अभिषेक क्लिक नहीं कर पाए थे। टी-20 में भारत का दबदबा ओपनर्स द्वारा शुरुआती कंट्रोल हासिल करने की वजह से आया है। ऊपर से देखें तो, पिछले वर्ल्ड कप के बाद से ओपनिग स्लॉट पर कब्जा करने वाले सभी खिलाड़ियों ने ठीक-ठाक प्रदर्शन किया है, इतना कि रोहित शर्मा और विराट कोहली की जगह भरना मुश्किल नहीं था, और पुरानी यादों के लिए भी, उनकी कमी महसूस नहीं हुई। लेकिन थोड़ा हटकर देखें, तो आपको जितना अंदाजा होगा, उससे कहीं ज्यादा बातें छिपी हुई हैं। ओपनर्स - अभिषेक, संजू सैमसन, शुभमन गिल, ईशान किशन और यशस्वी जायसवाल - की अपनी-अपनी काबिलियत ने इस सच्चाई को छिपा दिया है कि भारत को इस दबदबे के दौर में अच्छी ओपनिग पार्टनरशिप नहीं मिल रही है, जहां उन्होंने अपने लगभग 80 प्रतिशत मैच जीते हैं। उस कंट्रोल का ज्यादातर दबाव नंबर 3 - ईशान किशन, तिलक वर्मा और उनके जैसे खिलाड़ियों पर पड़ा है, खासकर उस समय जब सूर्यकुमार यादव भी संघर्ष कर रहे थे। डेशकाटे इस बात की पुष्टि करते हैं कि हालांकि यह ध्यान देने वाली बात है, लेकिन बहुत सारे खिलाड़ी हैं जो अलग-अलग समय पर योगदान दे रहे हैं।

## इंडोनेशिया में तिरंगा लहराकर सुल्तानपुर लौटे

# डॉ. अकलीम का ढोल–नगाड़ों से स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर/सुल्तानपुर।** खेल के मैदान में जज्बा और मेहनत हो, तो सफलता सात समंदर पार भी कदम चूमती है। लक्सर क्षेत्र की नगर पंचायत सुल्तानपुर के डॉ. अकलीम ने इसे सच कर दिखाया है। इंडोनेशिया इंटरनेशनल पैरा थ्रोबॉल सीरीज 2026 में स्वर्ण पदक (ळवसक डमकंस) जीतकर स्वदेश लौटे डॉ. अकलीम का उनके पैतृक निवास पहुँचने पर ग्रामीणों ने ढोल–नगाड़ों और फूल–मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया।

शिक्षा और खेल से रोशन हो रहा सुल्तानपुर का नाम–स्वागत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे लक्सर विधायक हाजी मोहम्मद शहजाद ने डॉ. अकलीम को बधाई देते हुए कहा कि सुल्तानपुर पढ़ाई और प्रतिभा के मामले में एक मिसाल पेश कर रहा है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहाःसुल्तानपुर के युवा हर क्षेत्र में नौकरी कर रहे हैं। अब बस कमी है तो केवल आईएएस और आईपीएस अधिकारियों की। मैं बच्चों से यही कहूंगा कि पढ़ाई के बिना कुछ भी संभव नहीं है; निरंतर पढ़ते रहें और आगे बढ़ते रहेंप्रतिभाओं की खान है यह नगर पंचायतनगर पंचायत सुल्तानपुर के चेयरमैन प्रतिनिधि ताहिर हसन ने गौरव के साथ बताया कि अकेले इस पंचायत से 60 से अधिक बच्चे एमबीबीएस कर चुके हैं, जिनमें से 30 से ज्यादा वर्तमान में विभिन्न अस्पतालों में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। डॉ. अकलीम की जीत इस सफलता की कड़ी में एक नया अध्याय है।वहीं, कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालेश्वर सिंह ने कहा कि डॉ. अकलीम की टीम ने केवल सुल्तानपुर या जनपद हरिद्वार का ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तराखंड और भारत देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। अगला लक्ष्य अप्रैल में मलेशिया फतह करना–स्वर्ण पदक विजेता डॉ. अकलीम ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार और ग्रामीणों की दुआओं को दिया। भावुक होते हुए उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत का मंत्रः अगर किसी को भी जीवन में मुकाम हासिल करना है, तो उसे शिक्षा और खेल दोनों में कड़ी मेहनत करनी होगी। आगामी चुनौतीः आने वाले अप्रैल माह में मुझे मलेशिया में खेलने जाना है। मुझे पूरी उम्मीद है कि आप सभी की दुआओं से वहां भी तिरंगा लहराऊंगा।ष्इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति और भारी संख्या में युवा उपस्थित रहे, जिन्होंने डॉ. अकलीम को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।



❖विधायक शहजाद व नगर पंचायत अध्यक्ष ताहिर ने किया इस्तकबाल

# 260 किलो गोमांस के साथ एक गिफ्तार तीन फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** थाना भगवानपुर पुलिस और गौवंश स्क्वाड की संयुक्त टीम ने अवैध गौकशी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 260.74 किलोग्राम गोमांस और गौकशी के उपकरणों के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि उसके तीन साथी मौके से फरार हो गए।

प्राप्त जानकारी के पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम खेड़ी शिकोहपुर के आम के बाग में गौकशी की जा रही है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना भगवानपुर पुलिस एवं गौवंश स्क्वाड की संयुक्त टीम ने मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखते ही चार संदिग्ध भागने लगे। टीम ने पीछा कर एक आरोपी अहसान पुत्र अजीज उर्फ बुच्चा निवासी ग्राम खेड़ी शिकोहपुर, को धर दबोचा, जबकि तीन अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। मौके से पुलिस टीम ने 260.74 किलोग्राम गोमांस, गौवंशीय खुर तथा गौकशी में प्रयुक्त दो छुरियां, दो कुल्हाड़ियां, एक तराजू मय पलड़ा और लगभग एक किलो प्लास्टिक की पन्नी बरामद की। उत्तराखण्ड गौवंश संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है, जबकि फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है। कार्रवाई में उ0नि0 विनय मोहन द्विवेदी व उनकी टीम तथा उ0नि0 शरद सिंह (प्रभारी गौवंश स्क्वाड) व उनकी टीम की मुख्य भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनपद में गौकशी जैसे अपराधों के विरुद्ध अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा।

# चोरी की मोटर सहित दबोचा शातिर चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** अपराध चाहे छोटा हो या बड़ा, पीड़ित को न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिकता है। इसी क्रम में कोतवाली मंगलौर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक शातिर चोर को चोरी की पानी की मोटर सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली मंगलौर क्षेत्र के अंतर्गत मंगलौर आजाद, ग्राम अकबरपुर ढाढेकी निवासी एक व्यक्ति द्वारा अपने प्लास्टिक गोदाम से पानी की मोटर चोरी किए जाने के संबंध में आरोपी सुशील कुमार आदि के विरुद्ध चोरी की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मंगलौर ने तत्काल पुलिस टीम गठित कर आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए। पुलिस टीम ने सक्रियता और तत्परता दिखाते हुए दिनांक 18 फरवरी 2026 को आरोपी को हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से चोरी की गई पानी की मोटर बरामद कर ली गई। पूछताछ में प्रकाश में आया कि आरोपी नशे का आदी है और अपने नशे की पूर्ति के लिए छोटी–मोटी चोरियों की घटनाओं को अंजाम देता रहा है। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई है। पुलिस टीमः उपनिरीक्षक वीरपाल सिंह, कांस्टेबल केडी राणा व कांस्टेबल आमिर ने संयुक्त रूप से सराहनीय भूमिका निभाई।

# रहमतों व बरकतों का महीना है रमजान

## इबादत व रौनक से गुलजार हुई मस्जिदें व कलियर के बाजार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीरान कलियर।** रहमत, मगफिरत और नेमतों का पवित्र महीना रमजान शुरू होते ही हर ओर रूहानी माहौल नजर आने लगा है। दरगाह नगरी पिरान कलियर में इन दिनों बाजारों की रौनक देखते ही बन रही है। शाम ढलते ही गलियां जगमगा उठती हैं, दुकानों पर रंग–बिरंगी सजावट और इत्र की खुशबू माहौल को खास बना रही है। खजूर, सेवई, मेवे, फलों और इफ्तार की खास तैयारियों से बाजार आबाद हैं।

रोजेदार सहरी और इफ्तार के लिए जरूरी सामान की खरीदारी में जुटे हैं। दुकानदारों के चेहरों पर भी खुशी साफ झलक रही है, क्योंकि रमजान न सिर्फ इबादत का महीना है बल्कि आपसी भाईचारे और मोहब्बत का भी संदेश देता है। मुसलमानों के लिए रमजान बेहद अहम माना जाता है, क्योंकि इसी मुबारक महीने में पवित्र ग्रंथ कुरान ए पाक नाजिल हुआ था। यही वह महीना है जब हजरत पैगंबर मुहम्मद को अल्लाह की ओर से पहली वह्य (प्रकाशना) प्राप्त हुई थी। कुरान ए पाक अल्लाह का वह पवित्र कलाम है जिसमें इंसानियत के लिए मार्गदर्शन, नेक राह की सीख और जीवन जीने के उसूल बताए गए हैं। रमजान में रोजा रखकर और कुरान की तिलावत कर मुसलमान अल्लाह की इबादत में लीन रहते हैं और अपनी रूह को पाक करने की कोशिश करते हैं। रमजान की रातें तरावीह की नमाज से खास बन जाती हैं। हर रात मस्जिदों में तरावीह अदा की जाती है, जिसमें आमतौर पर 20 रकात नमाज पढ़ी जाती है और कुरान ए पाक की तिलावत की जाती है। इमाम साहब की आवाज में कुरान की आयतें गूंजती हैं और नमाजी पूरे ध्यान से उसे सुनते हैं। मस्जिदों में उमड़ती भीड़ इस बात का सबूत है कि रमजान केवल रोजा रखने का नाम नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, सब्र, त्याग और इबादत का महीना है। कई लोग घरों में भी तरावीह का एहतमाम कर रहे हैं। रमजान हमें भूख और प्यास का एहसास कराकर गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करने की सीख देता है। जकात और सदका देकर लोग जरूरतमंदों की सहायता करते हैं। इफ्तार के वक्त मस्जिदों और घरों में साझा दावतें आपसी प्रेम और एकता का संदेश देती हैं। रौनक से सजे बाजार, इबादत में डूबे रोजेदार और हर चेहरे पर सुकूनख्वयह नजारा बता रहा है कि रमजान का महीना सच में रहमतों और बरकतों का महीना है। यह सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि आत्मा को सुकून देने और समाज में प्रेम बढ़ाने का पावन अवसर है।

# बीमारी से परेशान युवक ने खुद को गोलीकर दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** कोतवाली क्षेत्र की आकाशदीप कॉलोनी में गुरुवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां राजेश प्रजापति नामक युवक ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई, वहीं परिजनों में कोहराम मच गया।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतक राजेश प्रजापति लंबे समय से किडनी की बीमारी से परेशान चल रहा था, जिससे वह मानसिक रूप से काफी तनाव में बताया जा रहा है।मंगलौर कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि मामले मेंआवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस हर पहलू से घटना की जांच कर रही है।घटना के बाद परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है, वहीं स्थानीय लोगों में भी शोक की लहर है।

# पुलिस ने वाहन चोर पकड़ा, तीन बाइक बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** झबरेड़ा में अपराध पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे सघन चेकिंग एवं सत्यापन अभियान ने एक बार फिर सकारात्मक परिणाम दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह के निर्देशन में पूरे जिले में चल रहे अभियान के तहत थाना झबरेड़ा पुलिस ने वाहन चोरी के एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तीन चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।

एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने बताया कि झबरेड़ा पुलिस चेकिंग अभियान के दौरान झबरेड़ा पुलिस ने मानकपुर गांव जाने वाली सड़क पर एक संदिग्ध बाइक सवार को रोका। पुलिस टीम द्वारा वाहन के कागजात मांगे जाने पर युवक घबरा गया और संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। सख्ती से पूछताछ करने पर खुलासा हुआ कि वह मोटरसाइकिल चोरी की है और झबरेड़ा क्षेत्र से ही चुराई गई थी। पुलिस ने आरोपी की पहचान दीपक पुत्र ललित उर्फ मन्नू, निवासी खेड़ा मूगल थाना देवबंद जिला सहारनपुर (उ.प्र.), हाल निवासी लाठरदेवा हूण थाना झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार के रूप में की। पूछताछ में आरोपी की निशानदेही पर दो अन्य चोरी की मोटरसाइकिलें भी बरामद की गईं। बरामद तीनों स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिलें विभिन्न मुकदमों में दर्ज चोरी की घटनाओं से संबंधित पाई गईं,जिलेभर में चलाए जा रहे इस अभियान की स्वयं एसएसपी नवनीत सिंह मॉनिटरिंग कर रहे हैं, जिसके चलते आपराधिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस का कहना है कि आमजन की सुरक्षा और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। इस सफल कार्रवाई में थाना झबरेड़ा के थानाध्यक्ष अजय शाह के नेतृत्व में उ0नि0 रविन्द्र सिंह, उ0नि0 जय सिंह राणा, हे0का0 रामवीर, हे0का0 हरेन्द्र कुमार एवं का0 रामवीर, हेड कांस्टेबल हरेंद्र कुमार एवं कांस्टेबल रणवीर शामिल है।





# राकउमावि लंढौरा के उच्चीकरण का रास्ता हुआ साफ

**खानपुर।** पीएमश्री राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय लंढौरा के उच्चीकरण के लिए खानपुर विधायक उमेश कुमार ने शिक्षा विभाग को प्रस्ताव भेजा है। इधर, नगर पंचायत ने भी अनापत्ति प्रमाण पत्र दे दिया है। विधायक उमेश कुमार के इस प्रस्ताव को सीईओ आशुतोष भंडारी ने माध्यमिक शिक्षा निदेशक को भेज दिया है। अब विभाग से उच्चीकरण से संबंधित इस प्रस्ताव को हरी झंडी मिलने की उम्मीद है। विधायक उमेश कुमार ने कहा कि लंढौरा नगर पंचायत क्षेत्र में पांच कार्यों की मंजूरी का प्रयास किया जा रहा है। इसमें चौकी से थाना बनाने का प्रस्ताव मंजूर हो गया है।

# विजिलेंस टीम ने पकड़ी बिजली चोरी

**खानपुर।** ऊर्जा निगम की विजिलेंस टीम ने खानपुर क्षेत्र के चार गांवों में छापेमारी कर बिजली चोरी के मामले पकड़ लिए। ऊर्जा निगम की ओर से सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। देहरादून से आई विजिलेंस टीम ने खानपुर क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव में छापा मारा। यहां पर टीम ने सोमपाल, मैनपाल, काला सिंह, ललित कुमार, सोमपाल व मांगेराम के घर पर बिजली चोरी पकड़ ली। इसके अलावा टीम ने भारूवाला गांव में अरविंद कुमार, सेतपाल व सुरेंद्र के घर पर बिजली चोरी पकड़ी ली।

# विद्यार्थियों ने मॉडल के जरिए दिखाई भविष्य की राह

**रुड़की।** चौधरी भरत सिंह डीएवी इंटर कॉलेज में बुधवार को करियर शाला में छात्र–छात्राओं ने विभिन्न क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए। इसके साथ ही विशेषज्ञों से भविष्य की चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चौधरी भरत सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर एजुकेशन कोर्सेज के प्राचार्य संदीप कुमार चौहान और प्रधानाचार्य ओम सिंह सैनी ने दीप जलाकर किया। संदीप कुमार ने विद्यार्थियोंके मॉडलों का अवलोकन कर उनकी रचनात्मकता की सराहना की।

# व्यापारियों ने यूजर चार्ज व टैक्स बढ़ोतरी पर जताया आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल उत्तराखंड रुड़की इकाई ने नगर निगम की नीतियों को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। संगठन का आरोप है कि नगर निगम रुड़की पिछले कुछ समय से शहर के निवासियों और व्यापारियों के खिलाफ दमनात्मक एवं दंडात्मक कार्रवाई कर रहा है तथा विशेष रूप से व्यापारियों को निशाना बनाया जा रहा है।

सिविल लाइंस स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित मंडल की बड़ी बैठक में यूजर चार्ज, भवन कर में 5 प्रतिशत वृद्धि और प्रस्तावित व्यावसायिक कर का जोरदार विरोध किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि नगर निगम न तो सड़कों के गड्ढे भर पा रहा है, न सफाई व्यवस्था में सुधार दिख रहा है और न ही निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में कोई खास परिवर्तन नजर आ रहा है। ऐसे में टैक्स बढ़ोतरी पूरी तरह अनुचित है। व्यापार मंडल के अनुसार, पहले आश्वासन दिया गया था कि आगामी चार वर्षों तक टैक्स में कोई बढ़ोतरी नहीं की जाएगी, लेकिन इसके बावजूद 5 प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई। साथ ही कूड़ा उठान के नाम पर छोटे व्यापारियों से ₹200 प्रतिमाह, अन्य व्यापारियों से ₹500 प्रतिमाह तथा प्रत्येक घर से ₹100 प्रतिमाह यूजर चार्ज वसूलने की तैयारी की जा रही है। यह कार्य एक निजी कंपनी को सौंपे जाने पर भी आपत्ति जताई गई। पदाधिकारियों का कहना है कि यूजर चार्ज को लेकर विवाद और टकराव की स्थिति पैदा हो सकती है।बैठक में यह भी प्रश्न उठाया गया कि जब भवन कर पहले से लिया जा रहा है तो अलग से यूजर चार्ज लगाने की क्या आवश्यकता है। व्यापारियों ने कहा कि भवन कर में ही सभी मूलभूत सेवाओं का खर्च शामिल होना चाहिए। शहर में अतिक्रमण की समस्या पर भी चिंता जताई गई। व्यापार मंडल का कहना है कि सड़कों पर अतिक्रमण के कारण आमजन को आवागमन में कठिनाई हो रही है, लेकिन इस ओर नगर निगम का ध्यान नहीं है। वहीं प्रत्येक व्यवसाय के अनुसार अलग–अलग व्यावसायिक कर लगाने की तैयारी को भी व्यापारियों ने 'भारी आर्थिक बोझ' बताया। बैठक में निर्णय लिया गया कि यूजर चार्ज, भवन कर वृद्धि और प्रस्तावित व्यावसायिक कर के विरोध में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, माननीय मेयर, मुख्य नगर आयुक्त, जिला अधिकारी तथा मुख्यमंत्री के शहरी विकास सचिव को ज्ञापन सौंपा जाएगा। मांगें पूरी न होने तक अहिंसात्मक जनआंदोलन चलाने की चेतावनी भी दी गई।बैठक में प्रदेश महामंत्री नवीन गुलाटी, संयोजक रामगोपाल कंसल, महानगर अध्यक्ष धीर सिंह, महानगर महामंत्री दीपक अरोड़ा व कविस मित्तल, सिविल लाइंस अध्यक्ष विशाल वर्मा, संदीप शर्मा (ड्रग एसोसिएशन), सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।महानगर अध्यक्ष धीर सिंह ने कहा कि व्यापारियों पर "भारी–भरकम टैक्स" थोपना न्यायोचित नहीं है और संगठन अपनी मांगें मनवाने के लिए हर लोकतांत्रिक कदम उठाएंग।



# चांद का दीदार होते ही शुरू हुआ माहे रमजान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** बुधवार की शाम चांद का दीदार होते ही बरकतों का पाक महीना शुरू हो गया। गुरुवार को इस पाक महीने की शुरुआत होते ही रमजान माह के पहले दिन कस्बा व क्षेत्र में मस्जिदों में मुस्लिम भाइयों द्वारा नमाज अदा की गई। कस्बे के मुख्य बाजार के पास स्थित मदरसा में रमजान माह के शुरू होने पर रमजान के पहले दिन मौलवी कारी इस्तकार द्वारा नमाज अदा कराई गई। मौलवी ने बताया कि मुस्लिम समाज को 11 महीने इस पाक महीने का बेसब्री से इंतजार रहता है। रमजान माह अल्लाह की इबादत का महीना है ।यह महीना अल्लाह की ओर से मुस्लिम समाज के लिए अनमोल तोहफा होता है। यह महीना हमें सीख देता है कि नेकी पर चले तथा गरीब व भूखे लोगों की मदद करें। उन्होंने बताया कि तड़के शहरी में उठकर अजान से पहले कुछ खाना खा सकते हैं उसके बाद रोजे की नियत करें। पूरे दिन अल्लाह को याद रखें। शाम को शाम की अजान होने पर ही रोजा इफ्तार करें। उसके बाद मगरिब की नमाज अदा करें। रमजान के इस पाक महीने में इस बार 5 जुमा की नमाज अदा की जाएगी। पहला जुमा 20 फरवरी को होगा। रमजान माह के पहले दिन मस्जिदों में काफी संख्या में मुस्लिम भाइयों द्वारा नमाज अदा की गई।

## भगवानपुर पुलिस ने अलसुबह चलाया सत्यापन अभियान

# 14 मकान मालिकों के काटे चालान, वसूला जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** कोतवाली भगवानपुर पुलिस द्वारा दिन निकलते ही सत्यापन अभियान चलाया जिस मकान मालिकों में खलबली मच गई , इस दौरान सत्यापन न करने वाले 14 मालिकों का 83 पुलिस अधिनयम के अन्तर्गत 140,000 रुपये (एक लाख चालीस हजार रुपये) से दण्डित किया व 08 व्यक्तियों का धारा 81 पुलिस एक्ट में चालान किया गया। कुल 132 का सत्यापन किया गया ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय हरिद्वार द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन की कार्रवाई तेज किए जाने के निर्देश दिए गए थे महोदय के निर्देश के क्रम में श्रीमान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय व क्षेत्राधिकारी मंगलौर महोदय के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भगवानपुर के कुशल नेतृव मे आज दिनांक 19.02.2026 को प्रातः काल मे चौकी मण्डावर क्षेत्र में सत्यापन की प्रभावी कार्रवाई करते हुए , घरेलू किरायेदार घरेलू नौकर फड फेरी व अन्य संस्थानो पर कार्यकर रहे मजदूरो के सत्यापन की कार्रवाई की गई जिसके फल स्वरुप जिन 14 मालिको द्वारा अपने किरायेदारों का सत्यापन नहीं कराया गया था उनका '83 पुलिस अधिनियम में 14 चालान पर ₹ 140,000 रुपये (एक लाख चालीस हजार रुपये) तथा 08 व्यक्तियों का धारा 81 पुलिस एक्ट में चालान किया गया।। इस कार्रवाई के दौरान 132 व्यक्तियों के सत्यापन किया गये। सत्यापन की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।



# 14.81 ग्राम स्मैक के साथ एक नशा तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** जनपद हरिद्वार में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली गंगनहर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 14.81 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई माननीय मुख्यमंत्री के "ड्रग्स फ्री देवभूमि 2025" अभियान के अंतर्गत की गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं पुलिस उपाधीक्षक रुड़की के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंगनहर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 18 फरवरी 2026 को गश्त के दौरान रेलवे स्टेशन के बाहर तेलीवाला रोड स्थित पार्किंग क्षेत्र से आरोपी को दबोचा गया कड़ी पूछताछ के बाद आरोपी ने अपना नामकदीम (30 वर्ष), पुत्र स्व. प्रवेज, निवासी ग्राम पाड़ली गुर्जर, थाना कोतवाली गंगनहर, जनपद हरिद्वार बताया पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 14.81 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है। इस संबंध में कोतवाली गंगनहर में मु0अ0सं0 075/2026, धारा 8/21/60 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस टीमउप निरीक्षक पंकज कुमार, हेड कांस्टेबल अरविन्द,हेड कांस्टेबल इसरार, हेड कांस्टेबल ज्ञानचन्द्र शामिल रहे।



Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# समिट में बदइंतजामी

दिल्ली में होने वाली एआई समिट में जिस तरह की बदइंतजामी देखने में आई, उसकी कल्पना शायद ही किसी भारतीय ने की हो। 16 से 20 फरवरी तक भारत मंडप और सुषमा स्वराज भवन में होने वाले इंडिया एआई इंपेक्ट समिट 2026 जहां एआई तकनीक को लेकर चर्चाओं के लिए जाना जाता है, वहां यह अपनी बदइंतजामी के लिए याद किया जाएगा। कांग्रेस ने तो हमला भी बोल दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने साफ किया कि पीएम मोदी की प्रचार पाने की भूख इस एआई समिट पर अपने निशान छोड़ गई है और देश-विदेश में जग हंसाई का कारण बनी। देशी मीडिया में भी इस समिट की चर्चा कई वजहों से हो रही है। सम्मेलन के पहले ही दिन बदइंतजाम की खबरें मीडिया में चलने लगी। कितनी अजीब बात है कि वहां इंटरनेट नेटवर्क ही उपलब्ध नहीं था। एआई में सबसे बड़ी चीज यही थी। यही सम्मेलन की कमी बन गई। कहा तो यह भी जा रहा है कि पीएम मोदी की सम्मेलन में मौजूदगी ने भी वहां की व्यवस्था बिगाड़ने में भूमिका निभाई। पीएम मोदी वहां उद्घाटन करने पहुंचे थे। इस दौरान हॉल खाली कराया गया, जिसमें एक स्टॉल से सामान चोरी होने का मामला भी सामने आया। उस समय तो हद ही हो गई, जब गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने चीन का एक रोबोट खरीदकर उसको अपना निर्माण बता दिया। जब चीन ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी और उसके दावे को गलत बताया, तब विवादों का बवंडर उठ गया और देश में शर्मिन्दगी का सबब बन गया। हालांकि बाद में यूनिवर्सिटी मुकर गई और कहा कि उसने कभी इस तरह का दावा नहीं किया। दुनिया की सबसे उन्नत तकनीक पर होने वाले सम्मेलन में भगदड़ और वहां बोला गया झूठ तकनीकी विकास के दावे आदि जितनी भी शर्मनाक लगे, लेकिन यह हमारे देश की ठोस सच्चाई है। जाहिर है, सम्मेलन में जिस तरह की अफरातफरी मची, उसने भारत की छवि को तो धक्का लगाया ही, साथ ही इससे यह संदेश भी गया कि हम अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन नहीं करा सकते। एआई समिट के लिए सरकार ने अपनी तरफ से इसको सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी और जमकर प्रचार किया जा रहा है। जोकि स्वाभाविक भी है, क्योंकि इस तरह के सम्मेलन वैश्विक स्तर पर भी किसी देश का मान बढ़ाने वाले होते हैं और मेजबान देश को यह अवसर प्रदान करते हैं कि वह बड़े सम्मेलन कराने में पूरी तरह सक्षम हैं। जाहिर है इस तरह के सम्मेलनों पर पूरे विश्व की नजर होती है। इस लिहाज से अगर देखें, तो यह समिट भारत के लिए कोई विशेष उपलब्धि लेकर नहीं आया, बल्कि इसके उलट हंसी का कारण बनता दिखाई दे रहा है। पीएम मोदी पर यह आरोप विपक्ष बार-बार लगाता रहा है कि वह अपने आपको प्रचार के केंद्र में रखने का कोई मौका नहीं गंवाते। विपक्ष के ये आरोप पूरी तरह गलत भी नहीं कहे जा सकते।

## गोवंश की स्थिति पर योगी मौन



गाय को राज्य माता घोषित करने और गो-मांस निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध की उनकी मुख्य मांगों पर 20 दिन बीत जाने के बाद भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी है, इन मांगों को लेकर दिया गया 40 दिनों का अल्टीमेटम आधा बीत चुका है, लेकिन सरकार की ओर से ठोस पहल दिखाई नहीं दी, गोवंश की स्थिति पर सरकार की ओर से अपेक्षित संवेदनशीलता नहीं दिखाई गई है, मुख्यमंत्री की गोरक्षा के मुद्दे पर चुप्पी और अन्य विषयों पर मुखरता को लेकर संत समाज में सवाल उठ रहे हैं, 40 दिनों की समय सीमा के 21वें दिन से आंदोलन एक नए चरण में प्रवेश कर चुका है, एक मार्च को लखनऊ कूच के संबंध में विस्तृत कार्यक्रम सार्वजनिक किया जाएगा।

**-अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, शंकराचार्य, ज्योतिर्मठ**

# कोई पीछे न छूटे: असमानताओं के दौर में सामाजिक न्याय की पुकार





**योगेश कुमार गोयल**

प्रतिवर्ष 20 फरवरी को सामाजिक न्याय का विश्व दिवस मनाया जाता है ताकि समाजों में समानता, समावेशन और न्याय की तत्काल आवश्यकता की ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित किया जा सके। यह दिवस केवल एक औपचारिक अंतर्राष्ट्रीय आयोजन नहीं है बल्कि मानव सभ्यता की उस मूल चेतना का स्मरण है, जिसके बिना न तो शांति संभव है और न ही टिकाऊ विकास। सामाजिक न्याय का विचार इस विश्वास पर आधारित है कि किसी भी समाज की प्रगति का वास्तविक मूल्यांकन उसकी आर्थिक वृद्धि से नहीं बल्कि इस बात से किया जाना चाहिए कि वह अपने सबसे कमजोर, वंचित और हाशिए पर खड़े नागरिकों को कितना सुरक्षित, सम्मानजनक और समान अवसरों से युक्त जीवन प्रदान करता है।

इस दिवस की स्थापना संयुक्त राष्ट्र द्वारा की गई थी ताकि गरीबी, बेरोजगारी, सामाजिक बहिष्कार, असमानता और भेदभाव जैसी जटिल समस्याओं के समाधान के लिए वैश्विक स्तर पर साझा प्रतिबद्धता को मजबूती दी जा सके। संयुक्त राष्ट्र का यह स्पष्ट मानना रहा है कि जब तक समाज में सामाजिक और आर्थिक न्याय स्थापित नहीं होता, तब तक लोकतंत्र, मानवाधिकार और विकास अधूरे ही रहेंगे। इसी दृष्टि से सामाजिक न्याय का विश्व दिवस एक चेतावनी भी है और एक अवसर भी। चेतावनी इसलिए कि बढ़ती असमानताएं समाज को भीतर से खोखला कर रही हैं और अवसर इसलिए कि समय रहते ठोस नीतियों व सामूहिक प्रयासों से इस प्रवृत्ति को बदला जा सकता है।

वर्ष 2026 का सामाजिक न्याय का विश्व दिवस विशेष महत्व रखता है क्योंकि आज की दुनिया एक ऐसे संक्रमणकाल से गुजर रही है, जहां वैश्वीकरण, तकनीकी प्रगति, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जलवायु परिवर्तन और भू-राजनीतिक तनावों ने आर्थिक व सामाजिक संरचनाओं को तेजी से बदल दिया है। इन परिवर्तनों का लाभ जहां कुछ वर्गों को मिला है, वहीं बड़ी आबादी, विशेषकर गरीब, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक, महिलाएं, प्रवासी, दिव्यांगजन और अल्पसंख्यक समुदाय और अधिक असुरक्षित होते जा रहे है। ऐसे में सामाजिक न्याय का प्रश्न केवल नैतिक आदर्श नहीं बल्कि नीतिगत प्राथमिकता बन चुका है।

सामाजिक न्याय के विश्व दिवस 2026 का विषय समावेश को सशक्त बनाना सामाजिक न्याय के लिए अंतर को पाटना इसी यथार्थ को प्रतिबिंबित करता है। यह विषय इस बात पर जोर देता है कि असमानताओं को कम करने के लिए केवल आर्थिक विकास पर्याप्त नहीं है बल्कि यह आवश्यक है कि विकास की प्रक्रिया में हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित हो। समावेशन का अर्थ केवल योजनाओं का लाभ देना नहीं बल्कि निर्णय-निर्माण की प्रक्रिया में हाशिए पर खड़े समुदायों की आवाज को स्थान देना है। जब तक नीतियां केवल केंद्रों में बैठकर बनाई जाएंगी और उनका प्रभाव जमीनी स्तर तक नहीं पहुंचेगा, तब तक सामाजिक न्याय एक अधूरा सपना ही बना रहेगा।

सामाजिक न्याय की अवधारणा मूल रूप से अवसरों, संसाधनों और अधिकारों के निष्पक्ष वितरण से जुड़ी हुई है। इसका अर्थ यह नहीं कि सभी को समान परिणाम मिलें बल्कि यह है कि सभी को समान अवसर प्राप्त हों। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आवास और कानूनी सुरक्षा तक समान पहुंच सामाजिक न्याय की बुनियाद है। जब किसी व्यक्ति का भविष्य उसकी जाति, लिंग, धर्म, जन्मस्थान या आर्थिक स्थिति से निर्धारित होने लगे, तब यह स्पष्ट हो जाता है कि समाज में न्याय का संतुलन बिगड़ चुका है। आज के वैश्विक परिदृश्य में असमानताओं की खाई लगातार चौड़ी हो रही है। एक ओर अत्यधिक संपन्न वर्ग है, जिसके पास संसाधनों और अवसरों की भरमार है, वहीं दूसरी ओर करोड़ों लोग ऐसे हैं, जो बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बेरोजगारी, असुरक्षित रोजगार और कम वेतन ने विशेष रूप से युवाओं के सामने गंभीर चुनौतियां खड़ी कर दी हैं।

इसी संदर्भ में 'सम्मानजनक कार्य' की अवधारणा सामने आती है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 'अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन' द्वारा लगातार बढ़ावा दिया गया है। सम्मानजनक कार्य का अर्थ केवल नौकरी होना नहीं बल्कि ऐसी नौकरी होना है, जो सुरक्षित हो, उचित वेतन दे और मानवीय गरिमा को बनाए रखे। सामाजिक न्याय का विश्व दिवस यह भी रेखांकित करता है कि सामाजिक सुरक्षा तंत्र किसी भी समाज की रीढ़ होते हैं। आर्थिक संकट, महामारी या प्राकृतिक आपदा के समय वही समाज अधिक टिकाऊ सिद्ध होते हैं, जिनके पास मजबूत सामाजिक सुरक्षा प्रणालियां होती हैं। पेंशन, स्वास्थ्य बीमा, बेरोजगारी सहायता और खाद्य सुरक्षा जैसी व्यवस्थाएं केवल कल्याणकारी योजनाएं नहीं बल्कि सामाजिक स्थिरता के आवश्यक उपकरण हैं। 2026 के संदर्भ में, जब दुनिया जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न जोखिमों से भी जूझ रही है, सामाजिक सुरक्षा का महत्व और भी बढ़ जाता है। भारत के संदर्भ में सामाजिक न्याय का विचार केवल अंतर्राष्ट्रीय दायित्व नहीं बल्कि संवैधानिक मूल्य भी है। भारतीय संविधान की प्रस्तावना सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की गारंटी देती है और यह स्पष्ट करती है कि स्वतंत्रता का वास्तविक अर्थ तभी है, जब वह समानता और बंधुत्व के साथ जुड़ी हो। मौलिक अधिकार नागरिकों को भेदभाव और शोषण से सुरक्षा प्रदान करते हैं जबकि राज्य नीति के निदेशक सिद्धांत सरकार को असमानताओं को कम करने और कल्याणकारी राज्य की दिशा में कार्य करने का मार्गदर्शन देते हैं। स्वतंत्रता के बाद से भारत ने सामाजिक न्याय की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, चाहे वह आरक्षण नीति हो, सामाजिक कल्याण योजनाएं हों, शिक्षा और स्वास्थ्य में सार्वजनिक निवेश हो या हाल के वर्षों में कौशल विकास और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम। इन पहलों से करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है लेकिन यह भी सत्य है कि चुनौतियां अभी समाप्त नहीं हुई हैं। क्षेत्रीय असमानताएं, शहरी-ग्रामीण विभाजन, डिजिटल डिवाइड और लैंगिक असमानता आज भी गंभीर प्रश्न बने हुए हैं। सामाजिक न्याय का विश्व दिवस हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि क्या हम वास्तव में 'सबका साथ, सबका विकास' के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं? क्या हमारी विकास नीतियां अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंच पा रही हैं? क्या शिक्षा प्रणाली सभी बच्चों को समान अवसर दे रही है? क्या रोजगार के अवसर केवल कुछ शहरों और क्षेत्रों तक सीमित हैं या पूरे देश में संतुलित रूप से फैल रहे हैं? यह प्रश्न केवल सरकारों के लिए नहीं बल्कि समाज के हर वर्ग के लिए आत्ममंथन का विषय हैं। इस दिवस का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करना भी है। वैश्विक समस्याओं का समाधान किसी एक देश के प्रयासों से संभव नहीं है। गरीबी, प्रवासन, जलवायु परिवर्तन और श्रम असुरक्षा जैसी चुनौतियां सीमाओं से परे हैं। ऐसे में देशों के बीच नीति-साझाकरण, संसाधनों का सहयोग और अनुभवों का आदान-प्रदान सामाजिक न्याय को आगे बढ़ाने में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। सामाजिक न्याय का विश्व दिवस 2026 इस सत्य को दोहराता है कि सच्ची प्रगति तभी संभव है, जब कोई भी पीछे न छूटे। 'समावेश को सशक्त बनानारू सामाजिक न्याय के लिए अंतर को पाटना' केवल एक नारा नहीं बल्कि सरकारों, संस्थानों, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज के लिए एक नैतिक आह्वान है। सामाजिक न्याय कोई अमूर्त विचार नहीं रोजमर्रा के निर्णयों, नीतियों और व्यवहारों में प्रकट होने वाली जिम्मेदारी है। जब समाज यह स्वीकार करता है कि हर व्यक्ति समान गरिमा का अधिकारी है और जब शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य व सुरक्षा तक समान पहुंच सुनिश्चित की जाती है, तभी न्याय केवल कानून की किताबों में नहीं बल्कि लोगों के जीवन में उतरता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# तो क्या मशरूम भी करते हैं आपस में संवाद

**एक संभावना यह भी हो सकती है कि फफूंद कुछ भी न कहते हों बल्कि यह हो सकता है कि कवकजाल के सिरे विद्युत आवेशित होते हैं, इसलिए जब आवेशित सिरे इलेक्ट्रोड्स से संपर्क में आते होंगे तो विभवांतर में तीक्ष्ण वृद्धि हो जाती होगी। बहरहाल इन विद्युत संकेतों का कुछ भी मतलब हो, लेकिन ये बेतरतीब या रैंडम नहीं लगते। फिर भी इन संकेतों को भाषा के रूप में स्वीकार करने के लिए और अधिक प्रमाणों की जरूरत है।**

यहां-वहां उग रहे कुकुरमुत्तों (मशरूम) को देखकर ऐसा लगता है कि वे भी कहीं आपस में बात करते होंगे। लेकिन एक नए अध्ययन से पता चलता है कि वे बातूनी हो सकते हैं। मशरूम दरअसल एक प्रकार की फफूंद हैं। इनके द्वारा एक-दूसरे को भेजे जाने वाले विद्युत संकेतों के गणितीय विश्लेषण में ऐसे पैटर्न पहचाने गए हैं जो मानव भाषा से आश्चर्यजनक संरचनात्मक समानता दर्शाते हैं। पूर्व अध्ययनों में देखा गया था कि फफूंद अपनी लंबी, भूमिगत तंतुनुमा रचनाओं या हाइफे के माध्यम से विद्युत संकेतों का संचालन करते हैं। ठीक वैसे ही जैसे मनुष्यों में तंत्रिका कोशिकाएं सूचना प्रसारित करती हैं। यहां तक देखा गया है कि जब लकड़ी पचाने वाली फफूंद के कवकतंतु किसी लकड़ी के टुकड़े के संपर्क में आते हैं, तो इन संकेतों के प्रेषण की दर बढ़ जाती है।



इससे लगता है कि फफूंद इस विद्युत भाषा का उपयोग भोजन उपलब्ध होने या क्षति पहुंचने की जानकारी अपने अन्य हिस्सों के साथ या कवक तंतुओं के माध्यम से जुड़ी वनस्पतियों के साथ साझा करने के लिए करती हैं, लेकिन क्या ये विद्युत गतिविधियां मानव भाषा से कुछ समानता रखती हैं? यह जानने के लिए यूनिवर्सिटी ऑफ दी वेस्ट ऑफ इंग्लैंड के प्रोफेसर एंड्रयू एडमात्जकी ने फफूंद की चार प्रजातियों-एनोकी, स्प्लिट गिल, घोस्ट और कैटरपिलर फफूंद द्वारा बहुत कम समय के लिए उत्पन्न विद्युत आवेगों के पैटर्न का विश्लेषण किया।

रॉयल सोसाइटी ओपन साइंस में प्रकाशित नतीजों के अनुसार ये विद्युत आवेग अक्सर समूहों में होते हैं और ऐसा लगता है कि 50 शब्दों का ककहरा हो और इन कवक शब्दों की लंबाई मानव भाषा से काफी मेल खाती है। सड़ती-गलती लकड़ी पर पनपने वाली फफूंद स्प्लिट गिल उपरोक्त चार में से सबसे जटिल वाक्य बनाती हैं। इन विद्युत गतिविधियों का सबसे संभावित कारण फफूंद द्वारा अपने समूह को जोड़े रखना लगता है जैसे भेड़िए करते हैं। या यह भी हो सकता है कि इनकी भूमिका कवकजाल के अन्य हिस्सों को भोजन या खतरों के बारे में आगाह करने की है।


**( स्रोत फीचर्स )**

# एआई : जीवनसाथी या रचनात्मकता का शत्रु



**रजनीश कपूर**

आजकल कृत्रिम बुद्धिमत्ता हमारे जीवन का अभिन्न अंग बन चुकी है। स्मार्टफोन से लेकर स्मार्ट होम तक, हर जगह एआई की छाप दिखाई देती है। इस सप्ताह नई दिल्ली में शुरू हुए अंतर्राष्ट्रीय एआई प्रभाव शिखर सम्मेलन में विश्व के नेता और विशेषज्ञ इसी पर चर्चा कर रहे हैं। इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य एआई के वैश्विक प्रभावों को समझना और नीतियां बनाना है, लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या हम एआई को अपनाते हुए अपनी स्वतंत्रता और रचनात्मकता को खो नहीं रहे? एआई ने सुविधाएं तो दी हैं, लेकिन साथ ही हमें इतना आश्रित बना दिया है कि बिना इसके सोचना भी मुश्किल हो गया है। सोचने वाली बात यह भी है कि कैसे एआई जीवन को सरल बना रहा है, लेकिन रचनात्मकता को नष्ट कर रहा है। एआई की निर्भरता अब दैनिक जीवन का हिस्सा बन गई है। कल्पना कीजिए, सुबह उठते ही गूगल असिस्टेंट या सिरी आपको मौसम, ट्रैफिक और समाचार बता देता है। कार्यालय में ईमेल लिखने से लेकर डेटा विश्लेषण तक, चैटजीपीटी जैसे टूल्स सब कुछ तुरंत कर देते हैं। भारत में, जहां डिजिटल इंडिया अभियान ने 80 करोड़ से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता पैदा किए हैं, एआई आधारित ऐप्स जैसे उबर, जोमैटो, ब्लिंकिट आदि ने जीवन को अभूतपूर्व सरलता प्रदान की है। दिल्ली में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में अमेरिकी विशेषज्ञों ने बताया कि एआई ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में 15 ट्रिलियन डॉलर का योगदान दिया है, लेकिन यह निर्भरता खतरनाक साबित हो रही है।



एक सर्वे के अनुसार, 70 प्रतिशत युवा बिना एआई टूल्स के रिसर्च नहीं कर पाते। समस्या तब गंभीर हो जाती है जब बिजली चली जाए या इंटरनेट कनेक्टिविटी बाधित हो जाए तो लोग हतप्रभ रह जाते हैं। यह निर्भरता शिक्षा क्षेत्र में सबसे अधिक दिखाई दे रही है। छात्र अब निबंध लिखने के बजाय एआई से कॉपी-पेस्ट कर लेते हैं। कोटा के कोचिंग संस्थानों से लेकर आईआईटी तक, एआई टूल्स ने होमवर्क को आसान बना दिया, लेकिन समझ की गहराई कम कर दी। शिखर सम्मेलन के एक सत्र में यूरोपीय संघ के प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि एआई जनित सामग्री से छात्रों की आलोचनात्मक सोच 30 प्रतिशत घटी है। भारत में एनसीईआरटी ने एआई उपयोग पर दिशानिर्देश जारी किए हैं, लेकिन फिलहाल इसका अमल कमजोर है। परिणामस्वरूप, आने वाली पीढ़ी समस्या-समाधान के बजाय 'प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग' सीख रही है, यानी एआई को सही सवाल कैसे पूछें। यह निर्भरता मानसिक आलस्य को जन्म दे रही है, जहां स्वयं सोचने की क्षमता क्षीण हो रही है। एआई का सबसे घातक प्रभाव रचनात्मकता पर पड़ रहा है। पहले कलाकार, लेखक और संगीतकार अपनी कल्पना से कृतियां रचते थे। अब मिडजर्नी या डैल-ई जैसे टूल्स प्रॉम्प्ट पर चित्र बना देते हैं, वो भी सुंदरता भरे। लेकिन क्या यह रचनात्मकता है? शिखर सम्मेलन में भारतीय कलाकारों ने प्रदर्शन किया कि एआई जनित कला में आत्मा का अभाव है। यह डेटा पर आधारित नकल मात्र है। उदाहरणस्वरूप, बॉलीवुड में एआई स्क्रिप्ट राइटर आ रहे हैं, जो पुरानी फिल्मों के पैटर्न दोहराते हैं। नतीजा? नवीनता का लोप। एक अध्ययन बताता है कि एआई सहायता से बनी कहानियां 40 प्रतिशत कम मूल होती हैं। लेखन में भी यही समस्यादिखाई दी जाती है। एआई से उत्पन्न संपादकीय या कविताएं सतही लगती हैं, क्योंकि उनमें व्यक्तिगत अनुभव का पुट नहीं। रचनात्मकता नष्ट होने का एक कारण एआई की 'परफेक्शन' है। यह त्रुटिरहित उत्तर देता है, जिससे मानव प्रयास कमजोर लगने लगते हैं। कल्पना कीजिए एक चित्रकार को, वह घंटों ब्रश चलाता है, गलतियां सुधारता है और यही प्रक्रिया रचनात्मकता को परिपक्व बनाती है। परंतु एआई में यह संघर्ष नहीं होता। शिखर सम्मेलन के दौरान रिलीज हुई एक रिपोर्ट में कहा गया कि एआई ने वैश्विक पेटेंट आवेदनों में 25 प्रतिशत वृद्धि की, लेकिन अधिकांश 'इंक्रीमेंटल' हैं, यानी नई खोजें कम हैं। भारत जैसे विकासशील देश में, जहां स्टार्टअप संस्कृति फल-फूल रही है, एआई निर्भरता नवाचार को कुचल सकती है। उदाहरण के तौर पर, फिनटेक क्षेत्र में एआई एल्गोरिदम ऋण स्वीकृति करते हैं, लेकिन सृजनात्मक समाधान गायब हैं। इसके अलावा, एआई नैतिक दुविधाओं को भी जन्म दे रहा है। डीपफेक वीडियो से राजनीतिक हेरफेर भी हो रहे हैं। 2024 के अमेरिकी चुनावों में एआई ने काफी अफवाहें फैलाईं। इसे देखते हुए भारत में भी आगामी चुनावों से पहले सतर्कता बरतना सार्थक बन जाता है। शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने एआई के 'जिम्मेदार उपयोग' पर जोर दिया, लेकिन निर्भरता रोकने के उपाय कम चर्चित हुए। क्या हम एआई को मास्टर बना लेंगे? एआई की निर्भरता का एक नमूना आज हर घर में दिखाई देता है। बच्चे आजकल हर जरूरत का सामान ऑनलाइन मंगवा लेते हैं। दुकान पर जाए बिना, किसी वस्तु की गुणवत्ता व मोल-भाव का युग अब बहुत कम दिखाई देता है। मुझे याद है हमारे बचपन में हमें बाजार भेजा जाता था और किसी भी वस्तु को खरीदने के बाद सही हिसाब से बच्चे हुए पैसे वापिस लेने में जो संतोष मिलता था उसका अपना ही आनंद था। परंतु आजकल के बच्चों में यह दिखाई नहीं देता। ऐसे में इसका समाधान क्या है? सबसे पहले, शिक्षा में एआई को सहायक न मानकर चुनौती बनाएं। स्कूलों में 'एआई-मुक्त' घंटे रखें, जहां बच्चे स्वयं रचें। दूसरा, नीतियां बनाएंय जैसे यूरोप का जीडीपीआर, जो एआई पारदर्शिता सुनिश्चित करता है। भारत को शिखर सम्मेलन से प्रेरणा लेनी चाहिए और 'एआई साक्षरता' अभियान चलाना चाहिए। तीसरा, रचनाकारों को प्रोत्साहित करें, उन्हें सरकारी अनुदान दें जो एआई-रहित कला को बढ़ावा दें। व्यक्तिगत स्तर पर, हमें 'डिजिटल डिटॉक्स' को भी अपनाना होगा। एआई जीवन का हिस्सा बने रहना चाहिए, लेकिन इस पर निर्भरता और रचनात्मक विनाश को रोकना होगा। रचनात्मकता मानव का मूल गुण है, इसे बचाना हमारा कर्तव्य है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# मैक्रों का एआई को जिम्मेदार बनाने पर बल

## वैश्विक नियम-कायदे बनाने पर जोर, फ्रांस के राष्ट्रपति ने भारत के साथ सहयोग के विस्तार की इच्छा जताई



■ एआई को इंसानी तरक्की के लिए एक बदलाव लाने वाली ताकत के तौर पर लिया जाना चाहिए: मैक्रों

**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने गुरुवार को वैश्विक कृत्रिम बुद्धिमत्ता दौड़ में डिजिटल सार्वजनिक मूलभूत ढांचों पर आधारित पहचान-पत्रा, जनधन खातों , स्वास्थ्य कार्ड और यूपीआई जैसी सुलभ डिजिटल भुगतान सुविधाओं का संदर्भ देते हुए प्रौद्योगिकी को जन-जन के लिए सुलभ बनाने के क्षेत्रा में भारत की तारीफ की तथा एआई जैसी प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक नियम-कायदे बनाने पर जोर दिया।

मैक्रों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में गुरुवार को यहां भारत एआई इम्पैक्ट समिट एवं प्रदर्शनी-2026 में हिस्सा लेते हुए कहा कि एआई को नवाचार और रफ्तार के साथ साथ जिम्मेदार बनाने के लिए फ्रांस, यूरोप और भारत को मिल कर चलना चाहिए। उन्होंने पिछले साल पेरिस में आयोजित एआई सम्मेलन में एआई को विश्व समाज को मजबूत करने का माध्यम बनाने के लिए भारत और फ्रांस की साझा पहल का उल्लेख करते हुए कहा कि एक साल में ही इसका असर दिखा है। उन्होंने फ्रांस में 15 साल तक के बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने की अपनी सरकार की पहल को 'सभ्यता से जुड़ा विषय' बताया। उन्होंने एआई को नागरिकों पर केंद्रित बनाने के लिए सरकारों और कंपनियों के बीच मजबूत भागीदारी पर बल दिया। मुंबई से हो कर दिल्ली पहुंच फ्रांसिसी राष्ट्रपति ने अपने भाषण की शुरुआत मुंबई के रेहड़ी-पटरीवाले की कहानी से शुरू की जो दस साल पहले बैंक खाता नहीं खोल पा रहा था क्योंकि उसके पास कोई पहचान या औपचारिक पता नहीं था। आज उसका खाता है और वह बैंक खाते के जरिए देश भार के अपने ग्राहकों से निश्चित रूप से डिजिटल भुगतान प्राप्त करता है। इसके माध्यम से उन्होंने भारत में 1-4 अरब लोगों की डिजिटल पहचान प्रणाली खड़ी करने और उससे नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा जैसे क्षेत्राों में उत्पन्न सुविधाओं के विस्तार का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे लोगों का दैनिक जीवन बदल गया है। उन्होंने भारत को एक 'सभ्यतागत शक्ति' बताते हुए कहा कि भविष्य उन देशों का होगा जो 'नवाचार को जम्मिदारी के साथ, प्रौद्योगिकी को इंसानियत के साथ' जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने 1.4 अरब लोगों को डिजिटल अर्थव्यवस्था में जोड़कर कर वह कर दिखाया है जिसे दुनिया कभी नामुमकिन कहती थी। उन्होंने कहा कि भारत अब भुगतान की एक ऐसी बुनियादी सुविधा का संचालन करता है जो 'हर महीने 20 अरब लेन-देन' का काम संभाती है और देश में '50 करोड़ डिजिटल हेल्थ कार्ड' जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने आगे कहा कि इसे इंडिया स्टैक-ओपन इंटरऑपरेबल सॉवरेन (सार्वजनिक अवसंरचनात्क प्रणाली) कहते हैं और इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन इसी बारे में है। फ्रांसिसी राष्ट्रपति ने कहा कि एआई को इंसानी तरक्की के लिए एक बदलाव लाने वाली ताकत के तौर पर लिया जाना चाहिए। उन्होंने पिछले साल पेरिस में भारत और फ्रांस के सहयोग से आयोजित एआई एक्शन समिट का जिक्र करते हुए उस सम्मेलन को प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक नियम तय करने में एक अहम मोड़ बताया। उन्होंने कहा कि पेरिस एआई सम्मेलन में हमने उन टेक्नोलॉजी के लिए एक वैश्विक मार्गदर्शक सिद्धांत तय किया था जो हमारे समाज और हमारी अर्थव्यवस्था को बदल देंगें।

# गाजा में अपना कंट्रोल बढ़ा रहा हमास

■ पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां सड़कों पर लौट आई हैं: दियाब

**गाजा।** अक्टूबर में अमेरिका की पहल पर लागू हुए सीजफायर के बाद गाजा में हमास ने अंदरूनी मोर्चे पर अपनी पकड़ फिर मजबूत कर ली है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, गाजा के एक कार्यकर्ता मोहम्मद दियाब ने कहा कि हमास ने उन क्षेत्रों के 90 प्रतिशत से अधिक हिस्से पर फिर से नियंत्रण हासिल कर लिया है जहां वह मौजूद है। दियाब ने कहा कि पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां सड़कों पर लौट आई हैं।

वे अपराध रोकने और जिन लोगों को सहयोगी या विरोधी मानते हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का 'बोर्ड ऑफ पीस' गुरुवार को वाशिंगटन में अपनी पहली बैठक करेगा। इसमें करीब 60 देशों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में गाजा पटी के लिए ट्रम्प की शांति योजना पर रिपोर्ट पेश की जाएगी। हालांकि, टाइम्स ऑफ इजरायल के मुताबिक, पीस बोर्ड के शुरुआती दस्तावेज में गाजा का ही स्पष्ट जिक्र नहीं है। ट्रम्प ने कहा कि बोर्ड का मिशन गाजा से कहीं आगे, पूरी दुनिया में शांति लाना है। कई यूरोपीय देशों ने इसे ट्रम्प का पर्सनल प्रोजेक्ट बताया और इसमें शामिल होने से इन्कार कर दिया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 22 जनवरी को स्विट्जरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच के दौरान बोर्ड ऑफ पीस चार्टर की घोषणा करते हुए। चार्टर के अनुसार, डोनाल्ड ट्रम्प को इनागुरल चेयरमैन (प्रथम अध्यक्ष) नामित किया गया है, और यह पद लाइफटाइम उनके द्वारा चुने गए उत्तराधिकारी तक रह सकता है।

# अमेरिका से समझौता करने में ही है ईरान की भलाई: कैरोलिन

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का किसी भी देश के साथ समझौता करने के लिए पहला विकल्प कूटनीति होता, इसलिए ईरान को अमेरिका के साथ नए समझौते पर बातचीत करना चाहिए। यह बात व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने गुरुवार (भारतीय समय के अनुसार) कही। उन्होंने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ट्रम्प हमेशा बहुत स्पष्ट रहे हैं। ईरान या दुनिया के किसी भी देश के मामले में कूटनीति हमेशा उनका पहला विकल्प होता है और ईरान के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प और इस प्रशासन (अमेरिकी प्रशासन) के साथ समझौता करना बहुत समझदारी भरा कदम होगा। सुलेविट ने यह टिप्पणी ऐसे में की है, जब जब जिनेवा में अमेरिका-ईरान के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता फिर से शुरू हुई है।

# ईरान पर इसी हफ्ते हमला करेगा अमेरिका!

## रिपोर्ट में दावा: 2003 के बाद सबसे बड़ी एयर फोर्स तैनात, कई हफ्ते चलेगा मिलिट्री ऑपरेशन



■ ईरान-रूस ने ओमान और उत्तरी हिंद महासागर में संयुक्त नौसैनिक अभ्यास करने का ऐलान किया

**वाशिंगटन/तेहरान।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बहुत तेजी से बढ़ रहा है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक इस हफ्ते अमेरिका ईरान पर हमला कर सकता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से इसे अंतिम मंजूरी मिलना बाकी है। मिडिल ईस्ट में अमेरिका ने 2003 के इराक युद्ध के बाद अपनी सबसे बड़ी एयर फोर्स तैनात की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में एफ-35, एफ-22, एफ-15 और एफ-16 जैसे एडवांस्ड फाइटर जेट्स की कई स्क्वाड्रन तैनात की हैं। बड़े पैमाने पर एयर ऑपरेशन के लिए जरूरी कमांड एंड कंट्रोल एयरक्राफ्ट भी भेजे जा रहे हैं। हाल के हफ्तों में एयर डिफेंस सिस्टम भी इलाके में लगाए गए हैं अमेरिकी न्यूज एजेंसी एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक, अगर अमेरिका सैन्य कार्रवाई करता है तो यह कई हफ्तों तक चलने वाला बड़ा ऑपरेशन होगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि यह ऑपरेशन पिछले महीने वेनेजुएला में हुई सीमित कार्रवाई से कहीं बड़ा होगा और संभव है कि इसे इजरायल के साथ मिलकर अंजाम दिया जाए। इसका निशाना ईरान का परमाणु और मिसाइल ढांचा हो सकता है। इजरायल की सैन्य खुफिया एजेंसी के पूर्व अधिकारी आमोस यादलिन ने कहा कि टकराव अब पहले से कहीं ज्यादा करीब है। हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं, लेकिन एक महाशक्ति कुछ ही दिनों में युद्ध शुरू नहीं करती। कूटनीतिक रास्ता अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। यादलिन ने यह भी कहा कि कई लोग हमले के खिलाफ हैं और पेंटागन भी पूरी तरह साफ नहीं है कि वह इस कार्रवाई से क्या हासिल करना चाहता है, लेकिन राष्ट्रपति काफी दृढ़ नजर आ रहे हैं। ट्रम्प का 'सभी आप्शन खुले हैं' वाला बयान असली सैन्य तैयारी के बारे में बताता है। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम करने और टकराव टालने के लिए कूटनीतिक प्रयास तेज हो गए हैं। मंगलवार को ट्रम्प के सलाहकार जेरेड कुशनर और स्टीव विटकाफ ने जिनेवा में ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से करीब तीन घंटे तक बातचीत की। दोनों पक्षों ने कहा कि बातचीत में कुछ डेवलपमेंट हुआ है, लेकिन अमेरिकी अधिकारी अब भी कुछ बड़े मुद्दों पर सहमति बनने को लेकर डाउट में हैं। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि कुछ मामलों में बातचीत अच्छी रही, लेकिन कई मुद्दों पर राष्ट्रपति ने जो रेड लाइन तय की हैं, उन्हें ईरान मानने को तैयार नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति समझौता चाहते हैं, लेकिन यह भी संभव है कि कूटनीति अपनी अंतिम सीमा तक पहुंच चुकी हो। रिपोर्ट के मुताबिक, मध्य-पूर्व में अमेरिका की सैन्य मौजूदगी काफी बड़ी हो चुकी है। दो एयरक्राफ्ट कैरियर, करीब एक दर्जन युद्धपोत, सैकड़ों फाइटर जेट और कई एयर डिफेंस सिस्टम तैनात किए गए हैं और और भी सैन्य उपकरण भेजे जा रहे हैं। ओपन-सोर्स ट्रैकिंग के मुताबिक 150 से ज्यादा कार्गो उड़ानें हथियार और गोला-बारूद लेकर क्षेत्र में पहुंची हैं। साथ ही 50 से ज्यादा फाइटर जेट, जिनमें एफ-35, एफ-22, एफ-15 और एफ-16 शामिल हैं, मिडिल ईस्ट की ओर भेजे गए हैं। ट्रम्प के एक एक एडवाइजर ने कहा कि कुछ लोग राष्ट्रपति को ईरान से युद्ध न करने की सलाह दे रहे हैं, लेकिन उन्हें लगता है कि आने वाले कुछ हफ्तों में सैन्य कार्रवाई की संभावना 90 प्रतिशत है। इजरायल के दो अधिकारियों ने भी कहा कि देश 'कुछ ही दिनों में' युद्ध की स्थिति के लिए तैयारी कर रहा है और ऐसी कार्रवाई की वकालत कर रहा है जो ईरान की सत्ता को चुनौती दे सके। रिपोर्ट में याद दिलाया गया कि जून 2025 में ईरानी मिसाइलों से 32 लोगों की मौत हुई थी और 3000 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। लिकुड पार्टी के सांसद बोआज बिस्मुथ ने कहा कि इजरायल का कोई भी नागरिक ऐसा नहीं है जो दिन में कई बार यह न सोचता हो कि ईरान के साथ संघर्ष कब होगा।

### ईरानी अधिकारियों समेत उद्योग जगत के दिग्गजों पर लगाया वीजा प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने गुरुवार को नए वीजा प्रतिबंधों की घोषणा की, जिसमें उन ईरानी अधिकारियों और नेताओं को निशाना बनाया गया है जिन पर देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों के दौरान ईरानी लोगों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को दबाने का आरोप है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यह कार्रवाई दिसम्बर 2025 और जनवरी 2026 में व्यापक विरोध प्रदर्शनों पर ईरानी शासन की हिंसक कार्रवाई के जवाब में की गई है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि ईरानी अधिकारियों ने हजारों शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ बल प्रयोग किया और लगभग पूरे देश में इंटरनेट को बंद कर दिया। इससे स्वतंत्र रिपोर्टिंग सीमित हो गई और नागरिक बाहरी दुनिया से अलग-थलग पड़ गए। 'इमिग्रेशन एंड नेशनलिटी एक्ट' की धारा 212 के तहत लगाए गए वीजा प्रतिबंध आदेश पर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने हस्ताक्षर किए। ये उपाय ईरानी शासन के 18 अधिकारियों और दूरसंचार उद्योग के दिग्गजों के साथ-साथ उनके परिवार के करीबी सदस्यों पर लागू हैं।

# धनाढ्यों के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता एआई का भविष्य: गुटेरेस

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गुरुवार को कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर सबका अधिकार होना चाहिए और इसका भविष्य कुछ गिनती के देशों या धनाढ्यों के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता है। गुटेरेस ने यहां भारत मंडपम में इंडिया एआई समिट 2026 के चौथे दिन विभिन्न राष्ट्राध्यक्षों, प्रौद्योगिकी कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों, विशेषज्ञों, शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों और अन्य अतिथियों को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्विक दक्षिण में एआई शिखर सम्मेलन का पहली बार आयोजन विशेष महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि एआई का भविष्य कुछ गिने-चुने देशों द्वारा तय नहीं किया जा सकता, और न ही इसे कुछ अरबपतियों की इच्छाओं पर छोड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि 'एआई का लाभ सभी को मिलना चाहिए' और यदि इसे सही ढंग से किया जाए तो यह सतत विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में सहायक हो सकता है, अन्यथा यह असमानता को और बढ़ा सकता है। एक तरफ यह चिकित्सा में महत्वपूर्ण प्रगति को तेज कर सकता है, शिक्षा के अवसरों का विस्तार कर सकता है, खाद्य सुरक्षा को सुदृढ़ कर सकता है, जलवायु कार्रवाई और आपदा तैयारी को मजबूत कर सकता है ।

# इमरान की रिहाई के लिए यूथ फोर्स बनी



■ खैबर में अटक ब्रिज पर समर्थकों ने कब्जा किया पाक के आर्मी चीफ ने पांच हजार फौजी भेजे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर पाकिस्तान में हालात बेकाबू हो रहे हैं। इमरान की पार्टी पाक तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के हजारों समर्थकों ने खैबर सूबे में सामरिक और रणनीतिक रूप से अहम अटक ब्रिज पर बुधवार को कब्जा जमा लिया है।

ब्रिज के दोनों ओर इमरान समर्थकों के जमावड़े के कारण वाहन अटके हुए हैं। पीटीआई के तेवरों को देखते हुए पाक आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने इस्लामाबाद, पेशावर व रावलपिंडी कैंट से लगभग 5 हजार फौजी रवाना किए हैं। उधर, खैबर के मुख्यमंत्री सुहैल अफरीदी ने रिहाई के लिए युवाओं की इमरान रिलीज फोर्स बनाने का ऐलान किया है। इमरान के समर्थन में तहाफुज पार्टी (टीटीपी) ने भी इस्लामाबाद कूच का ऐलान किया है। इमरान समर्थकों के अटक ब्रिज पर कब्जे से खैबर सूबा से पाक से कट गया है। इससे पाकिस्तान में अफरा-तफरी मच गई है। आनन फानन में आर्मी चीफ को फौज भेजने का फैसला लेना पड़ा। पूर्व पीएम इमरान खान अगस्त, 2023 से इस्लामाबाद की अडियाला जेल में बंद हैं। अभी वे तोशाखाना भ्रष्टाचार केस में 14 साल की जेल काट रहे हैं। इमरान की पत्नी बुशरा बीबी भी अडियाला जेल में सजा काट रही है। इमरान के खिलाफ लगभग एक सौ से अधिक मामले दर्ज हैं। इसमें से लगभग एक दर्जन मामले लोअर-हाईकोर्ट में कोर्ट में चल रहे हैं। इमरान को जेल में रखने में आर्मी चीफ मुनीर की बड़ी भूमिका है। पीएम रहते हुए इमरान ने मुनीर को खुफिया एजेंसी आईएसआई चीफ के पद से हटाया था। जानकारों के अनुसार इमरान की जेल पर भले ही मुनीर का ताला हो, पर इसकी चाबी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पास है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर फ्री इमरान मूवमेंट के बाद भी ट्रम्प मुनीर पर रिहाई का दबाव डालने के मूड में नहीं हैं।



नई दिल्ली। एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान भारत मंडपम के पास इंद्रप्रस्थ रोड पर जाम में फंसे वाहन।

# ईडी ने फेमा उल्लंघन के तहत 590 करोड़ रुपये के अकाउंट व डिपॉजिट जब्त किए

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी विनिमय प्रबंधन अधिनियम (फेमा), 1999 की धारा 37ए के तहत विजो प्राइवेट लिमिटेड और उसकी सहायक कंपनियों के 590 करोड़ रुपये के बैंक खाते, फिक्स्ड डिपॉजिट, म्यूचुअल फंड और बॉड जब्त कर लिए हैं। यह कार्रवाई विदेशी मुद्रा प्रबंधन कानून (फेमा) की धारा 4 के उल्लंघन के मद्देनजर की गई है। ईडी के बेंगलुरु कार्यालय ने कहा कि विजो रियल मनी गेम्स (आरएमजी)/ऑनलाइन जुआ के कारोबार में लगी हुई है।

# रिजिजू ने निगरानी एप का शुभारंभ किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने प्रधानमंत्री विकास योजना (पीएमजेवीके) के तहत निगरानी ऐप का शुभारंभ किया जो देश भर में बुनियादी ढांचे की कमियों को दूर करने में योगदान देता है। रिजिजू ने बिहार के राजगीर स्थित नालंदा विश्वविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय 'चिंतन शिविर' में आज पीएमजेवीके योजना के तहत निगरानी ऐप का शुभारंभ किया, जो भारत भर में बुनियादी ढांचे की कमियों को दूर करने में योगदान देता है। उन्होंने अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के हज रिस्ट बैंड और एआई चैटबॉट का भी शुभारंभ किया। उन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय में चितन शिविर के आयोजन के लिए मंत्रालय की टीम की सराहना की।

# तारिक रहमान पर चुनाव में गड़बड़ी का आरोप

## विपक्ष बोला: वो इलेक्शन में हेरफेर करने वाले इंजीनियर, बीएनपी ने 20 साल बाद चुनाव जीता

■ कई लोगों ने एआई से बनी तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें तारिक रहमान को इंजीनियर का हेलमेट पहने दिखाया गया



**ढाका।** बांग्लादेश में विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री तारिक रहमान पर चुनाव में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि तारिक रहमान चुनाव नतीजों में हेरफेर करने वाले इंजीनियर हैं। विपक्ष का आरोप है कि चुनाव में 'इंजीनियरिंग' यानी हेरफेर की गई और इसी वजह से बीएनपी को 200 से ज्यादा सीटें मिलीं।

बांग्लादेश में करीब 20 साल बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने आम चुनाव में बड़ी जीत हासिल की। जमात ए इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन और उसकी सहयोगी पार्टी नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) ने आरोप लगाया है कि कई सीटों पर बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई। एनसीपी नेता नसीरुद्दीन पटवारी ने सबसे पहले फेसबुक पर तारिक रहमान को 'इंजीनियर' कहा। उनका पोस्ट लाखों लोगों तक पहुंचा और इसके बाद सोशल मीडिया पर मीम्स और मजाक की बाढ़ आ गई। कई लोगों ने एआई से बनी तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें तारिक रहमान को इंजीनियर की हेलमेट पहने दिखाया गया। कुछ लोगों ने तंज कसते हुए लिखा कि 'लंदन से इंजीनियर पास', क्योंकि तारिक रहमान 17 साल तक लंदन में निर्वासन में रहे थे। एक अन्य पोस्ट में लिखा गया कि शबिना पढ़ाई के इंजीनियर बन गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अपने हलफनामे में तारिक रहमान ने अपनी शैक्षणिक योग्यता 'हायर सेकेंडरी' यानी 12वीं तक बताई है। तारिक रहमान ने 17 फरवरी को पीएम पद की शपथ ली। बांग्लादेश में 35 साल बाद कोई पुरुष प्रधानमंत्री बना। एनसीपी नेता आसिफ महमूद ने दावा किया कि उनके पास नतीजों से छेड़छाड़ के सबूत हैं। उनका कहना था कि कुछ जगहों पर वोटों की गिनती पूरी होने से पहले ही विजेता घोषित कर दिए गए और आंकड़ों में बदलाव किया गया। जमात प्रमुख शफीकुर रहमान ने भी कहा कि वोटिंग तो ठीक हुई, लेकिन गिनती के दौरान गड़बड़ी हुई। उन्होंने 32 सीटों को लेकर चुनाव आयोग में औपचारिक शिकायत भी दर्ज कराई है। 14 फरवरी को प्रेस कान्फ्रेंस में जब तारिक रहमान से पूछा गया कि क्या उन्होंने चुनाव जीतने के लिए 'इंजीनियरिंग' की, तो उन्होंने शांत लहजे में जवाब दिया कि उनकी शइंजीनियरिंगश सिर्फ इतनी थी कि उन्होंने लोगों को अपने पक्ष में वोट देने के लिए मनाया।

# अमेरिकी होटल चेन हयात के चेयरमैन का इस्तीफा

## एपस्टीन फाइल्स: 2008 से यौन अपराधी के संपर्क में थे, अब तक 10 देशों में लोगों ने पद छोड़े



■ 2018 में एपस्टीन ने प्रित्जकर से अपनी प्रेमिका की दक्षिण-पूर्व एशिया यात्रा की व्यवस्था में मदद का अनुरोध किया था

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के साथ संबंधों का खुलासा होने के बाद दुनियाभर में इस्तीफों का दौर जारी है। ताजा इस्तीफा अमेरिकी होटल चेन हयात होटल्स के कार्यकारी अध्यक्ष अरबपति थामस प्रित्जकर का है। वे इस पद पर 1999 से थे।

अमेरिकी न्याय विभाग की फाइल से पता चला है कि 2008 से एपस्टीन और प्रित्जकर लगातार संपर्क में थे। 2018 में एपस्टीन ने प्रित्जकर से अपनी प्रेमिका की दक्षिण-पूर्व एशिया यात्रा की व्यवस्था में मदद का अनुरोध किया था। 2015 का एक अन्य ईमेल बताता है कि एपस्टीन ने दुबई में निवेश बढ़ाने के लिए डीपी वर्ल्ड के सीईओ बिन सुलेयम और प्रित्जकर को जोड़ने की कोशिश की थी। उसने सुलेयम और जेस स्टेली के बीच कारोबारी संबंध बढ़ाने की भी कोशिश की, जो उस समय जेपी मारर्गन चेस एंड कंपनी में वरिष्ठ कार्यकारी थे। थामस जे. प्रित्जकर, परिवार के 13 अरबपति होटल उत्तराधिकारियों में दूसरे सबसे धनी हैं। संपत्ति 6.2 अरब डालर है। 1999 से हयात के अध्यक्ष और 1999 से 2006 तक सीईओ रहे। जेफ्री एपस्टीन न्यूयार्क का करोड़पति फाइनेंसर था। उसकी बड़े नेताओं और सेलिब्रिटीज से दोस्ती थी। उस पर 2005 में नाबालिग लड़की के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप लगा। 2008 में उसे नाबालिग से सेक्स की मांग करने का दोषी ठहराया गया। उसे 13 महीने की जेल हुई। 2019 में जेफ्री को सेक्स ट्रैफिकिंग के आरोपों में गिरफ्तार किया गया। लेकिन मुकदमे से पहले ही उसने जेल में आत्महत्या कर ली। उसकी पार्टनर घिसलीन मैक्सवेल को 2021 में उसकी मदद करने के आरोपों में दोषी करार दिया गया। वह 20 साल की सजा काट रही है। इसकी शुरुआत 2005 में तब हुई जब फ्लोरिडा में एक 14 साल की लड़की की मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इसमें कहा गया कि एपस्टीन के आलीशान घर में उसकी बेटी को 'मसाज' के बहाने बुलाया गया था, लेकिन वहां पहुंचने के बाद उस पर सेक्स का दबाव डाला गया।

# फिल्टर बंद होते ही चीनी कंटेंट क्रिएटर की असलियत सामने आई

■ घटना के बाद उनके करीब 1.4 लाख फालोअर्स कम हो गए

**बीजिंग।** चीन की एक कंटेंट क्रिएटर का लाइव सेशन उस समय चर्चा में आ गया, जब उनके चेहरे पर लगा ब्यूटी फिल्टर अचानक बंद हो गया। कुछ सेकंड के लिए दर्शकों को उनका बिना फिल्टर वाला चेहरा दिखाई दिया। इस घटना के क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं। इसके बाद डिजिटल ब्यूटी स्टैंडर्ड और आनलाइन परफार्मेंस के दबाव को लेकर बहस तेज हो गई है।

वीडियो में दिखता है कि क्रिएटर सामान्य तरीके से लाइव सेशन होस्ट कर रही थीं। तभी अचानक फिल्टर हट गया। पहले जो चेहरा स्मूद, पोरिर्सलेन जैसा और हल्के रंग का दिख रहा था, वह प्राख्रतिक टेक्सचर और सामान्य रंगत के साथ नजर आया। फिल्टर हटते ही उनकी आंखें छोटी और जालाइन कम शार्प दिखी। चेहरा पहले दिख रहे डाल जैसे लुक की बजाय आम लोगों जैसा नजर आने लगा। हालांकि यह बदलाव कुछ सेकंड का ही था। कुछ ही क्षण बाद फिल्टर फिर से एक्टिव हो गया। आंखें फिर बड़ी दिखने लगीं, चेहरे की शेप ज्यादा शार्प हो गई और त्वचा पहले जैसी साफ और चमकदार दिखने लगी। इस दौरान क्रिएटर ने कोई घबराहट नहीं दिखाई। उन्होंने बाल ठीक किए, कैमरे की ओर मुस्कुराई और ऐसे ही लाइव जारी रखा, जैसे कुछ हुआ ही न हो। सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स एक्स और इंस्टाग्राम पर वायरल पोस्ट्स में दावा किया जा रहा है कि इस घटना के बाद उनके करीब 1.4 लाख फालोअर्स कम हो गए। यह घटना ऐसे समय में सामने आई है, जब चीन में लाइव स्ट्रीमिंग इंडस्ट्री तेजी से बढ़ रही है। कई क्रिएटर डायिन जैसे प्लेटफार्म पर घंटों तक लाइव रहते हैं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108